राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार , 30 मार्च 2025

वर्ष 06, अंक 180, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ में होंगे माँ के दिव्य दर्शन....03

राजस्व टीम पर हमला बोलने वाले छह दबोचे.....012

# भूकंप से बैंकॉक में अब तक 10 लोगों की मौत, 100 से अधिक लापता



**बैंकॉक।** म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंप के झटकों से थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भारी तबाही हुई है। इस आपदा में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है, 16 घायल हुए हैं और 101 लोग लापता हैं। थाईलैंड के आपदा रोकथाम और शमन विभाग (डीडीपीएम) के अनुसार, बैंकॉक और दो अन्य प्रांतों को आपातकालीन आपदा क्षेत्र घोषित किया गया है। अधिकारी प्रभावित इलाकों में नुकसान का आकलन कर रहे हैं। डीडीपीएम के महानिदेशक फासाकॉर्न बूण्यालक ने बताया कि भूकंप से 14 प्रांतों में नुकसान की सूचना मिली है। बता दें कि शुक्रवार दोपहर म्यांमार के मध्य भाग में आए इस भूकंप के बाद थाईलैंड के 57 प्रांतों में झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। बैंकॉक में कई दफ्तरों, रिहायशी इमारतों और कॉन्फ्रेंस सेंटरों को खाली कराकर लोग सड़कों और पार्कों में जमा हो गए। भूकंप के चलते बैंकॉक की मेट्रो और स्काईट्रेन सेवाएं बाधित हुईं, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। हालांकि, अधिकांश ट्रेन सेवाएं शनिवार सुबह तक सामान्य हो गईं। थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा ने शनिवार को भूकंप राहत कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि हालात सामान्य हो रहे हैं। झटकों की तीव्रता धीरे-धीरे कम हो रही है। वहीं, इस विनाशकारी भूकंप ने म्यांमार में भयानक तबाही मचाई है। म्यांमार की राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम के अनुसार, अब तक एक हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2,376 लोग घायल हुए हैं और 30 लापता हैं। राहत और बचाव कार्य जारी हैं, लेकिन यातायात और संचार नेटवर्क बुरी तरह प्रभावित होने के कारण राहत अभियान में कठिनाइयां आ रही हैं। भूकंप का केंद्र सगाइंग क्षेत्र में था। इसके बाद 12 आफ्टरशॉक्स (2.8 से 7.5 तीव्रता के बीच) आए, जिससे हालात और बिगड़ गए। सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में मंडालय, बागो, म्यागवे, उत्तरी शान राज्य, सगाइंग और नेप्यीदा शामिल हैं।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने जस्टिस यशवंत वर्मा के मुद्दे पर जारी हड़ताल स्थगित की





प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन (एचबीए) ने पांच दिन से जारी हड़ताल को स्थगित करने का फैसला किया है। एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक के दौरान शनिवार को यह निर्णय लिया गया। बैठक में एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी भी मौजूद थे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा कि भले ही हड़ताल स्थगित की गई है, लेकिन न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। एसोसिएशन ने यह भी फैसला किया कि वह जस्टिस यशवंत वर्मा के शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार करेगा। न्यायपालिका में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 26 और 27 अप्रैल को प्रयागराज में एक नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। इस कॉन्फ्रेंस का विषय ÷ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड ट्रांसपेरेंसी इन ज्यूडिशियल सिस्टम÷ होगा। इसमें देशभर के हाई कोर्ट बार एसोसिएशनों के अध्यक्ष, महासचिव और प्रतिष्ठित कानून विशेषज्ञ शामिल होंगे। बार एसोसिएशन ने यह भी स्पष्ट किया कि जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की जांच रिपोर्ट आने के बाद फिर से बैठक बुलाई जाएगी। इस बैठक में आगे की रणनीति तय की जाएगी कि न्यायपालिका में सुधार की दिशा में अगला कदम क्या होगा। इलाहाबाद एचबीए के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा, हमारी लड़ाई न्यायपालिका में पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए है। हड़ताल भले ही स्थगित कर दी गई हो, लेकिन आंदोलन जारी रहेगा। इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव ने कहा, हम सुप्रीम कोर्ट की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद बार एसोसिएशन अपनी अगली रणनीति तय करेगा। इससे पहले, जस्टिस यशवंत वर्मा के इलाहाबाद हाई कोर्ट में तबादले के विरोध में इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया था दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर नोटों की अधजली गड्डियां मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने उनका तबादला इलाहाबाद हाई कोर्ट करने की सिफारिश की थी। सरकार ने शुक्रवार को इस सिफारिश पर अपनी मुहर लगा दी थी।

## इफको फूलपुर मुक्तांगन परिसर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

### प्रबंध निदेशक डॉ अवस्थी का हुआ भव्य स्वागत



स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको फूलपुर मुक्तांगन परिसर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि इफको के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी का राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार पाने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने कहा कि प्रबंध निदेशक डॉ यू.एस.अवस्थी ने देश के किसानों के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया। नैनो उर्वरक का उपयोग कृषि उत्पादकता बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रबंध निदेशक अवस्थी जी को सहकारिता का अंतरराष्ट्रीय संगठन आईसीए द्वारा ÷रॉसडेल पायनियर अवॉर्ड और सहकार भारती द्वारा फर्टिलाइज़र मैन ऑफ इंडिया का खिताब मिलना हम सभी और इफको संस्था के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट जनों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। सांस्कृतिक संध्या में साधू बैण्ड के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। संध्या भजन में राम आएंगे, अचुतम केशवम राम नारायणम, 70-80 दशक के यादगार गीत कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ,इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं इफको इम्पलाइज संघ के पदाधिकारियों ने 51 किलो की माला पहनाकर प्रबंध निदेशक डॉ यू.एस.अवस्थी जी का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन रेखा मिश्रा ने किया। इस दौरान वरिष्ठ महाप्रबंधक संजय वैश्य, महाप्रबंधक क्रमशः ए.पी.राजेन्द्रन, संजय भंडारी,पी.के सिंह, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः अनीता मिश्रा, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, अरुण कुमार, एस.के.सिंह, ए.के. गुप्ता, पी.के.वर्मा, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव एवं बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी सपरिवार उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### डीजी की वीडियो कांफ्रेंसिंग में एडीजी जोन कानपुर ने तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी

**कानपुर।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईद-उल-फितर, नवरात्रि पर्व एवं चैत्र रामनवमी,



कानून व्यवस्था की स्थिति, रिक्रूटस के प्रशिक्षण की तैयारी, आवंटित अनुदान के व्यय की स्थिति आदि के सम्बन्ध में गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा उक्त के सम्बन्ध में जोन के जनपदों में की गई तैयारियों/वस्तुस्थिति से विस्तार से अवगत कराया गया।

### डाक्टरों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को वितरित किए फल

**बीकेटी।** बीकेटी स्थित राम सागर मिश्र 100 शैय्या अस्पताल में शनिवार को सीतापुर से सेवानिवृत्त हुए सीएमएस आरएएल गुप्त,



आरएसएम अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक वी के शर्मा सहित अन्य डाक्टरों की मदद से अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि शनिवार को डाक्टर की टीम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को केला और संतरा बारी बारी से वितरित किया है। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक सुमित महराज, वरिष्ठ चिकित्सक ग्रीस चन्द्र पांडे, अन्य डॉक्टर सहित स्टॉप उपस्थित रहा।

# थाना सरायइनायत टीम द्वारा तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात





**ब्यूरो प्रयागराज।** अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सरायइनायत पर पंजीकृत मु0अ0सं0-57/25 धारा-137(2)/87 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त /अभियुक्ता 1. अमित बिन्द पुत्र सुखराम उर्फ भोला बिन्द 2. किरण बिन्द पत्नी विजय बहादुर बिन्द निवासीगण ग्राम इनायतपुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-29.03.2025 को ग्राम इनायतपुर के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । मु0अ0सं0-88/25 धारा-137(2)/87/65(1) भा0न्या0सं0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जैनुल पुत्र एनुल हसन निवासी ग्राम चकसनपुर थाना हथगांव जनपद फतेहपुर को थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-29.03.2025 को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत अमरसापुर रिंग रोड स्थित अण्डर पास के पास से गिरफ्तार किया। थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 21 कि0ग्रा0 अवैध गांजा व घटना में प्रयुक्त 01 कार बरामद। पुलिसआयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्त 1. अदनान अहमद पुत्र महमूद अहमद सऊद अहमद पुत्र महमूद अहमद निवासीगण ग्राम चफरी थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को दिनांक-28.03.2025 को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चफरी स्थित तालाब के पास से 21 कि0ग्रा0 अवैध गांजा व घटना में प्रयुक्त मारूति स्विफ्ट कार वाहन सं0-क्क 77 ङ्ग 4875 के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना नवाबगंज पर मु0अ0 सं0-160/2025 धारा-8/20/60(3) एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

## प्रबंध निदेशक आज अपने फूलपुर भ्रमण के अंतिम दिन उन्होंने नैनो यूरिया प्लस के उत्पादन का जायजा लिया





स्वतंत्र प्रभात

उन्होंने नैनो अधिकारियों के साथ बैठक की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अतिथि गृह में मुख्य सुरक्षा अधिकारी कर्नल गोरख सिंह सेंगर तथा सुरक्षा गार्डों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके उपरांत वे इफको मुख्यालय नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया, वरिष्ठ महाप्रबंधक संजय वैश्य, महाप्रबंधक क्रमशः ए.पी.राजेन्द्रन, संजय भंडारी,पी.के सिंह, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः अनीता मिश्रा, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, अरुण कुमार, एस.के.सिंह, ए.के. गुप्ता, पी.के.वर्मा, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव मौजूद रहे।

**खुलासा** चपेड़वा और जुड़ी कुंइया चौराहे पर स्थित इन केंद्रों की स्थिति ने स्वास्थ्य विभाग की अव्यवस्था और लापरवाही को उजागर कर दिया है।

# स्वास्थ्य विभाग पर सवालिया निशान पचपेड़वा में फर्जी क्लीनिकों का खुलासा मरीजों का हो रहा है शोषण

स्वतंत्र प्रभात





पचपेड़वा में फर्जी क्लीनिकों और स्वास्थ्य केंद्रों की बढ़ती संख्या ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां स्थित पैथोलॉजी, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, क्लीनिक और नर्सिंग होम जैसे स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों का इलाज तो हो रहा है, लेकिन यह सब नियमों और मानकों के खिलाफ चल रहा है। इन केंद्रों की मनमानी के कारण न केवल मरीजों का शोषण हो रहा है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर भी गिरता जा रहा है। जनपद में लगभग 120 स्वास्थ्य केंद्रों का रजिस्ट्रेशन स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड में है, लेकिन पचपेड़वा और जुड़ी कुंइया चौराहे पर स्थित इन केंद्रों की स्थिति ने स्वास्थ्य विभाग की अव्यवस्था और लापरवाही को उजागर कर दिया है। इन केंद्रों का संचालन नियमों के खिलाफ है, और स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर इन्हें सील करने की कार्रवाई करता है, लेकिन लेन-देन के बाद ये फिर से चालू हो जाते हैं। यह न केवल स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता को दर्शाता है, बल्कि एक बड़े घोटाले का भी इशारा करता है। डॉक्टरों, पैथोलॉजिस्टों और अन्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की कमी के कारण मरीजों को यहां अनावश्यक और अव्यवस्थित इलाज दिया जा रहा है। इस स्थिति को लेकर स्थानीय जनता में गहरी नाराजगी है। इसके साथ ही, मरीजों का शोषण हो रहा है क्योंकि उन्हें बिना किसी आवश्यक उपचार के अस्पतालों में भर्ती कर लिया जाता है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण इन फर्जी क्लीनिकों पर कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं है। यही नहीं, इन फर्जी स्वास्थ्य केंद्रों की लगातार बढ़ती संख्या से स्थानीय प्रशासन और विभाग के अधिकारियों पर भी संदेह उत्पन्न हो रहा है। यदि पचपेड़वा जैसे छोटे नगर में स्थिति इतनी खराब है, तो क्या पूरे जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं का यही हाल होगा? यह सवाल उठता है कि विभाग इन अवैध केंद्रों पर कब और कैसे नियंत्रण पाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुकेश रस्तोगी ने इस मामले में अपना पक्ष रखते हुए कहा, इसको रोकने के लिए टीम का गठन कर अभियान चलाया जा रहा है और बीच-बीच में कार्रवाई भी की जाती है। आगे भी अभियान और कार्रवाई जारी रहेगा। हालांकि, उनकी यह टिप्पणी सवालों का समाधान करने में नाकाफी नजर आ रही है। मरीजों की जिंदगी और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है, और स्वास्थ्य विभाग की इस स्थिति से अब इस संकट के समाधान को लेकर गंभीर प्रयासों की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता के पीछे क्या है कारण? स्वास्थ्य विभाग की यह निष्क्रियता किसके कारण हो रही है? क्या यह सिर्फ लापरवाही का मामला है या फिर इसके पीछे कोई बड़ा भ्रष्टाचार छिपा हुआ है? क्या पचपेड़वा जैसे स्थानों पर फर्जी क्लीनिकों की बढ़ती संख्या विभाग की अनदेखी का नतीजा है? यदि स्वास्थ्य विभाग इन केंद्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करता है, तो क्या यह समस्या सुलझ सकती है, या यह सिर्फ एक अल्पकालिक समाधान होगा? क्या इन फर्जी क्लीनिकों में मरीजों को अनावश्यक इलाज दिया जा रहा है? क्या मरीजों को अनावश्यक जांच और इलाज की शिकार बनाकर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है? फर्जी क्लीनिकों के संचालन में स्थानीय प्रशासन की भूमिका क्या है क्या स्थानीय प्रशासन इन क्लीनिकों की जांच और निगरानी में पूरी तरह से विफल हो रहा है क्या स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के बीच कोई मिलीभगत है, जिसके कारण ये केंद्र लगातार खुले रहते हैं क्या स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में भ्रष्टाचार या मिलीभगत की वजह से ये फर्जी क्लीनिक संचालित हो रहे हैं।

**शेष पेज खबर 12 पेज**

### विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर ग्राम प्रधान हुए सम्मानित

शाहजहांपुर /राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जनपद में टीबी मुक्त 85 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह ने प्रशस्ति पत्र व गांधी जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया।? उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में टीबी के मरीजों को खोजा व नियमित दवाई उपलब्ध कराते हुए उन्हें इस बीमारी से ठीक किया गया। उन्होंने कहा कि आप लोग अपनी ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि होने के नाते इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा लोगों को उपरोक्त लक्षण होने पर तत्काल जांच कराने के लिए कहें जिससे समय रहते उनकी पहचान की जा सके तथा उनका इलाज संभव हो सके। उन्होंने कहा कि हम लोग अभी 85 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त कर चुके हैं, आप लोग अपने-अपने गांव में लोगों को जागरूक करें किसी को खांसी, जुकाम, बलगम या उपरोक्त लक्षण हो तो उनकी जांच करवाएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विवेक मिश्रा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## एक बार फिर बस्ती में बीआरपी चयन प्रक्रिया पर उठे सवाल ,जिलाधिकारी से ही शिकायत



**बस्ती।** बस्ती जनपद में बीआरपी पद हेतु चयन प्रक्रिया का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछली बार चयन प्रक्रिया में हुई धाधली को लेकर शिकायतो की जांच करने पर 16 लोग दोषी पाए गए थे। उसके बाद भी नई चयन प्रक्रिया में पुनः उन्हीं गलतियों को दोहराते हुए दोषियों का चयन करने का आरोप चयन समिति के सचिव पर लगाया गया है। शिकायत कर्ता रामनिवास गिरी पुत्र संतराज, रामबहोर पुत्र पुत्र बृजलाल, ध्रुवचंद्र उपाध्याय पुत्र रामसोहरत उपाध्याय, राजेंद्र प्रताप वर्मा पुत्र राम तेज वर्मा के द्वारा जिलाधिकारी बस्ती दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि चयन समिति द्वारा सही जवाब देने वाले आवेदकों का चयन न करके अपने मन माफिक लोगो का चयन कर लिया गया है। जिसमें पिछली बार जांच में दोषी पाए गए लोगों का चयन दुबारा से कर लिया गया। इस विषय की शिकायत करते हुए शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी से जिलाविकास अधिकारी की भूमिका का भी जांच करवाने की मांग की है।

## जिला अस्पताल में 56 सुरक्षा कर्मियों की सेवाएं समाप्त, कर्मचारियों ने दी आत्मदाह की चेतावनी



**जौनपुर।** स्वर्गीय अमर शहीद उमानाथ सिंह जिला अस्पताल, जौनपुर में कार्यरत 56 सुरक्षा कर्मियों को नौकरी से हटाए जाने के बाद गहरा असंतोष व्याप्त है। यह निष्कासन प्रदेश के मुख्यमंत्री के उस आदेश के खिलाफ़ है, जिसमें कहा गया था कि किसी भी आउटसोर्सिंग कर्मचारी को नौकरी से नहीं निकाला जाएगा। बावजूद इसके, अस्पताल प्रशासन ने सुरक्षा कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया, जिससे उनमें आक्रोश फैल गया है।

**प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप**

बेदखल किए गए कर्मचारियों ने प्रशासन पर नियमों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि वे वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे थे, लेकिन अब अचानक उन्हें बेरोजगार कर दिया गया है। उनका कहना है कि सरकार द्वारा आश्वासन मिलने के बावजूद यह कार्रवाई उनके भविष्य को अंधकार में धकेलने जैसी है।

**आत्मदाह की चेतावनी**

नौकरी से हटाए गए सुरक्षा कर्मियों ने स्पष्ट किया है कि यदि उन्हें जल्द बहाल नहीं किया गया, तो वे जिला अस्पताल परिसर में सामूहिक आत्मदाह करने के लिए मजबूर होंगे। इस चेतावनी के बाद स्थानीय प्रशासन की चिंता बढ़ गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई होती नहीं दिख रही है।

**सरकार और प्रशासन की चुप्पी पर सवाल**–सुरक्षा कर्मचारियों की बहाली को लेकर अभी तक किसी सरकारी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने हस्तक्षेप नहीं किया है। कर्मचारियों की मांग है कि सरकार इस फैसले पर पुनर्विचार करे और उन्हें तत्काल बहाल किया जाए, अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा।

## कोतवाली प्रभारी से मजदूरों ने लगाई न्याय की गुहार, की कार्रवाई की मांग

**चित्रकूट।** मजदूरों का आरोप मजदूरी का भुगतान नहीं किया, जान से मारने की दी धमकी - प्रार्थीगण, जो कि ग्राम पुरवा तरौहा थाना कर्वी जिला चित्रकूट के मूल निवासी हैं, ने कोतवाली प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई है। इन मजदूरों का कहना है कि वे जनवरी माह से बेडीपुलिया से पुरवा तरौहा मार्ग पर स्थित दुर्गा दास के तालाब के पास विष्णुदत्त यादव के घर में घर बनाने का कार्य कर रहे थे, और अब उन्हें उनकी मेहनत की मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। प्रार्थीगण के अनुसार, उन्हें कुल दो लाख अठाईस हजार तीन सौ रुपये की मजदूरी का बकाया है, जिसे विष्णुदत्त यादव ने अभी तक नहीं दिया है। मजदूरी का हिसाब मांगने पर यादव ने उन्हें अपनी राइफल से जान से मारने की धमकी दी। मजदूरों का आरोप है कि यादव एक गुण्डा किस्म का व्यक्ति है और अपने पैसों के बल पर उनका शोषण कर रहा है। इस स्थिति से परेशान होकर प्रार्थीगण ने कोतवाली प्रभारी से निवेदन किया है कि वे शीघ्र इस मामले में कार्रवाई करें और मजदूरों का बकाया भुगतान कराएं। इसके साथ ही, उन्होंने अपनी जान-माल की सुरक्षा की भी गुहार लगाई है। प्रार्थीगण ने यह भी आग्रह किया है कि आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी (स्नढ्ढक्र) दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि न्याय मिल सके। अब यह देखना होगा कि पुलिस इस गंभीर मामले में किस तरह की कार्रवाई करती है और क्या इन मजदूरों को उनका हक मिल पाता है।

# बस्ती जनपद में नौकरी के लिए लेखपाल ने सुविधा शुल्क लेकर जारी किया आय प्रमाण पत्र जाँच में मिला अवास्तविक

**● दोषी लेखपाल को बचाने में जुटा रुधौली तहसील प्रशासन**

**ऊषा चौधरी ने आय प्रमाण पत्र निरस्त कर लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही की किया मांग**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिलेके रुधौली तहसील तहसील में इस तरह भ्रष्टाचार हो गया है कि लेखपाल द्वारा पैसा लेकर अमीरों का आय प्रमाण पत्र गरीबों के बराबर बनाया गया लेखपाल को बचाने के लिए तहसील प्रशासन एड़ी चोटी लगा दिया है जांच में दोषी पाए गए लेखपाल के खिलाफ डीएम द्वारा कड़ी कार्रवाई करनी चाहिएमें लेखपाल द्वारा सुविधा शुल्क लेकर वास्तविक आय से कम का आय प्रमाण पत्र जारी कर नौकरी हथियाने की कोशिश का मामला प्रकाश में आया है जो कि जाँच में अवास्तविक पाया गया है जिसकों लेकर राजस्व विभाग में हड़कंप मचा हुआ है और जारीकर्ता लेखपाल सवालों को घेरे में है ।प्राप्त समाचार के अनुसार वर्तमान में बाल विकास विभाग में नियुक्ति प्रक्रिया चल रही थी जिसमें आवेदन करने हेतु आवेदकों को आय प्रमाण पत्र की अनिवार्यता थी । इसी नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने हेतु नन्दनी शुक्ला निवासी ग्राम बेलभरिया का 45000 रुपये का आय प्रमाण पत्र लेखपाल द्वारा जारी किया गया था । इसके पहले तीन साल के अन्दर का ही 54000 रुपये वार्षिक आय वाला प्रमाण पत्र भी नन्दनी शुक्ला के पक्ष में जारी है । अद्यतन समय में जारी आय प्रमाण की वैधानिकता व सत्यता को चुनौती





देते हुए ऊषा चौधरी ने इसकी शिकायत रुधौली तहसील प्रशासन से किया जिसकी जांच करते हुए नायब तहसीलदार ने अपनी रिपोर्ट जिम्मेदारों को सौंप दी है और जारी आय प्रमाण पत्र को अवास्तविक बताते हुए 54000 की जगह नन्दनी शुक्ला की वार्षिक आय 72000 वार्षिक बताया है । इस प्रकार जांच अधिकारी ने नन्दनी शुक्ला के पक्ष में जारी आय प्रमाण पत्र को भ्रामक मानते हुए जारीकर्ता लेखपाल को सवालों।

## मनबढ़ई: काली मंदिर का रास्ता रोक रहे हैं दबंग, जिम्मेदार मौन

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खंडबनकटी सार्वजनिक व सुरक्षित भू खन्डों पर मनबढ़ व सीनाजोर किस्म के लोग अवैध कब्जा कर रहे हैं जिससे काली मन्दिर पर आवागमन का रास्ता अवरूद्ध हो रहा है। मामला सदर तहसील के लालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जन-जन खुर्द का है। यहां के राम चरन यादव ने जनसुनवाई पोर्टल पर सन्दर्भ सँख्या 40018525008056 के माध्यम से शिकायत किया है। उन्होंने शिकायती पत्र में लिखा है कि गांव में स्थित सुरक्षित भूखण्ड गड़ही गाटा सं.47 रकबा 0320 एयर में ग्रामीणों के घरों का गन्दा पानी एकत्र होता था उसे भी पाट कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। सार्वजनिक उपयोग के बन्जर भूखण्ड गाटा सं.46 रकबा 0190 एयर पर



अवैध कब्जा दबंगो द्वारा किया जा रहा है। गांव के काली मन्दिर तक आवागमन के लिए गाटा सं.56 ग्राम समाज है। इससे ग्रामीण आते जाते हैं। इस पर भी अवैध कब्जा शुरू कर मनबढ़ आवागमन को अवरूद्ध कर रहे है। ग्रामीणों ने अवैध कब्जा निर्माण को रोकने के लिए 112 की पुलिस को बुलाया था जो बेनतीजा रहा। गुनहगारों के विरुद्ध आज तक कार्यवाही नहीं की गई जिसका ग्रामीणों को इंतजार है।

## बभनी पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**सोनभद्र।** सोनभद्र पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में बभनी पुलिस ने यह कार्रवाई की।गिरफ्तार किए गए अभियुक्त का नाम सिकंदर गौड़ है, जो मोहन गौड़ का पुत्र है और अंजाना महमद टोला, बीजपुर, सोनभद्र का रहने वाला है। उसकी उम्र लगभग 24 वर्ष है। सिकंदर गौड़ को देवरिहवा मोड़ से 28 मार्च 2025 को रात लगभग 10:20 बजे गिरफ्तार किया गया।सिकंदर गौड़ पर थाना बभनी में मुकदमा संख्या 55/2025 दर्ज है, जिसमें धारा 69, 352, 351(3) BNS और 67 IT ACT के तहत आरोप लगाए गए हैं। गिरफ्तारी के बाद, उसे कानूनी कार्रवाई के लिए माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

# आईजीआरएस संदर्भो की समीक्षाबैठक शनिवार को कलेक्टेऊट सभागार में जिलाधिकारी अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में आईजीआरएस संदर्भो की समीक्षा बैठक शनिवार को कलेक्टेऊट सभागार में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। उन्होने विभागवार संबंधित अधिकारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि शिकायत अपने विभाग से संबंधित ना होने पर पोर्टल पर उपलब्ध लाल बटन दबाकर शिकायत को वापस किया जाय, जिससे जिले की रैंक प्रभावित ना हो। उन्होने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वयं अपनी देख-रेख में फीडिंग का कार्य सम्पन्न करायें। जिन विभागों की प्रगति ए श्रेणी से निम्न है, उनके द्वारा प्रगति में सुधार के लिए प्रयास किया जाय। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जिन विभागों की श्रेणी ए है, ऐसे विभाग ए प्लस श्रेणी में आने का प्रयास करें और ए प्लस वाले यथास्थिति को बनाये रखें।

आईजीआरएस संदर्भो के निस्तारण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डिफाल्टर व असंतुष्टि पर विशेष ध्यान दिया जाय। शिकायतों का निस्तारण इस तरह से किया जाय कि असंतुष्ट श्रेणी के संदर्भो की संख्या न्यून से न्यूनतम रहें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस अन्तर्गत प्राप्त होने वाले संदर्भ को समयबद्धता के साथ निस्तारित करें, जिससे कोई भी प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में ना रहें। संदर्भो का निस्तारण करते समय संबंधित शासनादेश का अनुपालन भी किया जाय। उन्होने सीएम डैशबोर्ड, सीएमआईएस पोर्टल की समीक्षा में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पूर्ण परियोजनाओं को तत्काल हैण्डओवर कर दिया जाय। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि पूर्ण परियोजनाओं को सीएमआईएस पोर्टल पर अद्यतन कर दिया जाय। बैठक में



सीडीओ सार्थक अग्रवाल, एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, उप जिलाधिकारी शत्रुध्न पाठक, मनोज प्रकाश, पीडी राजेश कुमार, डीडीओ अजय कुमार सिंह, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा, एआरटीओ पंकज सिंह, बीएसए अनूप तिवारी, भूमि संरक्षण अधिकारी राजमंगल चौधरी, डीएसओ सत्यवीर सिंह, डीपीआरओ रतन कुमार, ईडीएम सौरभ द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी तथा कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# डा. सन्दीप तीसरी बार बने भारत विकास परिषद शौर्य के अध्यक्ष

**● अवधेश गिरि सचिव, जनार्दन पाण्डेय कोषाध्यक्ष, जयशंकर सिंह संगठन सचिव एवं प्रियंका पाण्डेय महिला संयोजिका मनोनीत**

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** भारत विकास परिषद शौर्य की 2025-26 कार्यकारिणी के चुनाव नगर के एक प्रतिष्ठित होटल में सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी के रूप में प्रांतीय वित्त सचिव रमेश कुमार की उपस्थिति में यह प्रक्रिया संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद वंदे मातरम गीत गाया गया। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सन्दीप पाण्डेय ने शौर्य परिवार द्वारा किए गए कार्यो का विस्तार से उल्लेख किया।

चुनाव प्रक्रिया के तहत डॉ. गिरीश कुमार सिंह ने कोषाध्यक्ष पद के लिए जनार्दन पाण्डेय का नाम प्रस्तावित किया, जिसका अनुमोदन डॉ. राजेश एवं अतुल मिश्र ने किया। इसके बाद चुनाव अधिकारी ने जनार्दन पाण्डेय को कोषाध्यक्ष घोषित किया। सचिव पद के लिए पंकज सिंह ने अवधेश गिरि का नाम प्रस्तावित किया, जिसका अनुमोदन राहुल पाण्डेय एवं डॉ. आशुतोष सिंह ने किया। चुनाव अधिकारी द्वारा अवधेश गिरि को सचिव पद पर मनोनीत किया गया।अध्यक्ष पद के लिए दया निगम ने पुनः तीसरी बार डॉ. सन्दीप पाण्डेय के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सुजीत यादव एवं सुनील सिंह ने अनुमोदित किया। चुनाव अधिकारी द्वारा डॉ. सन्दीप पाण्डेय को तीसरी बार अध्यक्ष घोषित किया गया। इस घोषणा के साथ ही सदस्यों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया और फूल-मालाओं से सम्मानित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. पाण्डेय ने जयशंकर सिंह को संगठन सचिव तथा प्रियंका पाण्डेय को महिला संयोजिका नियुक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि शौर्य परिवार इस वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

कार्यक्रम का संचालन हर्षित गुप्ता ने किया। इस अवसर पर नीरज श्रीवास्तव, रंजीत सिंह, अमित निगम, डॉ. राजेश कुमार, प्रमोद सैनी, नित्यानंद पाण्डेय, सन्दीप चौधरी, सुधा पाण्डेय, अंजू सिंह, रश्मिता सिंह, नेहा मिश्रा, जया सिंह, राजीव श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, अविनाश गिरि, आशुतोष राय, शमशेर बहादुर पाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## एडीजी वाराणसी जोन ने किया निरीक्षण, कानून व्यवस्था व त्योहारों को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) वाराणसी जोन श्री पीयूष मोर्डिया ने शनिवार को जनपद जौनपुर का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचकर गार्द की सलामी ली और वहां जारी निर्माण कार्यो का जायजा लिया।

**समीक्षा बैठक में कानून-व्यवस्था पर जोर**

इसके बाद पुलिस लाइन सभागार में जिले के राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी ईद-उल-फितर और चैत्र नवरात्रि के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एडीजी ने त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए किए गए पुलिस प्रबंधों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

**अपराध समीक्षा व भर्ती प्रक्रिया की तैयारियों का निरीक्षण**

बैठक में जनपद में हाल ही में घटित अपराधों एवं अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा भी की गई। साथ ही, आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण की तैयारियों की भी जांच की गई। एडीजी ने ज्वाइंट ट्रेनिंग सेंटर (JTC) एवं रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (RTC) की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश**





अपर पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी त्योहारों को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस प्रशासन अब त्योहारों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर मुस्तैद नजर आ रहा है।

## बाइक सवार उचक्कों ने मजदूर का मोबाइल छीनकर हुए फरार

**जौनपुर** रामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के सड़क पर बाइक सवार उचक्कों ने साइकिल सवार मजदूर का स्मार्टफोन छीनकर हुए फरार, स्थानी पुलिस छीनैती के बजाय गुमसुदगी का मुकदमा दर्ज करने का पीड़ित पर बना रही दबाव। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर थाना क्षेत्र के औरा गांव निवासी बृजेश कुमार मौर्या शुक्रवार की शाम करीब सवा आठ बजे सिरौली गांव से काम करके साइकिल से मोबाइल का टार्च जलाकर घर जा रहे थे।जैसे ही भगवानपुर नहर पुलिया के पास पहुंचे पीछे से बाईक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने झपट्टा मारकर मोटोरोला का स्मार्ट फोन लेकर यादवनगर की तरफ भाग गए।पीड़ित व्यक्ति चिल्लाते हुए यादव नगर तक पीछा किया परन्तु उचक्कों का कुछ पता नहीं चल सका।पीड़ित ने जमालापुर पुलिस चौकी में जाकर छीनैती का प्रार्थना पत्र दिया,पुलिस ने प्रार्थना पत्र को बदलवाकर गुमशुदगी का लिखवा दिए।शनिवार की सुबह जब पीड़ित थाने पर गया तो वहां भी तहरीर बदलवाने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से उचक्कों पर कार्यवाही की मांग किया यदि एक बार कार्यवाही हो जाएगी तो आगे से ऐसी घटना किसी के साथ नहीं होगी।

# चौकी इन्चार्ज पर मनमानी का आरोप: शिवसेना ने एसपी से किया न्याय दिलाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में फुटपाथ पर दूकान लगाकर जीविका चलाने वाले गोरखनाथ को कम्पनीबाग चौकी इन्चार्ज द्वारा आये दिन धमकी देने, प्रताड़ित किये जाने के मामले में शुक्रवार को शिव सेना जिला प्रमुख प्रमोद पाण्डेय ने शिव सैनिकों के साथ पुलिस अधीक्षक को सम्बोधित ज्ञापन कार्यालय में सौंपा। मांग किया कि निर्दोष गरीब व्यापारी का अनावश्यक उत्पीड़न चौकी इन्चार्ज द्वारा बंद किया जाय अन्यथा शिव सेना आन्दोलन को बाध्य होगी।

ज्ञापन देने के बाद शिव सेना प्रमुख प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि गोरखनाथ शिव सेना के सदस्य है और कम्पनीबाग के निकट फुटपाथ पर कपडे की दूकान चलाते हैं। कम्पनीबाग चौकी इन्चार्ज अजय सिंह द्वारा आये दिन गोरखनाथ, उनके परिजनों को तरह- तरह की धमकियां दी जाती है कि फर्जी मुकदमों में फंसाकर जिन्दगी बरबाद कर देंगे। गरीब गोरखनाथ और उनका



परिवार चौकी इन्चार्ज अजय सिंह की धमकियों से डरा हुआ है। उन्हें भय है कि चौकी इन्चार्ज फुटपाथ से उनकी दूकान हटवाने के साथ ही उन्हें मनगढन्त मामलों में फंसा सकते हैं। मांग किया कि चौकी चन्चार्ज के विरूद्ध कार्रवाई के साथ ही गोरखनाथ के परिवार के जान माल की रक्षा कराया जाय। एसपी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से राजेश कसौधन, गोपाल सोनकर, अमित गुप्ता, अजय कुमार, अंकुश कसौधन, गोरखनाथ, सुरेश सोनकर, नागेंद्र मिश्रा, अमित मांझी आदि शामिल रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष का हर्रैया प्रथम आगमन पर जगह जगह गर्मजोशी से हुआ स्वागत

**● विवेकानंद के नेतृत्व में 2027 में बस्ती की पांचों विधान में खिलेगा कमल - चन्द्रमणि पाण्डेय**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्तीजिलेमें दुबारा भाजपा जिलाध्यक्ष बनायें जाने के बाद आज हर्रैया विधानसभा में प्रथम आगमन पर पर विवेकानंद मिश्र का कार्यकर्ताओं ने जगह जगह फूल माला के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया इसी क्रम में हर्रैया स्थिति बभनान चौराहे पर वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा आत्मा प्रसाद पाठक की अगुवाई में हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं व क्षेत्रीय समर्थकों ने गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया व उनके



समर्थन में हरीश द्विवेदी विवेकानंद मिश्र जिन्दाबाद,एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम के गगनभेदी नारा लगाया व फूल मालाओं से लाद दिया कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री मिश्र ने कहा कि हम इस सम्मान का कर्ज पार्टी व कार्यकर्ता हित में काम करके निभायेंगे भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय ने कहा कि आम जनमानस व कार्यकर्ताओं के उत्साह से आज ही ये तय हो गया है कि आगामी विधानसभा में बस्ती की सभी सीटों पर यशस्वी जिलाध्यक्ष जी के नेतृत्व में कमल खिलेगा और कार्यकर्ता सम्मान सर्वोपरि होगा उन्होंने कहा कि किसी भी न्यायिक समस्या या विभागीय शिथिलता को दूर करने हेतु हम सब सदैव तत्पर हैं व रहेंगे इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शिवचरन जयसवाल, विमलेंद्र सिंह, श्रवण यादव, शक्ती दीप पाठक,अतुल तिवारी, जगदम्बा गुप्ता, सूर्यबली सिंह, विजय शंकर तिवारी,चन्द्र प्रकाश तिवारी, देवशरण शुक्ल,मयंक शुक्ल,सत्यदेव पाण्डेय,किरन सिंह, अयोध्या सिंह, हरीराम मिश्र, वेदप्रकाश तिवारी, राजीव पाण्डेय,आयुष पाण्डेय,अशोक शुक्ल,विमल पाण्डेय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## टी.वी. मरीज को खत्म करने के लिए समाजिक संस्थाओ को आगे आने की जरूरत - रंजीत श्रीवास्तव

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में इंडियन रेडक्रास सोसायटी की बस्ती शाखा ने 21 क्षय रोगियों को गोद लिया। इनको स्वास्थ्य विभाग द्वारा तय मानको के अनुसार सोसायटी की ओर से अगले छः महीनों तक पोषण किट प्रदान किया जायेगा। इंडियन रेडक्रास सोसायटी के वायस चेयरमैन डा. एल. के. पाण्डेय के मार्गदर्शन में एएनएम ट्रेनिंग सेण्टर में किट का वितरण किया गया। सोसायटी के सचिव रंजीत श्रीवास्तव ने कहा क्षय रोग के उन्मूलन के दृष्टिगत सरकार की ओर से बहुत सारी सुविधायें दी जा रही हैं। लेकिन इस दिशा में सामाजिक संस्थाओं को भी आगे आने की जरूरत है। इतना बड़ा लक्ष्य मिलेजुले प्रयासों से ही हासिल होगा। उन्होने कहा रोगियों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत जिनकी जिम्मेदारी सोसायटी ने ली है उनका पूरा ध्यान रखा जायेगा। सोसायटी के कोषाध्यक्ष राजेश कुमार ओझा ने कहा सामाजिक सराकारों की दिशा में बस्ती शाखा ने आगे कदम बढ़ा दिया है।

सेवा भावना के साथ सोसायटी के पदाधिकारी और पूरी कार्यकारिणी जमीनी स्तर पर हर प्रयास करेगी जिससे लोगों को इंडियन रेडक्रास सोसायटी के मायने और महत्व समझ आये। कार्यक्रम में सीएमओ डा. राजीव निगम, जिला क्षय रोग अधिकारी डा. एके गुप्ता, डा. आरके वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक टीबी चिकित्सालय, डा. विनोद



कुमार डीआईओ, डा. आरके वर्मा चिकित्साधिकारी टीबी अस्पताल, अखिलेश चतुर्वेदी, गौहर अली, राहुल श्रीवास्तव, डा. वीके वर्मा, सतेन्द्र कुमार दूबे, अशोकर्सिंह, उमेश कुमार श्रीवास्तव, इमरान अली, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे। अंत में चेयरमैन डा. प्रमोद चौधरी ने सभी के प्रति आभार जताया।

## नवागत थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने संभाला थाना दुबौलिया का कार्यभार

**● अपराध पर लगाम, व गरीब असहाय लोगों को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता है- थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया नवागत थानाध्यक्ष के रूप में प्रदीप कुमार सिंह ने दुबौलिया थानाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद थाने के सभी पुलिस कर्मियों से औपचारिक जान-पहचान की इसके बाद उन्होंने थाने का जायजा लिया नए थाना प्रभारी श्री सिंह ने थाना क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदस्थापित पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ बैठक कर विचार-विमर्श कर कई दिशा निर्देश दिये। श्री सिंह ने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसना व अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त कर अमन चौन कायम रखना, गरीब असहाय लोगों को न्याय दिलाना तथा उच्च अधिकारियों व शासन के आदेशों का पालन करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। श्री सिंह ने दुबौलिया थाना क्षेत्र में पूर्णरूप से कानून-व्यवस्था कायम रखने, अपराधियों और असमाजिक तत्वों के खिलाफ सख्ती बरतने की कही। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने आमजनमानस से अपील किया कि क्षेत्र की



घटनाओं को सही सूचना देकर पुलिस का सहयोग करें। वही इससे पहले अन्य जगहों पर रहकर इनका अच्छा कार्यकाल रहा लोगों ने श्री सिंह के कार्यशैली की सराहना भी किया जिसको लेकर बस्ती एसपी अभिनन्दन ने भरोसा जताते हुए दुबौलिया थाना की कमान सौंपी है।

## ग्राम पंचायत मढ़ी, काजीहद, आकोपुर, ने बढ़ाया रामपुर ब्लॉक का सम्मान

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर नेवढ़िया,**उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु ग्राम प्रधान मढ़ी उर्मिला पत्नी रामवली यादव एवं ग्राम प्रधान काजीहद गीता पत्नी अनिल सिंह को बेहतर कार्य करने के लिए राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव उत्तर प्रदेश सरकार, बृजेश सिंह प्रिशु एमएलसी, जिलाधिकारी दिनेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी साई सिलम तेजा के द्वारा अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस गांव के ग्राम प्रधान मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार से लखनऊ मुख्यमंत्री जी के द्वारा सम्मानित किये जा चुके है। ग्राम प्रधान उर्मिला पत्नी रामबली यादव ने कहा मैं सभी सरकारी योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर कार्य को करवाता हूँ। ये तीसरी बार हमें उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया है। मैं देश के यशश्वी प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं मेरा सौभाग्य है इनके सानिध्य में रहकर मैं गांव में विकास कार्य तेजी से करवा पा रहा हूं। ग्राम प्रधान पति अनिल सिंह ने कहा कि मैं बिना भेदभाव के गांव में निचले स्तर तक सभी को साथ लेकर कार्य को करवाता हूं मैं गांव में विकास के लिए सड़क, नाली, इंटरलोकिंग, सोलर लाइट हाई मास्क लाइट आदि सरकारी योजनाओं को गांव के हर एक लोगो तक करवाया।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में रामपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत आकोपुर,मढ़ी, धनेथूका अहम सहयोग रहा। तीनो गांव को टीवी मुक्त घोषित करते हुए जिलाधिकारी महोदय द्वारा शशि सिंह पत्नी बबलू सिंह ग्राम पंचायत आकोपुर , ग्राम प्रधान सुनील सरोज धनेथू एवं ग्राम प्रधान उर्मिला पत्नी रामबली को टीवी मुक्त भारत का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शशि सिंह पत्नी बबलू सिंह ने कहा कि हम अपने ग्राम पंचायत में सभी के स्वास्थ्य के प्रति सदैव सजग रहकर नशा मुक्ति अभियान, हर



घर नल, हर घर शुद्ध जल, सोलर लाइट सडक, विद्युतीकरण, नाली, सरकार के योजनाओं को जन-जन पहुंचाने के लिए कैंप का आयोजन करवाती हूं।असहाय वनवासी, दलित वर्ग के हर जरुरत को पूरा करने का प्रयास करती हूँ। यह पुरस्कार सभी ग्राम वासियों का है जिनको मैं हृदय से आभार प्रकट करती हूं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### आनंद सिंह को बीआरडी मेडिकल कॉलेज से मिली

**लंभुआ। सुल्तानपुर,** नगर पंचायत लंभुआ निवासी डॉक्टर आनंद प्रताप सिंह सुपुत्र सभासद डॉक्टर के पी सिंह ने बीआरडी



मेडिकल कॉलेज गोरखपुर से एमएस जनरल सर्जरी की डिग्री प्रथम श्रेणी में प्राप्त की। हमारे क्षेत्र लंभुआ को एक और सर्जन की उपलब्धि मिली है। इस मौके पर नगर पंचायत के व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, नगर पंचायत चेयरमैन अध्यक्ष अंगद सिंह, राजेश दुबे, बद्री विशाल बरनवाल,दिग्विजय सिंह डॉक्टर स्वाति सिंह, संवेदना हॉस्पिटल के चेयरमैन इंजीनियर आशुतोष सिंह ,सूर्य प्रताप सिंह आदि ने बहुत खुशी व्यक्त की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अंडर पास पर अवैध पार्किंग के आगे बेबस बस अड्डा प्रभारी उनकी कार्य शैली लोग परेशान

सण्डीला/हरदोई लखनऊ पलिया एक्सप्रेस वे के ओवरब्रिज के नीचे सण्डीला हरदोई मार्ग पर बस स्टॉप के चौराहे से मात्र 10 कदम की दूरी पर ओवरब्रिज पुल के नीचे स्थित अवैध पार्किंग स्थल आम जनता के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गया है। क्षेत्र में यातायात की निगरानी और प्रबंधन की जिम्मेदारी यातायात निरीक्षक और पुलिस प्रशासन की है, फिर भी वे इस स्थिति पर आंखें मूंदे हुए हैं।अनधिकृत पार्किंग स्थल के कारण क्षेत्र के निवासियों और यात्रियों को अव्यवस्था और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।सण्डीला से इमलियाबाग चौराहा व अतरौली कोथावां जाने वाले यात्रियों के अतिरिक्त बांगरमऊ रोड से लखनऊ के लिए वाहन पकड़ने में जाम से जूझना पड़ता है।जिसके चलते यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी निभा रहे प्रवर्तन दल के नियमन और प्रवर्तन की कमी के कारण भीड़भाड़, सड़कें अवरुद्ध होना और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। वाहनों से होने वाले शोर और प्रदूषण ने भी पड़ोस में जीवन की गुणवत्ता को खराब करने में योगदान दिया है।स्थानीय निवासियों की बार-बार शिकायतों के बावजूद, अधिकारी इस मुद्दे को हल करने के लिए कोई कार्रवाई करने में विफल रहे हैं। यातायात निरीक्षक और पुलिस प्रशासन की ओर से जवाबदेही और जिम्मेदारी की कमी ने केवल मामले को बदतर बना दिया है। जनता उस व्यवस्था से निराश और निराश है, जिसका काम उनकी रक्षा और सेवा करना है।सभ्रांतज़नो का कहना है यह जरूरी है कि अधिकारी पुल के नीचे अवैध पार्किंग के मुद्दे को हल करने के लिए तत्काल कार्रवाई करें। यातायात निरीक्षक और पुलिस प्रशासन को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सड़कों पर व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए कानून लागू हों। जनता की भलाई और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, और अब समय आ गया है कि अधिकारी आगे आएं और समुदाय की चिंताओं का समाधान करें।

### शासकीय कार्यों में लापरवाही पर खंड शिक्षा अबधिकारी निलंबित

हरदोई।सान्डी ब्लाक की खण्ड शिक्षा आधीकारी सपना रावत को शासकीय कार्यो में लापरवाही भारी पङ गई है । जिलाधिकारी की रिपोर्ट के अधार पर अपर शिक्षा निदेशक ने उन्हे निलंबित कर दिया है।सपना रावत जिलाधिकारी की कई समीक्षा बैठको में अनुपस्थित रही।बतया जा रहा वह अवकाश पर होने के बावजूद बीआरसी कार्यालय मे बैठकर कार्य करती रही । इस मामले में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शासन को रिपोर्ट भेजी।रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए अपर शिक्षा निदेशक प्रयागराज ने एसडीआई को निलंबित कर दिया है। सपना रावत को जिला बेसिक शिक्षा आधिकारी कार्यालय से सबंद्ध कर दिया गया है उनकी जगह पर भरखनी के खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार को सान्डी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।शनिवार को सुनील कुमार ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।इस अवसर पर शिक्षको ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

### 18 वर्षीय युवक ने? फांसी लगा कर की आत्म हत्या ।

हरदोई,हरियावाँ थाना क्षेत्र के अंतर्गत 18 वर्षीय युवक मंजेस पुत्र डबलू ग्राम बिन्नहा थाना हरियावां जनपद हरदोई ने अज्ञात कारणों के चलते गांव के बाहर आम की डाल मे गमछे की सहायता से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली । सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र मिश्र एस आई रमेश वर्मा का0 प्रवेश यादव तत्काल मौके पर पहुंच कर शव को नियम अनुसार पंचायत नामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्ट मार्टम हेतु मोर्चरी भेज दिया गया । प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र मिश्र ने बताया अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है कानून एवं शांति व्यवस्था संबंधी कोई समस्या नही है ।

# इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ में होंगे माँ के दिव्य दर्शन

## ......पुष्प, प्रकाश और परिधानों से होगा नित्य रंग-श्रृंगार

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** अपने शिल्प, वास्तु और माहात्म्य की विशिष्टता के कारण सुविख्यात 51 शक्तिपीठ तीर्थ में वासंतीय नवरात्र धूमधाम से मनाया जाएगा। सीतापुर रोड पर बख्शी का तालाब स्थित मंदिर में पिंडी पूजन, यज्ञानुष्ठान और कन्याओं के वृहद भोज जैसे कार्यक्रमों विशेष तैयारी की गई है। तीर्थ न्यास की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि उनके पूज्य पिता ब्रह्मलीन पंडित रघुराज दीक्षित मंजु द्वारा स्थापित 51 शक्तिपीठ तीर्थ में नवरात्र के प्रत्येक दिवस निर्धारित रंग के अनुसार देवी विग्रहों का पुष्प, प्रकाश और परिधानों से रंग-श्रृंगार किया जाएगा। प्रतिदिन देवीगीत और संध्याकालीन दिव्य आरती का आयोजन भी संपन्न होगा। वृहद कन्या भोज नवरात्र के अंतिम दिवस को सम्पन्न होगा।





तीर्थ के प्रधान पुरोहित आचार्य धनंजय पाण्डेय ने बताया कि वासन्तीय नवरात्र में पिण्डी पूजन और यज्ञानुष्ठान का विशेष महत्त्व है। इच्छुक श्रद्धालुजन इस आयोजन के सहभागी बन कर माँ भगवती की कृपा प्राप्त कर सकेंगे। तीर्थ प्रबंधन का नेतृत्व कर रहे न्यासी वरद तिवारी ने बताया कि तीर्थ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए है। मंदिर के प्रथम तल से शीर्ष पंचम तल तक दर्शन के लिए लिफ्ट की सुविधा भी उपलब्ध है।

# समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव पद पर विजयलक्ष्मी का मनोनयन

## सपा महिला सभा और कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश और अनुमति से विजयलक्ष्मी को समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव पद पर मनोनीत किया गया है। यह महत्वपूर्ण मनोनयन पत्र शनिवार को समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने विजयलक्ष्मी को सौंपा। इस अवसर पर जूही सिंह ने कहा कि 29 मार्च 2025 से विजयलक्ष्मी को समाजवादी पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार और संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विजयलक्ष्मी अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इसके साथ ही, वे समाजवादी पार्टी और संगठन को और भी सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। समाजवादी पार्टी और समाजवादी महिला



सभा से जुड़े कई प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा शुभचिंतकों ने स्वयं मिलकर और फोन करके विजयलक्ष्मी को इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी। जिसमें प्रमुख रूप से समाजवादी महिला सभा की प्रेमलता यादव, अंजू यादव, कंचन वर्मा, रोशनी वर्मा, सुमन यादव, ममता रावत, विमला रावत, रेशमा रावत (जिला पंचायत सदस्य), राजबाला रावत, विनीता रावत, निशा गौतम और सुहागवती तथा एडवोकेट श्रवण कुमार यादव (राष्ट्रीय सचिव, सपा अधिवक्ता सभा), मोहनलालगंज विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, संतोष रावत, जितेंद्र पटेल, हरिशंकर, प्रधान सरोज रावत, प्रधान जगरूप सिंह यादव, इमरान खान, प्रधान उमेश यादव, मो. रईश, आरिफ कुरैशी, सभासद रजाना, मोहम्मद हनीफ, प्रमोद कश्यप, हरीशंकर रावत और अन्य नेताओं ने भी श्रीमती विजयलक्ष्मी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने पत्नी विजयलक्ष्मी के मनोनयन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया और पार्टी को और मजबूत करने की बात कही।

# सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला के द्वारा बताई गई उपलब्धि

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ मोहनलालगंज।** योगी सरकार के आठ साल पूरे होने पर मोहनलालगंज ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी व भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को ग्राम पंचायत भौदरी के महेश खेड़ा रानीखेड़ा गनियार मरुई तथा अहमद खेड़ा गांव में घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान शुरू किया। कार्यकर्ताओं ने योगी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और देश के प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प से जुड़कर डबल इंजन की सरकार के रूप में उत्तर प्रदेश समृद्ध भारत का नंबर 1 प्रदेश बना है। मैं एक प्रतिनिधि होने के नाते मेरी बधाई योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को देता हूं। उचित नेतृत्व ही बना मिसाल, 8 साल बेमिसाल- हममें से ज्यादातर लोग जानते हैं कि 8 साल पहले यूपी




की स्थिति और पहचान क्या थी। 8 साल पहले यूपी के इंफ्रास्ट्रक्चर और अर्थव्यवस्था की हालत छिपी नहीं थी। उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट था, किसान आत्महत्या कर रहे थे, युवा संघर्ष कर रहे थे, बेटियां और व्यापारी असुरक्षित थे और दंगों और ध्वस्त कानून व्यवस्था की वजह से लोग खराब अर्थव्यवस्था को बर्दाश्त कर रहे थे। राज्य और मशीनरी आज भी वही है, लेकिन हम देख सकते हैं कि कैसे सरकार बदलने से बड़े बदलाव हो सकते हैं। आज उत्तर प्रदेश देश के विकास को नई दिशा दे रहा है। प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बन गया है। सरकार सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के आधार पर प्रदेश की समस्त जनता के हित एवं उत्थान के लिए धरातल पर प्रत्यक्ष रूप से कार्य कर रही हैं।

जनसंपर्क कार्यक्रम में अंजनी शुक्ला मोचन शर्मा रामचंद्र मलखान मौजूद रहे

# मेला हज़रत गुलजार शाह में गायब बच्चे को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

स्वतंत्र प्रभात

बिसवां सीतापुर बिसवा के सेठगज निवासी प्रेम मौर्य व वंदना मौर्य का 3 वर्षीय कार्तिक मौर्य जो कि मेला हजरत गुलजार शाह बिसवा से गायब हो गया था। आज हरदोई पुलिस व बिसवा पुलिस और अधिवक्ताओं व मीडिया साथियों की मेहनत से सकुशल बिसवा की धरती पर भारी आमजनमानस के उमड़े हुए जनसैलाब द्वारा फूल मालाओं के स्वागत के बीच करीब 1500 किलोमीटर दूर की यात्रा के बीच बिसवा कोतवाली प्रशासन द्वारा लापता हुए बच्चे को उंसके परिजनों को सौप



दिया गया। बहुत बड़ी उपलब्धि हरदोई पुलिस सहित कोतवाली बिसवा पुलिस की रही। बिसवा नगर के सभी आमजनमानस की सहयोग भावना और पुलिस प्रशासन पर दबाव का नतीजा है कि आज बिसवा का एक परिवार का कोहिनूर सकुशल मिला। इस अवसर पर नागरिकों ने पुलिस की प्रशंसा की है। तेलंगाना से बालक के वापसी पर पुलिस टीम और बच्चे का स्वागत करने के लिए मुख्य रूप से विधायक निर्मल वर्मा लॉयर्स एसोसिएशन अध्यक्ष कमलेन्द्र कुमार बाजपेई उप जिलाधिकारी मनीष कुमार रविंद्र नाथ सिंह विकास अग्रवाल सहित सैकड़ो की संख्या में आम जनमानस उपस्थित रहा।

# परिवहन विभाग के कर्मचारी से हुई अभद्रता

## कमता स्थित अवध बस स्टैंड के पास पिंक बस सेवा के ड्राइवर व कंडक्टर से हुई अभद्रता

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में डग्गामार वाहनों व संचालको आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला अयोध्या मार्ग स्थित कामता बस स्टैंड का है, जहां दबंग निजी बस/कार, संचालकों ने सरकारी पिंक बस सेवा की एक बस को सवारी भरने से जबरन रोक दिया और कंडक्टर के साथ अभद्रता की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोरखपुर जा रही पिंक बस (संख्या 7518) जब कामता बस स्टैंड के पास यात्रियों को बैठाने के लिए रुकी, तो वहां पहले से मौजूद निजी कार व बस संचालकों ने बस को घेर लिया। दबंगों ने कंडक्टर को जबरन बस से खींचकर बाहर निकाल लिया और मारपीट करने की धमकी देने लगे। पीड़ित बस कर्मियों का आरोप है कि ये डग्गामार वाहन अवैध रूप से




सवारियां भरते हैं और सरकारी बसों को सवारी लेने से रोकते हैं, जिससे परिवहन विभाग को भारी राजस्व नुकसान हो रहा है। इस घटना से यात्री भी सहमे रहे और पूरे घटनाक्रम को देखने के लिए मौके पर भीड़ जमा हो गई। पिंक बस सेवा के कर्मियों और यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अवैध वाहनों पर तत्काल कार्रवाई की जाए और दबंगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। लखनऊ में इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही हैं, लेकिन परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन की ढिलाई के कारण डग्गामार वाहन संचालकों के हौसले बुलंद हैं। अब देखना यह है कि इस मामले में प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

# सहकारी गन्ना विकास समिति बिसवां की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक हुई सपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां।** सीतापुर सहकारी गन्ना विकास समिति बिसवां की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक हर गोविंद वर्मा हाल गन्ना समिति में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में अतिथियों पत्रकारों भाजपा पार्टी के पदाधिकारी का समिति के अध्यक्ष सुधाकर शुक्ला द्वारा सम्मानित किया गया उसके बाद क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि गन्ना संघ का कार्य है कि वह गन्ना किसानों की समस्याओं को सुने और उनका निराकरण कराये। उन्होंने कहा आज गन्ना किसान काफी परेशान रहता है उसे न ही गन्ने का अच्छा बीज उपलब्ध हो पा रहा है और न ही अपने गन्ने की पैदावार बढा पा रहा है उन्होंने कहा धीरे-धीरे गन्ने का रकबा भी काम होता नजर आ रहा है ।उन्होंने गन्ना समिति के सभी संचालकों व सदस्यों से गन्ना किसानों के सहयोग करने की बात कही ।भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने भाजपा सरकार के कार्यो पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्यों



से कहा कि संघ के सभी पदाधिकारी किसानों के घरों पर जाएं वहां पर बैठकर चर्चा करें तथा किसानों के सुख-दुख में शामिल हो। बैठक में वर्ष 2022-23 में अंकन 138 .03 लख रुपए तथा वर्ष 23/24 में अंकन 237 . 28 रुपए वर्ष के लाभ में रही आगामी वित्तीय वर्ष 2025 का बजट प्रस्तुत किया गया जिसमें समिति की अनुमानित आय अंकन 719 . 33 लख रुपए के सापेक्ष अंकन 715.49 लाख रुपए का प्रावधान किया गया। जिसमें नव निर्माण हेतु 80.00 लाख रुपए तथा मरम्मत कार्य हेतु 19.61 लाख रुपए का प्रावधान किया गया। बैठक में संचालक मंडल से राकेश कुमार विजय कुमार हरिश्चंद्र भानु प्रताप वर्मा शिव शंकर श्रीमती उषा देवी श्रीमती कलावती श्रीमती उमा देवी राजेश सिंह सहित सभी सदस्य व चीनी मिल बिसवां के गन्ना महाप्रबंधक डॉ अनूप कुमार पुलिस क्षेत्राधिकार सतीश शुक्ला सचिव मुकेश सक्सेना ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक प्रभात कुमार सिंह सहित भाजपा के पदाधिकारी व गन्ना समिति के कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# वार्षिक परीक्षा फल घोषित, रिजल्ट पाकर छात्रो के चेहरे खिल उठे

स्वतंत्र प्रभात

पिहानी हरदोई सरस्वती शिशु मंदिर पिहानी का वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन लखनऊ मंडल अध्यक्ष व गायत्री प्रज्ञापीठ पिहानी के प्रमुख ट्रस्टी श्री अतुल कपूर वशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला प्रचारक रवि इसमें विद्यालय में कृष्णा यादव कक्षा पांच 87 प्रतिशत व आर्यन अवस्थी कक्षा एक में 90 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अभि यादव कक्षा चार ने 86 प्रतिशत, भूमि गुप्ता शिशु वाटिका की 93 प्रतिशत व तृतीय स्थान चांदनी कक्षा दो 85 प्रतिशत अभि कुमार कक्षा तीन ने 86 प्रतिशत विद्यालय में स्थान प्राप्त किया । इसके पूर्व कार्यक्रम का गायत्री प्रज्ञा पीठ पिहानी के प्रमुख द व ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष श्री अतुल कपूर शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिंदु सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया। मुख्य अतिथि श्री अतुल कपूर ने परीक्षा फल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जो स्टूडेंट सफल रहे हैं, उनकी सफलता में उनकी सकारात्मक सोच और उनके माता-पिता सहित शिक्षकों का भी बड़ा योगदान रहा है। ऐसी छात्रछात्राएं जिन्हें अपेक्षा के अनुरूप अंक नहीं मिले हैं, उन्हें भी निराश और हताश होने की कतई जरूरत नहीं है। हो सकता है कि मेहनत करने के बावजूद किसी कारण उनके पेपर अच्छे नहीं हुए हों। कोई पारिवारिक, शारीरिक और इस कारण वे परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि एक बार अपनी प्रतिभा को पहचान लेने के बाद उसे अपना जुनून बनाने की ओर अग्रसर हों। हो सकता है कि इसके लिए आपके पास संसाधन नहीं हों या कम हों, लेकिन इससे हार न मानें। इसे जिद बनाकर मेहनत और अभ्यास करेंगे, तो धीरे-धीरे उस क्षेत्र में आपको कामयाबी मिलनी आरंभ हो जाएगी। अगर ऐसा नहीं भी होता और शुरुआत में आपको सफलता नहीं मिलती, तो भी अपने प्रयास न छोड़ें। अगर आपके भीतर अपनी पहचान बनाने की जिद और भूख होगी, तो एक न एक दिन कामयाबी जरूर मिलेगी। दुनिया में ज्यादातर महान लोगों की दास्तान पढ़ेंगे, तो उनमें से अधिकतर ऐसे मिलेंगे, जिन्हें शुरुआती दौर में लोगों ने नकार दिया था। वे या तो स्कूली पढ़ाई में फेल हो गए थे या संतोषजनक प्रदर्शन न कर पाने की वजह से उन्हें स्कूल छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य समीर वाजपेई ने किया।कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम् से हुआ। आचार्य कौशल ,पुष्पांजलि ,सुषमा ,निशा, अंशिका, साक्षी, मोनिका ,नम्रता ,ने कार्यक्रम की व्यवस्थाएं देखी। प्रबंध समिति के बृजेश गुप्ता, दुर्गेश पांडे , राजीव गुप्ता अखिलेश बाजपेई, शिब्बू मिश्रा,सागर पांडे पत्रकार,प्रमोद गुप्ता आदि लोग भी मौजूद रहे।

## पुलिस के साथ अभद्रता कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वाले तीन पुलिस गिरफ्त में

हरदोई। माधौगंज थाना क्षेत्र के कुरसठ चौकी के मोहल्ला जवाहर नगर में दो पक्षों के विवाद में पहुंची यूपी 112 की पुलिस के साथ अभद्रता कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।प्राप्त विवरण में 27 मार्च की रात 10.30 बजे डायल-112 पर थाना माधौगंज की चौकी कुरसठ क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला जवाहर नगर में दो पक्षों के मध्य विवाद होने की सूचना



प्राप्त हुई। इस सूचना पर डायल-112 पीआरवी 2725 पर नियुक्त आरक्षी गौरव प्रताप सिंह, आरक्षी अर्जुन कुमार, चालक हे0का0 सुधीर कुमार दुबे द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी की जा रही थी इसी दौरान ओमकार उर्फ ओमप्रकाश पुत्र राजेश, सुंदर पुत्र शंभू और पप्पू पुत्र मनोहर निवासीगण मोहल्ला जवाहरनगर थाना माधौगंज सहित सात लोगों द्वारा पुलिस कर्मियों के साथ अपशब्दों का प्रयोग करते हुए कार्य सरकार को बाधित किया गया। इस सम्बन्ध में आरक्षी गौरव प्रताप की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की।थाना माधौगंज के उपनिरीक्षक शिव नारायण व पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद ओमकार उर्फ ओमप्रकाश पुत्र राजेश, सुंदर पुत्र शंभू और पप्पू पुत्र मनोहर को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय पैंतापुर में शारदा संगोष्ठी, वार्षिकोत्सव एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** भरखनी विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय पैंतापुर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शारदा संगोष्ठी, वार्षिकोत्सव कार्यक्रम, सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह के साथ ही कक्षा 8 के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। समारोह के दौरान कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। गुरुजनों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें आगे की शिक्षा मन लगाकर ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय गिरधरपुर की शिक्षिका सुमनप्रभा को सेवानिवृत्त होने पर जू शिक्षक संघ भरखनी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सत्र में सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर तथा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कॉपी-पेन आदि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन से अभिभावक भी उत्साहित नजर आए और उन्होंने कहा कि कुछ परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी निजी विद्यालयों की भांति बच्चों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। इससे न केवल बच्चों



का मनोबल बढ़ेगा बल्कि परिषदीय विद्यालयों की छवि भी सुधरेगी, जिससे अधिक से अधिक लोग अपने बच्चों का दाखिला इन विद्यालयों में कराने के लिए प्रेरित होंगे। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को मेडल, पुरस्कार एवं परीक्षा फल वितरित किए और उन्हें उच्च कक्षाओं में प्रवेश लेकर अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक अश्वनी कुमार मिश्र ने बच्चों को आगे की शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे मन लगाकर अध्ययन करें और अपने माता-पिता, विद्यालय और गुरूजनों का नाम रोशन करें। उन्होंने भावुक मन से विद्यार्थियों को विदाई दी और कहा कि बच्चे मिट्टी के उस खिलौने की तरह होते हैं, जिन्हें जिस रूप में चाहें, ढाला जा सकता है। इस मौके पर ब्लॉक मंत्री राजू पाठक, जिला उपाध्यक्ष अब्दुल हमीद सिद्दीकी, राजेश मिश्रा, धर्मेंद्र दीक्षित, प्रशांत अग्निहोत्री, रश्मि राज अग्निहोत्री, आनंद मिश्र, प्रेम शंकर, अशोक शुक्ल, हर्षित दीक्षित, सर्वेश, हरदयाल, अवधेश, महेंद्र, ललित कुमार, शिक्षिका वंदना देवी, मनीष कुमार, दीपू सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# घर के आगे रखी मंडला में लगी आग से कई बकरा बकरिया व बच्चे जलकर हुई मौत

अहिरोरी हरदोई ग्राम सभा बघौली के मजरा ककरिया में अज्ञात करणों के चलते रात 11~30 बजे श्रवण पुत्र रामकुमार के घर के बाहर रखे छप्पर में अचानक आग लग गई। मौके पर श्रवण कुमार ने बताया कि उसकी यही रोजी-रोटी थी जो सभी कुछ जलकर राख हो गया अब प्रार्थी के पास कोई कमाई का जरिया नहीं बचा है। जिससे उसकी परिवार का खर्च चलाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा रामकुमार ने बताया कि घर से दूर छप्पर के नीचे कई बकरा बकरियां व बच्चे बंधे हुये थे। जिनमें सभी बकरा और बकरियां व बच्चे की जलकर मौत हो गई सूचना पाकर लेखपाल राममिलन मौर्य,पवन यादव लेखपाल मौके पर पहुंच कर बारीकी से जांच करके शासन को रिपोर्ट भेजी उसके बाद कानूनगो छोटे सिह मौके पर व नायब तहसीलदार विष्णु प्रताप सिंह उप जिलाधिकारी सदर सुशील मिश्रा भी मौके पर पहुंचे इन लोगों ने विधिवत जांच की और उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि अगर घर में महिलाएं खाना बनाती हैं चूल्हे में कडा लकड़ी से रोटी खाना बनाती है। खाना बनाने के बाद उसको स्वयं ही तुरंत आग़ को बुझा दे जिससे आंधी पानी आने पर कोई भी समस्या ना आ सके घर में लाइट के लिए उन्होंने बताया कि अगर किसी घर में लाइट के तारों की जर्जर व्यवस्था हो उसके लिए तत्काल नए तार लगवा कर बिजली से खतरा होने से बचे और कहा इस समय गर्मी का मौसम व तेज हवाएं चल रही है। और आपकी जरा सी लापरवाही आपकी गृहस्थी व फसलों को तहस-नहस कर सकती है।

# विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर टीबी मुक्त 214 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान हुए सम्मानित

**● 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अंतर्गत टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण सहायता प्रदान करने वाले 05 निक्षय मित्रों को किया गया सम्मानित**



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जनपद में टीबी मुक्त 214 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने प्रशस्ति पत्र व गांधी जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया।? इसके साथ ही टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण सहायता प्रदान करने वाले पांच निक्षय मित्रों जिनमें राघव राम सेवा संस्थान अमेठी द्वारा 400 पोषण पोटली, इंडोरामा प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर द्वारा 1400 पोषण पोटली, डॉ अंशुमान सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमेठी द्वारा 100 पोषण पोटली, डॉ प्रज्ञा बाजपेई द्वारा 80 पोषण पोटली, डॉ अमित प्रताप सिंह द्वारा 75 पोटली का वितरण किया गया जिन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया लेकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों जिनमें अजय कुमार सिंह एस0टी0एस0 बाजारशुकुल, अरविंद त्रिपाठी एस0टी0एस0 अमेठी, प्रशांत कुमार पीपीएम, मोहम्मद वसीम तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर भेंटुआ की की सीएचओ गुड़िया तिवारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्राम प्रधानों को दिनांक 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक चलने वाले 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की प्रगति के बारे में अवगत कराया तथा टीबी की जांच हेतु उच्च जोखिम वाली जनसंख्या (60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति, पुराने टीबी रोगी, टीबी मरीज के साथ रहने वाले व्यक्ति, डायबिटीज के व्यक्ति, नशा धूम्रपान व शराब करने वाले व्यक्ति, एचआईवी से ग्रसित व्यक्ति) को नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर/निक्षय शिविर में पहुंचकर निम्न लक्षणों क्रमशः बुखार, खांसी, मुंह से खून आना, थकान, सांस लेने में तकलीफ, रात में पसीना आना, वजन कम होना, भूख न लगना, सीने में दर्द, गर्दन में गिल्टी/गांठ, बांझपन आदि की स्क्रीनिंग कराए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में टीबी के मरीजों को खोजा गया तथा उन्हें पोषण सहायता व नियमित दवाई उपलब्ध कराते हुए उन्हें इस बीमारी से ठीक किया गया। उन्होंने कहा कि आप लोग अपनी ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि होने के नाते इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा लोगों को उपरोक्त लक्षण होने पर तत्काल जांच कराने के लिए कहें जिससे समय रहते उनकी पहचान की जा सके तथा उनका इलाज संभव हो सके। इसके साथ ही उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आप लोग अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में हिटवेव से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करें अपनी-अपनी ग्रामों में पीने के पानी की व्यवस्था जरूर सुनिश्चित करें साथ ही पक्षियों व जानवरों के लिए तालाबों में पानी भरवाएं, गांव में कहीं पर भी गंदा पानी इकट्ठा हो तो उसकी निकासी की व्यवस्था का प्रबंध करें, साथ ही गांव में साफ सफाई की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि हम लोग अभी 214 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त कर चुके हैं यह एक बड़ी उपलब्धि है आप लोग अपने-अपने गांव में लोगों को जागरूक करें किसी को खांसी, जुकाम, बलगम या उपरोक्त लक्षण हो तो उनकी जांच करवाएं। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में प्रचार प्रसार करते हुए पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए एवं गांव के विकास के लिए बेहतर तरीके से कार्य करने को कहा। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के अंतर्गत निर्धारित मानक को पूर्ण करने वाली जनपद में 682 ग्राम पंचायतों में से 214 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। टीबी की जांच के उपरांत धनात्मक पाए गए सभी क्षय रोगियों को उपचार अवधि में निक्षय पोषण योजना के तहत ?1000 प्रतिमाह की दर से उपचार पूर्ण होने तक धनराशि दी जाएगी प्रथम किस्त रु 3000 की उपचार प्रारंभ होने पर मिलेगी तथा दूसरी किस्त 84 दिन बाद रुपए 3000 की दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद अमेठी में अब तक 2360 टीबी मरीज उपचार के उपरांत ठीक हो चुके हैं तथा 2390 मरीज का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों से आग्रह करते हुए कहा कि निक्षय मित्र बनकर चिन्हित क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें अपने-अपने स्रोतों से पौष्टिक आहार के रूप में पोषण किट जिसमें मूंगफली, गुड़, सत्तू, गजक, भुना चना, प्रोटीन पाउडर आदि हों न्यूनतम 6 माह तक अथवा उपचार अवधि पूर्ण होने तक उपलब्ध कराएं जिससे जनपद को क्षय रोग से मुक्त किया जा सके।

## सुपरवाइजर श्याम सिंह को समाजसेवी ने किया सम्मानित



**कमरौली अमेठी,** सामाजिक कार्यों के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि.के प्रबंधक गांव भटमऊ शुकुलबाजार अमेठी निवासी समाजसेवी पी के तिवारी जो कि प्रबुद्धजनों के सहयोग,मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन से सामाजिक कार्यो के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग उन्हे सम्मानित दृष्टि से देखता है और उनका उत्साहवर्धन मार्गदर्शन एवं सहयोग करता रहता है उसी क्रम मे आधुनिक सुविधाओं से लैस क्षेत्र के प्रतिष्ठित हास्पिटल इण्डोरामा जन सेवा ट्रस्ट हास्पिटल औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर पहुंचकर वरिष्ठ लेखाधिकारी आर.के.पाठक एवं लिपिक आर के मिश्रा की उपस्थिति मे सिक्योरिटी सुपरवाइजर श्याम सिंह को उनके क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान देने हेतु बतौर संस्था प्रबंधक श्री राधाकृष्ण प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया वहीं श्याम सिंह ने संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सराहना की।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बहु प्रतीक्षित भाजपा मंडल अध्यक्ष घोषित



**गौरीगंज, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी जनपद अमेठी का चुनाव संपन्न होने के उपरांत जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पांडे बादल ने प्रदेश चुनाव अधिकारी पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री महेंद्र नाथ पांडेय की संस्तुति के उपरांत जिला अमेठी के अमेठी मंडल अध्यक्ष रामशंकर जायसवाल एवं जिला प्रतिनिधि ज्ञानेन्द्र प्रजापति,जामों मंडल अध्यक्ष मनोज पासी,जिला प्रतिनिधि अजय द्विवेदी को घोषित किया गया है। अन्य मंडलों की घोषणा बाद में की जाएगी।

### अंक पत्र पाकर बच्चे हुए खुश



**अमेठी।** शनिवार को इण्टर कॉलेज कालिकन धाम के प्रधानाचार्य आर पी सिंह के हाथों कक्षा 6,7,8,9, व 11 के बच्चों को वार्षिक परीक्षा के बाद अंक पत्र मिले बच्चों ने अपने अपने अंक पत्र पाकर बहुत खुश हुए। प्रधानाचार्य आरपी सिंह ने बताया कि अंक पत्र 31 मार्च को बांटना था लेकिन सरकारी अवकाश होने के कारण अंक पत्र आज ही वितरित किया गया। उन्होंने बताया कक्षा में में कीर्ति देवी प्रथम,कक्षा सात में आयुषी प्रथम ,कक्षा आठ में बालक वर्ग ओम प्रथम कक्षा नौवीं में अर्पित यादव,तथा कक्षा 11 में शिम्पी देवी प्रथम रही उन्होंने बताया कि इन कक्षाओं का औसत देखा जाय तो लड़कियों की संख्या अधिक है। उन्होंने बताया इस विद्यालय में कक्षा 6,9 तथा 11 के लिए प्रवेश फार्म मिल रहा है।इस अवसर पर योगेश कुमार सिंह,सौम्या सिंह,बरूण सिंह,नेक पाल,वर्षा राय, फारूक शेख शिवेन्द्र त्रिपाठी, हरिकृष्ण पाठक सहित सभी अध्यापक गण मौजूद रहे।

### बभनी पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया



**सोनभद्र।** सोनभद्र पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में बभनी पुलिस ने यह कार्रवाई की।गिरफ्तार किए गए अभियुक्त का नाम सिकंदर गौड़ है, जो मोहन गौड़ का पुत्र है और अंजाना महमद टोला, बीजपुर, सोनभद्र का रहने वाला है। उसकी उम्र लगभग 24 वर्ष है। सिकंदर गौड़ को देवरिहवा मोड़ से 28 मार्च 2025 को रात लगभग 10-20 बजे गिरफ्तार किया गया।सिकंदर गौड़ पर थाना बभनी में मुकदमा संख्या 55/2025 दर्ज है, जिसमें धारा 69, 352, 351(3) ब्नह्स और 67 ढ्ढञ्ज,ष्टञ्ज के तहत आरोप लगाए गए हैं। गिरफ्तारी के बाद, उसे कानूनी कार्रवाई के लिए माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

### चोपन में निषाद पार्टी का कैडर कार्यक्रम, सदस्यता अभियान शुरू



**चोपन, सोनभद्र।** कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद के निर्देशानुसार, शुक्रवार को निषाद पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय, चोपन में एक कैडर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिकेत निषाद ने की, जबकि जिले के जिला प्रभारी अरविंद निषाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।बैठक में जिला प्रभारी अरविंद निषाद ने नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलाई, और सभी पदाधिकारियों ने अपनी सदस्यता का नवीनीकरण किया। इस अवसर पर, उन्होंने पार्टी की नीतियों और आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम के दौरान, जिले में निषाद पार्टी का सदस्यता अभियान आधिकारिक रूप से शुरू किया गया। इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना है।बैठक में अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# सज गये माता के मंदिर दुकानों पर दिखी श्रद्धालुओं की भीड़

स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** रविवार से शुरू हो रहे नवरात्रि को लेकर शनिवार को सभी देवी जी के मंदिरों पर भव्य सजावट कर दी गई। नवरात्रि को लेकर संग्रामपुर के कालिकन धाम, अमेठी के देवीपाटन, दुर्गन भवानी, आहोरवा भवानी, सती महारानी सहित जिले के दर्जनों देवी मंदिरों की भव्य सजावट हो गई। इस बार नवरात्रि रविवार से प्रारंभ हो रहा है।

कालिकन धाम के पीठाधीश्वर श्री महाराज ने बताया कि रविवार से नवरात्र शुरू हो रहे हैं जिसमें सुबह चार बजे से श्रद्धालुओं की लाइन लग जाती है। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस भी समय से तैयार रहती है। उन्होंने कहा इस नवरात्र में मां कालिका की पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं को मनवांछित फल प्राप्त होता है।

वही मिठाईयों के दुकानदार दिनेश सिंह ने बताया कि नवरात्रि को लेकर हमने कालिकन धाम मे अपनी मिष्ठान भंडार की दुकानों पर मिठाइयां बननी शुरू कर दी है। और माताजी के आशीर्वाद से नवरात्रि में हमलोगों की अच्छी कमाई होती है। और वही पूजन सामग्री के दुकानदार विशाल सिंह ने कहा कि माता जी के मंदिर में नवरात्रि मे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगती है और माताजी के भक्तों के द्वारा कपूर, अगरबत्ती, धूप, लौंग, इलाइची, सहित सभी पूजन संबधित सामग्री खरीदते हैं। वही चाय समोसा के दुकानदार अजीत गुप्ता (डी एम) ने बताया कि नवरात्रि में श्रद्धालु माता जी के दर्शन करने के लिए सुबह 4 बजे से ही आने लगते और हम इससे लोगों की दुकानें सुबह से चलने लगती है और रात लगभग 8 बजे तक चलती है जिससे नवरात्रि में हम लोगों की अच्छी कमाई हो जाती है। वहीं इस पर थाना प्रभारी संग्रामपुर संदीप राय ने कहा कि नवरात्रि को लेकर हम लोगों के द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत पूरे इंतजाम कर लिए गये और मंदिर




परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगवा दिए गये जहां भी किसी भी प्रकार की दिक्कत नजर आयेगी वहाँ पर हम तत्काल जनता की सेवा में उपस्थित रहेंगे। वहीं इस पर खण्ड विकास अधिकारी शिव पूजन भारतीया ने कहा कि कालिकन धाम में पूजन श्रृंगार की दुकानें लग गई है। साफ सफाई को लेकर उन्होंने बताया कि आज से लगातार साफ़ सफाई शुरू हो जाएगी। श्रद्धालुओं ने सुगम दर्शन के लिए पुलिस की उपस्थिति रास्ता बनाया जाएगा।

## आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने अटल आवासीय विद्यालय गुरमुरा का निरीक्षण किया



**सोनभद्र।** विंध्याचल मंडल, मिर्जापुर के आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने आज अटल आवासीय विद्यालय गुरमुरा, सोनभद्र का दौरा किया। उन्होंने विद्यालय के छात्रों से बातचीत की और शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए खरीदी गई सामग्रियों का निरीक्षण किया, जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।आयुक्त ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, मेस में स्वच्छता और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का ध्यान रखने और पठन-पाठन के लिए उत्कृष्ट वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, उप श्रमायुक्त, मिर्जापुर क्षेत्र, पिपरी-सोनभद्र, ए.के. सिंह, अटल आवासीय विद्यालय गुरमुरा-सोनभद्र के प्रधानाचार्य वी.के. मंडल और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# आर एस शिक्षा निकेतन लोहगपुर शाहगढ़ में वार्षिक उत्सव समारोह का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**शाहगढ़, अमेठी।** जिले के आर एस शिक्षा निकेतन लोहगपुर शाहगढ़ अमेठी के अंग्रेजी माध्यम स्कूल में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे, जिन्होंने अपने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व महसूस किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शशांक शुक्ला, प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि, शामिल हुए, जबकि मुख्य अतिथि सदाशिव यादव, ब्लॉक प्रमुख, ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके अलावा, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, स्कूल की प्रबंधक कल्पना यादव, प्रधानाचार्य सुनील यादव और अध्यक्ष सुदर्शन यादव भी इस आयोजन में शामिल हुए।



कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने खूब सराहा। प्रमाण पत्र वितरण के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिससे उनके चेहरों पर खुशी की चमक देखी गई।प्रधानाचार्य सुनील यादव ने अपने संबोधन में कहा, ÷यह वार्षिक उत्सव हमारे छात्रों की मेहनत और लगन का उत्सव है। हमारा लक्ष्य उन्हें शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों से भी जोड़ना है।

# पीएमश्री पल्हारी में सत्रांत समारोह संपन्न, शिक्षा पर जोर

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र।** नगवां, सोनभद्र के पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी में सत्रांत समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक जयप्रसाद चौरसिया ने की, जबकि संचालन का कार्य ब्लॉक स्काउट मास्टर डॉ. बृजेश कुमार सिंह महादेव ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई, जिसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।प्रधानाध्यापक जयप्रसाद चौरसिया ने बताया कि सत्र 2024-25 का समापन हो रहा है और 1 अप्रैल से नया सत्र




शुरू होगा। उन्होंने विद्यालय में आईसीटी लैब की उपलब्धता को इस वर्ष की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया, जिससे अगले सत्र से बच्चे कंप्यूटर सीख सकेंगे। डॉ. बृजेश महादेव ने स्मार्ट क्लास और नई शिक्षा नीति के अनुसार बाल वाटिका के संचालन की जानकारी दी। उन्होंने कक्षा 8 पास बच्चों की पढ़ाई न छूटने की बात कही और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी बच्चों से समय पर नामांकन कराने की अपील की।कार्यक्रम में पवन सिंह, शिव शंकर और ममता ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया और ज्ञानेश त्रिपाठी, रमेश कुमार, और उर्मिला देवी ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दीं।अंत में, डॉ. बृजेश महादेव ने गीत ÷सबकी अपनी अपनी कमाई होती है, सबसे अच्छी पढ़ाई होती है÷ के साथ नए सत्र 2025-26 की बधाई दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## सोनभद्र में बाल श्रम उन्मूलन अभियान, चार नाबालिग बच्चे मुक्त



**सोनभद्र।** सोनभद्र में जिलाधिकारी बी.एन. सिंह और पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। श्रम विभाग और थाना मानव तस्करी रोधी (एएचटी) की संयुक्त टीम ने 29 मार्च 2025 को रामगढ़ मार्केट सहित कई जगहों पर छापेमारी की।इस अभियान के तहत चार नाबालिग बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। टीम ने संबंधित नियोक्ताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव ने बताया कि यह अभियान जिले भर में संयुक्त टीम द्वारा चलाया जा रहा है।रेस्क्यू टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह, थाना मानव तस्करी रोधी प्रभारी रामजी यादव, मुख्य आरक्षी धनंजय यादव और आरक्षी पंकज कुमार शामिल थे।

# सेवा निवृत्ति शिक्षिका के लिए आयोजित किया गया विदाई कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात

**संग्रामपुर,अमेठी।** जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालय कसारा विकास खण्ड क्षेत्र संग्रामपुर जनपद अमेठी की प्रधान अध्यापिका गायत्री देवी पाण्डेय आज अपने बेसिक शिक्षा विभाग के सेवा काल को पूर्ण किया। वही अगर बात करें उनकी प्रथम नियुक्ति 1986 मे प्राथमिक विद्यालय डेढपसार मे हुई। तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय कसारा मे उन्होने अपनी सेवा प्रदान की।

2015 मे प्रमोशन प्राप्त कर उच्च प्राथमिक विद्यालय कसारा में अपनी सेवाएं दी आपके द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग को पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ जिसमें आपके द्वारा 10 वर्षों तक एनपीआरसी के पद को भी सुशोभित किया गया। और आपके द्वारा पढ़ाये गये कई छात्र आज नई नई ऊचाईयों



को प्राप्त कर चुके हैं उसमे से एक छात्र विशाल मौर्या आज सहायक अध्यापक के पद पर वही अगर बात करें आपके कार्यकाल की तो आपका कार्यकाल बहुत ही शानदार रहा। वहीं आज इस मौके पर रवि द्विवेदी रिंकू (पत्रकार), शोले सिंह प्रधान प्रतिनिधि पतापुर, शिव कुमार मौर्य प्रधान प्रतिनिधि कसारा, रमा शंकर मौर्य, अशोक कुमार, रमेश मौर्य, सहित बहुत से लोगों ने पहुंचकर उनके विदाई समारोह में शामिल हुए।

# रेलवे ट्रैक पर विवाहिता का संदिग्ध शव मिला, पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र/रेनुकूट।** रेनुकूट में शुक्रवार देर रात एक दुखद घटना सामने आई, जिसमें 34 वर्षीय साधना गिरी की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। साधना जौनपुर की रहने वाली थीं और उनके पति का नाम दशरथ गिरी है।शनिवार सुबह दशरथ को घटना की सूचना मिली, जिससे परिवार में मातम छा गया। दशरथ ने बताया कि उन्हें पेट में तेज दर्द हो रहा था, लेकिन थके होने के कारण वह दवा लेने नहीं जा सके। इसलिए, साधना खुद हाईटेक रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित एक दवाखाने से दवा लाने के लिए निकली थीं।ऐसा माना जा रहा है कि साधना रेलवे ट्रैक के रास्ते ही डॉक्टर के पास जा रही थीं, और इसी दौरान वे दुर्भाग्यवश ट्रेन की चपेट में आ गई।घटना की सूचना शनिवार सुबह निशा बबलू सिंह को मिली, जिन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।इस घटना ने एक बार फिर रेलवे ट्रैक के आसपास सुरक्षा के गंभीर मुद्दों को उजागर किया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि टीम निशा बबलू सिंह के सदस्य अक्सर घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद करते हैं। सोनभद्र जिले के रेणुकूट क्षेत्र में दुर्घटनाओं में घायलों की मदद के लिए वे जाने जाते हैं। उनकी तत्परता, मानवीय दृष्टिकोण और निस्वार्थ सेवा भाव के लिए उन्हें ÷मानवता का मिसाइल÷ कहा जाता है।स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि डब्लू सिंह रेणुकूट में एक लोकप्रिय और सम्मानित व्यक्ति हैं। लोग उन्हें



मुश्किल समय में याद करते हैं और उनसे मदद की उम्मीद रखते हैं। यह भी कहा गया कि सुख में कई लोग साथ होते हैं, लेकिन दुख में कुछ ही लोग साथ देते हैं, और डब्लू सिंह उन लोगों में से हैं जो सुख और दुख दोनों में लोगों के साथ खड़े रहते हैं।उनके द्वारा किए गए कार्यों से समाज को प्रेरणा मिलती है और लोगों में एकजुटता और मदद की भावना बढ़ती है।

# क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए स्थापित कराया विद्यालय- चुनकूराम

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** शांति देवी इंटर कॉलिज पहाड़ी में शनिवार को अभिभावक गोष्ठी तथा वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय का शिक्षण कार्य सराहनीय है। विद्यार्थियों से कहा कि इस समय शिक्षा ग्रहण करने में इंटरनेट का भी बहुत बड़ा सहयोग है। आप उच्च पदों की तैयारी के लिए इंटरनेट के माध्यम से पढ़ाई कर सकते हैं। कहा कि माता-पिता व शिक्षक आप लोगों को जो भी सीख देते है, उसमें आप सभी की भलाई निहित है। उनके सीखों व बातों का पालन अवश्य करें तथा एक अच्छे नागरिक बनकर समाज की सेवा करें।

सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी व विशेष कार्याधिकारी यूपीडा विद्यालय के संरक्षक चुनकू राम पटेल ने विद्यार्थियों से कहा कि यह क्षेत्र उनकी जन्मभूमि है। उन्होंने अपने सेवा काल में यहां एक शिक्षा का मंदिर खोलकर इस क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के तहत इस विद्यालय का निर्माण कराकर शिक्षण कार्य कराया जा रहा है। विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आज बच्चों के मध्य पुरस्कार वितरण का कार्य किया जा रहा है। विद्यालय की स्थापना की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बीती एक अप्रैल 2018 से विद्यालय में शिक्षण का कार्य शुरू हुआ था। बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को बुलाकर विद्यालय में बैठक की जाती है तथा समस्याओं का विद्यालय स्तर पर ही निस्तारण किया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की वार्षिक परीक्षा में प्री-प्राइमरी कक्षा से लेकर इंटर तक की कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों एवं जिला स्तर पर स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, अंक पत्र व



स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। जिसमें विद्यार्थी अर्पित, देवांश साहू, अनाया सिंह, एंजल गुप्ता, आर्यन, गौरांगी, पीहू पांडेय, सूर्य प्रताप सिंह, आर्य सिंह, आदर्श, दिव्यांशु, शिवशंकर, अमित साहू, आदर्श सिंह, जानकी पांडेय, अक्षत शुक्ला, खुशी मिश्रा, राजू प्रसाद आदि शामिल रहे को सम्मानित किया गया।इस मौके पर अपर आयुक्त प्रशासन चित्रकूट धाम मंडल बांदा भगवान शरण पटेल, प्री प्राइमरी विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारिका प्रसाद, मनोज कुमार त्रिपाठी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद रहे।

# कलश यात्रा के साथ शुरु की गई नव दिवसीय श्रीराम कथा

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** परमहंस सन्त रणछोड़दास महराज द्वारा स्थापित श्री रघुबीर मन्दिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि का उत्सव रामनवमी बड़े ही भक्ति-भावपूर्वक एवं हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस वर्ष बरेली से पधारे उमाशंकर व्यास भगवान श्रीराम की पावन कथा का गान करेंगे।

ट्रस्टी डॉ बी के जैन ने बताया कि इस वर्ष कथा श्रवण करने एवं उत्सव में सम्मिलित होने देश के विभिन्न प्रान्तों से गुरुभाई, बहनों एवं श्रीराम कथा रसिकों के चित्रकूट आने का सिलसिला प्रारम्भ हो गया है। इस वर्ष के नवदिवसीय कथा का प्रारम्भ चैत्र कृष्ण अमावस्या शनिवार की शाम को कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हो गया है। जिसमें गाजे बाजे



के साथ मंगल कलश के साथ माताएं, साधु-संत एवं सद्गुरु परिवार के सभी सदस्यों की अगवानी में रामायण की पोथी के साथ कथा व्यास सम्मिलित हुए। बताया कि 30 मार्च से सात अप्रैल तक प्रतिदिन प्रातः सात बजे से श्री रामचरितमानस का नवान्ह पारायण सुरेन्द्र शास्त्री करेंगे एवं वाचन उमाशंकर व्यास द्वारा अपराह्न 3.30 से 6.30 तक प्रतिदिन किया जाएगा। गौ सेवा केन्द्र की संचालिका ऊषा जैन ने बताया कि पंचमी की शाम गोधूलि बेला में गौ सेवा केंद्र के वार्षिकोत्सव के निमित्त 56 भोग का गौ अन्नकूट एवं आरती का आयोजन किया जाएगा। साथ ही श्रीरामनवमी के दिन प्रातः 11 बजे से मन्दिर में बधाई एवं दोपहर 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

# जिले के आखिरी छोर पर स्थित चिल्लीमल प्राथमिक विद्यालय की बीएसए ने की सराहना

स्वतंत्र प्रभात

**पहाड़ी, चित्रकूट:** प्राथमिक विद्यालय चिल्लीमल में शनिवार को शारदा संगोष्ठी, वार्षिकत्सव एवं अंक-पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में बेसिक शिक्षक अधिकरी बीके शर्मा कहा कि प्राथमिक विद्यालय चिल्लीमल उन अध्यापकों के लिए एक नजीर है, जो काम चोरी करते हैं और हर बात पर बहाना करते हैं। यह विद्यालय चित्रकूट के आखिरी छोर पर स्थित है। इस विद्यालय की व्यवस्थाएं पूरी तरह से प्राइवेट विद्यालय जैसी है। पूरे जिले में बेसिक शिक्षा विभाग में यह इकलौता विद्यालय है, जहां पर अध्यापकों का ड्रेस कोड है। सभी बेसिक विद्यालय के शिक्षकों को इस विद्यालय से



सीख लेनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सभी लोग पढ़ाई कर अपने क्षेत्र व माता-पिता का नाम रौशन करें। इस दौरान विद्यालय की वार्षिक परीक्षा में कक्षा एक से पांच तक प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को अंक-पत्र व पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय की व्यवस्था में ग्राम प्रधान सहित सभी अध्यापकों का सहयोग रहता है। साथ ही अभिभावकों के सहयोग से विद्यार्थियों की उपस्थित भी हो रही है। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी कर्वी शंशाक शेखर शुक्ला, पहाड़ी राजेश कुमार, ग्राम प्रधान धर्मराज, एआरपी शिवप्रेम याज्ञिक, पुष्पेंद्र सिंह, कधई प्रसाद, प्रमोद कुमार शुक्ला, शिक्षक आशीष कुमार, जितेन्द्र कुमार, शिव कुशल, भोन्डा प्रसाद, दिलीप कुमार, चिंता देवी, प्रबन्ध समित अध्यक्ष अब्दुल सत्तार आदि मौजूद रहे।

# कार्यालय नगर पंचायत रामपुर, जनपद जौनपुर।

पत्रांक-632 न0प0 राम0/2024-25 दिनांक 28.03, 2025

## सार्वजनिक सूचना (अन्तिम प्रकाशन)

पत्राक सं0 523/न0प0राम0/2024-25 ले आउट प्लान उपविधि/2024-25 के द्वारा समस्त पक्षकारों नगर पंचायत रामपुर जनपद जौनपुर सीमान्तर्गत आवासी भवनों / अनावसीय भवनों के स्वामी/अध्यासियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग-9 के अधिसूचना संख्या-912/नौ-9-24-85ज/05, टी0सी0-1 लखनऊ दिनांक 28 जून 2024 द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1 सन् 1916) की धारा 153 और 298 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल पूर्वाक्त अधिनियम की धारा 300 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार सरकारी अधिसूचना संख्या-2191/नौ-9-19-85 ज/टी0सी0-1 दिनांक 18 नवम्बर 2019 में प्रकाशित आदेश के अनुसरण में प्राप्त आपत्तियों और सुझाव पर विचार करने के पश्चात् नियमावली बनायी गयी है, जिसके क्रम में नगर विकास अनुभाग-9 के शासनादेश संख्या-1063/नौ-9-24-85ज/05 टी0सी0-1 दिनांक 28 जून 2024 व नगर विकास अनुभाग-9 के शासनादेश संख्या-2563/नौ-9-2024 ई0 1646203 दिनांक 20 दिसम्बर 2024 जिसके अनुपालन में मासिक किराया दर निर्धारण करने के लिये अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया है, जिसके क्रम में नगर पंचायत रामपुर जौनपुर की बोर्ड की बैठक के प्रस्ताव सं0- 07(8) दिनांक 18.11.2024 के द्वारा सर्वसम्मत से स्वीकृत प्रदान की गयी है। जिसके अन्तर्गत वार्ड नं0 01 से 13 में अवस्थित समस्त प्रकार के आवासीय / अनावासिक भवनों पर गृहकर, जलकर व जलनिकास की दरों के निर्धारण हेतु आपत्तियों आमन्त्रित की जाती है। उक्त आपत्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अधिशासी अधिकारी को संबोधित पत्र के माध्यम से सीधे नगर पंचायत रामपुर, जौनपुर डाक डिस्पैच पटल पर या पंजीकृत डाक के माध्यम से दे सकते है। प्राप्त शिकायतों में से 10 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण वार्डवार किया जायेगा। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले शिकायतों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। स्वकर निर्धारण हेतु गृहकर 10 प्रतिशत व जलकर 7.50 प्रतिशत व जलनिकास कर 2.50 प्रतिशत से कम न होगा। कर का निर्धारण निम्मलिखित के आधार पर किया जायेगा।

उपरोक्त के क्रम में दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण एवं स्वतन्त्र प्रभात में दिनांक 20.02.2025 को 15 दिन के भीतर सुझाव एवं आपत्ति हेतु प्रकाशित कराया गया था, प्रकाशन के उपरान्त निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति या सूझाव प्राप्त नहीं हुआ है। नगर पंचायत रामपुर, जौनपुर के सीमाक्षेत्र में स्थित भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर का नीचे लिखित सूची में वर्णित प्रति वर्ग फुट न्यूनतम मासिक किराये की दर अन्तिम रूप से प्रकाशित की जाती है, जो कि 01 अप्रैल 2025 से लागू होगी।

**(क) (एक) आवासीय भवन के वार्षिक मूल्य की गणना-**
**फर्शी क्षेत्रफल × निर्धारित प्रति इकाई क्षेत्रफल मासिक किराया दर X12**
**या**
**आच्छादित क्षेत्रफल का 80% × निर्धारित प्रति इकाई क्षेत्रफल मासिक किराया दर X 12**
**(ख)(एक) अनावासीय भवन के वार्षिक मूल्य की गणना-**
**भूमि का क्षेत्रफल × निर्धारित प्रति इकाई क्षेत्रफल मासिक किराया दर X 12**
**आच्छादित क्षेत्रफल × आवासिक भवन की दर के गुणांक के आधार पर नियत प्रति ईकाई क्षेत्रफल की मासिक दर × 12**
**(दो) अनावासीय भूमि के वार्षिक मूल्य की गणना-**
**भूमि का क्षेत्रफल × आवासिक भूमि की दर के गुणांक के आधार पर नियत प्रति ईकाई क्षेत्रफल की मासिक दर X 12**

तथा सेवा प्रभार निर्धारित कर के 75 प्रतिशत, 50 प्रतिशत या 33.33 प्रतिशत भारत संघ या उसके विभागों द्वारा संदेय होगा। विस्तृत नियमावली नगर विकास अनुभाग-9 के अधिसूचना संख्या-912/नौ-9-24-85ज/05, टी0सी0-01 लखनऊ दिनांक 28 जून 2024 कर विभाग नगर पंचायत रामपुर, जौनपुर से प्राप्त की जा सकती है। शेष नियम व शर्ते उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 एवं उ0प्र0 सरकार की अधिसूचना दिनांक 28 जून 2024 के अनुसार होगी।

| वार्ड का नाम | 24 मी0 से अधिक चीटे मार्ग पर स्थित भवन (दर वर्गफीट में) | | | 12मी0 से 24 मी0 तक चौडे मार्ग पर स्थित भवन (दर वर्गफीट में) | | | 12मी0 से 0मी0 तक चौडे मार्ग पर स्थित भवन (दर वर्गफीट में) | | | 09 मी0 से कम चौडे मार्ग पर स्थित भवन (दर वर्गफीट में) | | | आवासी भू-खण्ड जिसमें मकान न बने हो (दर वर्गफीट में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आर सी सी छत सहित अच्छा पक्का मकान | अन्य पक्का मकान | कच्चा भवन (खपरैल टीन शेड) | आर सी सी छत सहित अच्छा पक्का मकान | अन्य पक्का मकान | कच्चा भवन (खपरैल टीन शेड) | आर सी सी छत सहित अच्छा पक्का मकान | अन्य पक्का मकान | कच्चा भवन (खपरैल टीन शेड) | आर सी सी छत सहित अच्छा पक्का मकान | अन्य पक्का मकान | कच्चा भवन (खपरैल टीन शेड) | आर सी सी छत सहित अच्छा पक्का मकान | अन्य पक्का मकान | कच्चा भवन (खपरैल टीन शेड) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| भीमपुर मालपुर | 1.50 | 1.30 | 1.10 | 1.40 | 1.20 | 1.00 | 1.10 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.10 |
| लालतानगर | 1.50 | 1.30 | 1.10 | 1.40 | 1.20 | 1.00 | 1.10 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.10 |
| उसरहवाँ बस्ती | 1.50 | 1.30 | 1.10 | 1.40 | 1.20 | 1.00 | 1.10 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.10 |
| धनुहाँ कस्बा | 1.50 | 1.30 | 1.10 | 1.40 | 1.20 | 1.00 | 1.10 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.10 |
| सहनपुर | 1.50 | 1.30 | 1.10 | 1.40 | 1.20 | 1.00 | 1.10 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.10 |
| रामपुर मुख्य बस्ती | 1.50 | 1.30 | 1.10 | 1.40 | 1.20 | 1.00 | 1.10 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.10 |
| रामपुर ब्राहमण बस्ती | 1.50 | 1.30 | 1.10 | 1.40 | 1.20 | 1.00 | 1.10 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.10 |
| खेमापुर | 1.50 | 1.30 | 1.10 | 1.40 | 1.20 | 1.00 | 1.10 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.10 |
| रामपुर खास | 1.50 | 1.30 | 1.10 | 1.40 | 1.20 | 1.00 | 1.10 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.10 |
| मई पश्चिमी | 1.50 | 1.30 | 1.10 | 1.40 | 1.20 | 1.00 | 1.10 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.10 |
| मई पूर्वी | 1.50 | 1.30 | 1.10 | 1.40 | 1.20 | 1.00 | 1.10 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.10 |
| धनुहाँ खास | 1.50 | 1.30 | 1.10 | 1.40 | 1.20 | 1.00 | 1.10 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.10 |
| धनुहाँ पडितान | 1.50 | 1.30 | 1.10 | 1.40 | 1.20 | 1.00 | 1.10 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.20 | 0.10 |

### अनुसूची श्रेणी

| श्रेणी | सम्पत्ति का विवरण | अनावासिक भवन की मासिक किराये की दर |
|---|---|---|
| 1 | छात्रावास या राजकीय, सरकार द्वारा सहायता प्राप्त या गैर सहायता प्राप्त शैक्षिक संस्थानों, स्वीमिंग पूल, कडा केन्द्र तथा जिम, शारीरिक स्वास्थ्य केन्द्र, थियेटर जिनका प्रयोग मात्र सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु होता हो, जिसमें वैवाहिक समारोह से सम्बन्धित सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मिलित नही है, संगीत एवं नृत्यकेन्द्र, सूक्ष्म एवं लघु आधौगिक इकाईयों (उद्योग विभाग की परिभाषानुसार) एकल स्कीन सिनेमाघर (जो माल्स में स्थित नहीं है) 120 वर्गफीट /11.14 वर्गमीटर क्षेत्रफल तक की चाय, दूध, डबल रोटी, अंडे, धोबी/लांड्री, फल, सब्जी, फोटो स्टेट, नाई/ हेयर ड्रेसर (जिनमें दो से अधिक बाल काटने की कुर्सियों न हो और वातानुकूलन/कूलर का उपयोग न होता हो) तथा दर्जी की दुकान। | उपनियम (1) के अधीन नियम दर के सामान। |
| 2 | मेडिकल स्टोर, प्रत्येक प्रकार के वाणिज्यिक काम्पलेक्स, स्थापित बाजारो में स्थित दुकाने, टेन्ट हाउस, भवन निर्माण सामग्री की दुकान और गैर सरकारी कोचिंग सेन्टर | उपनियम (1) के अधीन निर्धारित दर का दो गुना। |
| 3 | सरकारी अर्ध सरकारी अथवा गैर सरकारी कार्यालय भवन, सार्वजनिक उपक्रम, राजकीय निगम और बोर्ड आदि, क्लीनिक, पालीक्लीनिक, डेन्टल क्लीनिक, डायगोस्टिक केन्द्र, पैथोलाजी लैब, नर्सिंगहोम, चिकित्सालय और स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्र, फिजियोथिरैपी केन्द्र, प्रसूति गृह, प्राविधिक विश्वविद्यालय, मेडिकल कालेज एवं डेन्टल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज, प्रबन्ध संस्थान, विधि संस्थान, एवं अन्य व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान, पेट्रोल पम्प, गैस एजेन्सी, डिपों और गोदाम आदि, सामुदायिक भवन, कल्याण मण्डप, विवाह क्लब, आडीटोरियम (प्रेक्षागृह). सामुदायिक केन्द्र, मध्यम तथा वृहद उद्योग (उद्योग विभाग की परिभाषानुसार) रेस्टोरेन्ट, स्टाररहित होटल और एक या एक से अधिक सितारे वाले होटल और अन्य पर्यटन इकाईया, टावर और होर्डिग वाले भवन, टेलीविजन टावर, दूरसंचार टावर या कोई अन्य टावर जो भवन की सतह पर या शिखर पर या खुले स्थान पर प्रतिस्थापित किये जाते हैं बैंक, बैंक ए0टी0एम0, फाईनेन्स कम्पनियां, निजी क्षेत्र के कार्यालय और निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान, माल्स, पब्स, बार, बासगृह जहाँ भोजन के साथ मदिरा भी परोसी जाती है। | उपनियम (1) के अधीन निर्धारित दर का तीन गुना। |
| 4 | अन्य प्रकार के अनावासिक भवन जो उपर्युक्त श्रेणी में उल्लिखित नहीं है। | उपनियम (1) के अधीन निर्धारित दर का तीन गुना। |

**चंदन सिंह गोंड**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत रामपुर जनपद-जौनपुर।**

**(विनोद जायसवाल)**
**पंचाध्यक्ष रामपुर**
**नगर पंचायत रामपुर जनपद-जौनपुर।**

### खण्ड-2

1. यदि किसी भवन अथवा भूमि जिस पर कर आरोपित है, उसका स्वात्वि हस्तानान्तरित होता है, तो स्वत्व हस्तानान्तरित करने वाले व्यक्ति या संस्था, ऐसी हस्तानान्तरण के 03 माह के अन्दर उसकी सूचना बैनामें की प्रमाणित छायाप्रति व अन्य अपेक्षित दस्तावेज सहित, नोटरी हलफनामा सहित नगर पंचायत घोसिया बाजार भदोही में जमा करते हुये अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत घोसिया को नामान्तरण हेतु आवदेन प्रेषित करना होगा। अन्यथा की स्थिति में रू0 1000/- प्रतिवर्ष की दर से विलम्ब शुल्क भी देय होगा। नामान्तरण शुल्क जमा करने का दायित्व भवन/भूमि स्वामी / संस्था का होगा एवं भवन / भूस्वामी को विज्ञापन का व्यय वहन करना होगा।
2. यदि किसी करदाता अथवा भवन / भूमि के स्वामी की मृत्यु हो जाती है, तो उसके वारिस / उत्तराधिकारी द्वारा मृत्यु की दिनांक से तीन माह के अन्दर नामान्तरण शुल्क के साथ लिखित सूचना अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत घोसिया को प्रेषित करनी होगी तथा नामान्तरण शुल्क के रूप में वरासतन शुल्क रू0 1000.00 व रजिस्टर्ड दस्तावेज एवं दान पत्र इत्यादि के आधार पर भवन / भूमि के मालियत 10 लाख पर रू0 2000.00, दस लाख एक रूपये से रू0 25 लाख तक रू0 5000.00 व रू0 25 लाख एक रूपये से रू0 50 लाख तक रू0 10000.00 व 50 लाख एक रूपये से एक करोड़ तक रू0 25000.00 व एक करोड़ से दो करोड़ तक रू0 50000.00, दो करोड़ से पॉच करोड़ तक रू0 100000.00 व पाँच करोड़ से ऊपर रू0 200000.00 आवेदक द्वारा को देय होगा। अन्यथा कि स्थिति में रू0 1000.00 प्रतिवर्ष की दर से विलम्ब शुल्क भी देय होगा। निराश्रित विधवा, विकलांग एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन व अन्त्योदय कार्ड धारक वाले व्यक्तियों को नामान्तरण शुल्क में 50 प्रतिशत छुट प्रदान की जायेगी।
3. नामान्तरण के आवेदन का निस्तारण सामान्य परिस्थितियों में 45 दिवस के अन्दर कर दिया जायेगा।
4. यदि किसी भवन पर मा0 न्यायालय में वाद विचाराधीन है, तो इस स्थिति में मा0 न्यायालय द्वारा विपरित आदेश पारित होने की दशा में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत घोसिया द्वारा पारित नामान्तरण आदेश स्वतः निरस्त समझा जायेगा एवं मा0 न्यायालय के आदेश का अनुपालन नगर पंचायत द्वारा किया जायेगा।
5. यदि किसी करदाता या अन्य किसी व्यक्ति को भवन/भू-खण्ड की मूल्यांकन नकल शुल्क प्राप्त करनी हो, तो पंचवर्षी मूल्याकंन की साधारण नकल शुल्क रू0 100/- प्रति स्टाम्प निर्धारित किा गया है।
6. नगर पालिका अधिनियम में ऐसा कोई उपबंध नहीं है, जो भूस्वामियों के अधिकारों को प्रभावित करता हो। भूस्वामियों, उनके काश्तकारों एवं अनुज्ञप्ति धारकों के अधिकार एवं दायित्व इस अधिनियम के उपबन्धों के प्रवृत्त होने के बावजूद अप्रभावित बने रहेगें। नगर पालिका अधिनियम का उद्देश्य भूस्वामित्य सम्बन्धी अधिकारों के प्रभावित करने से भिन्न है। यह नियमावली मात्र गृहकर वसूली हेतु मान्य है। भवन / भूमि के स्वत्य के सन्दर्भ में मा0 न्यायालय के आदेश ही मान्य होगा।

**चंदन सिंह गोंड**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत रामपुर जनपद-जौनपुर।**

**(विनोद जायसवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत रामपुर जनपद-जौनपुर।**

# संक्षिप्त ख़बरें

## प्रखंड सर्वोदय नगर के पोस्ट 9 में मनाया गया होली मिलन समारोह का भव्य कार्यक्रम



**कानपुर।** नागरिक सुरक्षा कोर पोस्ट 9 प्रखंड सर्वोदय नगर सेक्टर वार्डन संतोष कुमार कुशवाहा जी के निवास में पोस्ट की बैठक और होली मिलन समारोह का कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिवराज सिंह जी उप नियंत्रक, विमलेश कुमार यादव सहायक उप नियंत्रक, विष्णु कुमार शर्मा सहायक उप नियंत्रक, आशीष बाजपेई डिवीजनल वार्डन, मनोज कुमार स्टाफ अधिकारी, लकी जी स्टाफ ऑफिसर, रवींद्र यादव पोस्ट वार्डन, करन सिंह यादव सेक्टर वार्डन, अशोक श्रीवास्तव डिप्टी पोस्ट वार्डन, यावेन्द्र सिंह सेक्टर वार्डन, श्याम अरोड़ा सेक्टर वार्डन, हरिओम सिंह सेक्टर वार्डन, हंसराज यादव पोस्ट वार्डन, विमल कुशवाहा सेक्टर वार्डन, अमित दीक्षित पोस्ट वार्डन,पवन दीक्षित पोस्ट वार्डन, प्रवीण मिश्रा पोस्ट वार्डन, विकास कुमार सेक्टर वार्डन, मनोज सेंगर सेक्टर वार्डन,देवराज सिंह सेक्टर वार्डन,नीरज सिंह सेक्टर वार्डन,हंसराज यादव पोस्ट वार्डन, सतीश साहू सेक्टर वार्डन, मनोज यादव पोस्ट वार्डन, विवेक श्रीवास्तव पोस्ट वार्डन संदीप यादव, अनिल चौहान,आदि लोग रहे कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## थाना किदवईनगर में नवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक



**कानपुर।** आगामी नवरात्रि महापर्व के दृष्टिगत बारा देवी मंदिर कमेटी, जवारा लाने वाले श्रद्धालु व डीजे संचालकों के साथ थाना प्रभारी किदवईनगर द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर कमेटी के सदस्य सहित क्षेत्र के अन्य सम्भ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से मनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीजे साउंड की सीमा,जवारा यात्रा के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था आदि को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की है।

## महाराजपुर पुलिस ने 25 हजार का इनामिया बदमाश गिरफ्तार किया



**कानपुर।** थाना महाराजपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर में दिनांक 14.10.2024 को पंजीकृत मुकदमा धारा 191 (2), 191 (3), 190,352, 115 (2), 333, 109 बी0एन0एस0 2023 से सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा 25000-25000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था। निरीक्षक थाना महाराजपुर महोदय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसको व अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर के आदेश के अनुपालन मे एवं अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी कमिश्नरेट कानपुर नगर व सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी के कुशल निर्देशन व पर्यवेक्षण में एवम् प्रभारी निरीक्षक महाराजपुर कानपुर नगर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 28 मार्च को थाना महाराजपुर पुलिस टीम द्वारा दौराने दविश 1 अभियुक्त को उसके घर के सामने से समय करीब 21.00 बजे हिरासत में लिया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश कर जेल भेजने की कार्यवाही की जायेगी।

## छोटीलाइन इमामबाड़े में रोजा इफ्तार आज

**जौनपुर।** कदम रसूल छोटीलाइन इमामबाड़ा, भंडारी स्टेशन के पीछे, रविवार 30 मार्च को पंजतनी कमेटी द्वारा मजलिस-ए-अजा और रोजा इफ्तार का आयोजन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष शाहिद मेहंदी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम शाम 5 बजे से शुरू होगा, जिसमें मौलाना मनाजिर हसनैन खान मजलिस को संबोधित करेंगे। इसके बाद मगरिब की नमाज के उपरांत रोजा इफ्तार कराया जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## डिप्टी कलेक्टर कुणाल गौरव की कार्यशैली ने मड़ियाहू तहसील को दिलाई एक अलग पहचान



**जौनपुर मड़ियाहूं** जनता दरबार में आये हुए लोगों के समस्या का त्वरित निस्तारण करना,दिन रात मेहनत कर लंबित फाइलो का निस्तारण करना,गरीबों के प्रति दरियादिली दिखाना और महाकुम्भ में जाने वाले यात्रियों को अपने हाथ से नाश्ता व पानी पिलाना आदि ऐसा कार्य रहा हो जिसकी मड़ियाहू क्षेत्र में चहुओर प्रशंसा हो रही हो सीएम डैशबोर्ड अंतर्गत ऐसी योजनाएं आय प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र,निवास प्रमाण पत्र, कृषक दुर्घटना, हैसियत प्रमाण पत्र,PROW टावर हेतु एनओसी आदि ऐसी योजनाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले में नाम रोशन करना रहा हो अच्छे कार्यो के लिये जिलाधिकारी जौनपुर के द्वारा कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है इन सब कार्यो के बीच दलाली प्रथा को पूर्णतया रोकना मड़ियाहू तहसील में ऐतिहासिक कार्य है।

## जगदीशपुर क्रासिंग पर मरम्मत काम के कारण को लेकर नाथुपुर में रहा जाम



**जौनपुर जफराबाद।**क्षेत्र के जगदीशपुर रेलवे क्रासिंग पर शनिवार को मरम्मत कार्य के कारण नाथुपुर रेलवे क्रासिंग व उसके आसपास जाम की हालत पूरे दिन बनी रही।पुलिस ने जगह जगह रोड डाइवर्जन कर रखा था। ऊक्त रेलवे क्रासिंग पर विभाग द्वारा वार्षिक मरम्मत तथा टीआरआर कार्य कराया जा रहा है।इस कार्य मे जगदीशपुर रेलवे क्रासिंग पर तथा उसके पास के दर्जनों स्लीपरों को बदला गया।इस काम के लिए सुबह आठ बजे से ही दर्जनों मजदूरों की टीम व जेसीबी आदि लगी हुई थी।जफराबाद पुलिस ने हौज टोलप्लाज़ा के पास बैरिकेटिंग कर के भारी वाहनों को हाइवे की तरफ भेज रही थी।बाकी छोटे वाहनों को थाना गेट व जगदीशपुर चौराहे से वाया नाथुपुर भेजा जा रहा था।लाइनबाजार से जाने वाले वाहनों को भी क्रासिंग के पहले से वाया नाथुपुर भेजा जा रहा था।वाहनों के अत्यधिकता के चलते नाथुपुर क्रासिंग से जगदीशपुर चौराहे तक लगातार जाम की स्थिति बनी रही।

## जमीन पर जबरदस्ती मिट्टी डलवाकर कब्जा करने का आरोप, महिला ने थाने पर दी तहरीर

**जौनपुर जफराबाद** थाना क्षेत्र के करमही गांव की एक महिला ने अपने पड़ोसियों पर उसकी जमीन पर मिट्टी डलवाकर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए थाने पर पहुच गयी। बता दें कि जफराबाद थाना क्षेत्र के करमही गांव की हीरावती देवी ने शनिवार को सुबह थाने पर पहुचकर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी सजीवन और शशि कुमार द्वारा उसके जमीन पर जबरदस्ती मिट्टी डालकर कब्जा किया जा रहा है। मना करने पर गाली गलौज और मारने पीटने की धमकी दिया जा रहा है। महिला ने नामजद तहरीर देते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई। थाना प्रभारी जफराबाद जय प्रकाश यादव ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। हल्का प्रभारी को मौके पर भेजा गया है। उचित कार्रवाई की जाएगी।

## युवा पत्रकार तामीर हसन सड़क हादसे में घायल



**जौनपुर।** जनपद के चर्चित युवा पत्रकार एवं राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष तामीर हसन शीबू एक सड़क हादसे में घायल हो गए। उनका इलाज नगर में स्थित कृष्णा ट्रामा सेंटर के डॉक्टर रॉबीन सिंह की देखरेख में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार की रात्रि 8 बजे एक निजी कार्यक्रम के अपने घर जा रहे थे सिपाह पेट्रोल पंप के बगल धर्म काटे पास सामने से आ रही अनियंत्रित ट्रक से बचने के लिए दाहिने तरफ कूद गए इस सड़क दुर्घटना में उनके दाहिने पैर के घुटने में गंभीर चोट आई जिसके चलते डॉक्टर ने उन्हें पूर्ण रूप से बेड रेस्ट की सलाह दी है। इस घटना सूचना मिलते ही पत्रकारों सहित कई शुभचिंतक उनके हालचाल जानने के लिए उनके आवास पर पहुंचे व मोबाइल से संपर्क कर स्वास्थ की जानकारी ली। वही जनपद के समाजसेवी, पत्रकारिता जगत से जुड़े शुभचिंतक लोगों ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### एक्सीडेंटल जोन बन रहा लखीमपुर सीतापुर नेशनल हाइवे

**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र की पुलिस चौकी ओयल के अंतर्गत लखीमपुर सीतापुर नेशनल हाईवे पर अमृत सरोवर के पास मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति का एक्सीडेंट हो गया।सड़क दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय राहगीरों द्वारा 108 एम्बुलेंस को फोन कर घटना की जानकारी दी।जानकारी पाकर एम्बुलेंस घटना स्थल पर पहुंची और घायल हुए व्यक्ति को जिला अस्पताल लेकर गई जहां डाक्टरों द्वारा घायल व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।स्थानीय सूत्रों के अनुसार बताया गया कि थाना फरधान क्षेत्र के रहने वाले रहमत अली जो रोज की भांति जिला अस्पताल में होमगार्ड की ड्यूटी करने के लिए अपनी मोटरसाइकिल यूपी 31 सीडी 7331 से जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन की टक्कर में घायल हो गए।राहगीरों द्वारा उनको एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया जहाँ उनकी मौत हो गई।

### मकान पर गिरा हाईटेंशन लाइन का तार, अनहोनी होने से टली

**निघासन खीरी** –तहसील क्षेत्र निघासन बेलरायां पनवारी मार्ग पर बिजली का हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर घर के आंगन में गिर गया, यह घटना घटित होने पर दैवयोग से घर पर किसी के न होने व उस समय विद्युत आपूर्ति बाधित होने के समय हुआ जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।निघासन के बेलरायां पनवारी मार्ग पर 11000 हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गगनदीप सिंह के निर्माणाधीन घर के आंगन में गिर गया, मकान का प्लास्टर व फर्श का काम अभी चल रहा है जिसमें मजदूर लोग रहते हैं, लेकिन आज जब घटना घटित हुई उस समय किसी कारणवश काम बंद था, जिस कारण वहां कोई भी उपस्थित नही था, और तेज हवा के कारण बिजली आपूर्ति भी बाधित थी एतएव किसी के न होने से एक बड़ा हादसा टल गया। अगर मजदूर कार्य कर रहे होते व बिजली आपूर्ति बंद न होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि बिजली कर्मचारियों ने तार को पुन: जोड़ दिया है।

### मीटर रीडिंग निकालने गए युवक के पुरानी रंजिश के चलते मारी गई गोली

शाहजहांपुर / थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर में 1 मीटर रीडिंग निकलने वाला युवक मीटर रीडर बिजली का बिल निकालने जा रहा था तभी गांव से पहले ही मोहल्ला गौस नगर निवासी आरिफ पुत्र यामीन के गांव नगला नाथ निवासी युसूफ व् नदीम ने तमंचे से फायर कर उसके गोली मार दी। गोली उसके जाँघ में लगी है। गोली लगने से युवक वहीं मौके पर ही गिर गया।जबकि आरोपी गोली मारने के बाद



मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने गोली लगने से घायल आरिफ को देखा तो उन्होंने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद लेकर पहुंची। जहां पर सूचना मिलने पर घायल के परिजन व आसपास के लोग भारी संख्या में पहुंच गए। मौके पर कोतवाल प्रदीप कुमार राय भी पुलिस बल के साथ। उसके बाद पुलिस ने मौके पर घायल के बयान दर्ज किया। बयान दर्ज करने के बाद गंभीर रूप से घायल यूवक आरिफ को मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के क्रम की जानकारी के बारे में पता चला करीब 2 साल पहले आरिफ नगला नाथ निवासी यूसुफ की लड़की को भगा ले गया था। बाद में सामाजिक दबाव पढ़ने के बाद उसने लड़की को छोड़ दिया। यूसुफ ने अपनी लड़की की दूसरी जगह शादी कर दी। तभी से पुरानी रंजीत चल रही थी। आज युवक मीटर रीडर आरिफ बिजली का बिल निकालना गांव जा रहा था तभी आरोपियों ने तमंचे से उसके गोली मार गोली दाईं जांघ में लगी है। बहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। क्षेत्राधिकार अमित चौरसिया पटना स्थल पर जाकर निरीक्षण किया के जानकारी देते हुए बताया कि हर बिंदु पर जांच कि जा रही है।

# कॅरिअर कान्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया

स्वतंत्र प्रभात

**मितौली खीरी।** कॅरिअर कान्वेंट स्कूल कस्ता में वार्षिक परीक्षाफल वितरण संपन्न हुआ, परीक्षा परिणाम पाकर बच्चों के खिले चेहरे। आपको बता दें कि लखीमपुर खीरी जिले के मितौली तहसील के अंतर्गत कस्ता स्थित कॅरिअर कान्वेंट स्कूल में आज दिनांक 29 मार्च को सत्र 2024–25 का परीक्षा परिणाम, जिसका इंतज़ार बच्चों को बेसब्री से था, घोषित किया गया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं में कक्षा नर्सरी से आठ तक क्रमशः अंविता पटेल, सुशांत सिंह , आव्या मिश्र, अनुभव वर्मा , शिवान्या मिश्र, सोनाक्षी चौधरी, रीतिका पटेल, आरव, अखिल प्रताप, वैभव शुक्ल, अंश प्रताप तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं में कक्षा नर्सरी से आठ तक क्रमशः सिद्धि, आर्यन राज, अभिनय सिंह , अधिराज, उर्जित पटेल, सृष्टि कनौजिया, अनुकूल मिश्र, अदिति, रुद्रांश, आदर्श पटेल, अंशित पटेल और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राएं कक्षा नर्सरी से आठ तक क्रमशः अनुपम, विराट गिरी, अर्पित राठौर, अथर्व तिवारी, अभिप्रिंस, शौर्य वर्मा, शिखर पटेल, आराध्या मिश्र, कमल मिश्र, अनन्या, निधि वर्मा रहे जिनको विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक एवं संरक्षक ने बच्चों



को उज्ज्वल भविष्य की शुभ कामनाएं दीं। परीक्षा फल प्राप्त करके बच्चे खुश हुए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री रतनेश वर्मा वर्मा, संरक्षक श्री शंकर लाल वर्मा, प्रधानाचार्य श्री विपुल अवस्थी, परीक्षा प्रमुख आकाश मिश्र, बराती लाल, अनुज दीक्षित, विमल सिंह, पंकज कुमार, विनीता पांडेय, वंदना पांडेय, नेहा तिवारी, दीप्ति अवस्थी, शिल्पी, सृष्टि अवस्थी, अंजली वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# बलरामपुर चीनी मिल की कुम्भी इकाई में गन्ना काटने की मशीन आने से किसानों को मिलेगी राहत



स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ–खीरी।** कुम्भी चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्रामों मे गन्ना कटाई हेतु लाई गई गन्ना कटाई मशीन से ग्राम तेजापुर, सुहेला तथा सिकंदराबाद में गन्ना काटने वाली मशीन का परीक्षण किया गया। जिसको देखने के लिए भारी संख्या में किसान पहुंचे। इस मशीन के सफल परीक्षण से किसान संतुष्ट दिखे तथा अपना गन्ना कटाई हेतु मिल प्रबंधन से अपनी बात रखी गन्ना प्रबंधक जगपाल सिंह ने बताया कि इस कटाई मशीन के प्रयोग से आने वाले समय में मजदूरो पर निर्भरता कम होगी,काफ़ी संख्या में किसानों को मजदूर न मिल पाने के कारण किसनों की परचियां खारिज हो जाती थी। मजदूरी अधिक देने के बावजूद समय से गन्ना पहुंच नहीं पता था। जो थोड़ा बहुत छिल भी पता था वह पड़ा पड़ा सूखता रहता था। यह सारी समस्याएं जल्द ही दूर होगी समय की बचत होगी तथा गन्ने की कटाई तेजी से जमीन की सतह से होने के कारण पेड़ी गन्ने के उत्पादन में वृद्धि होगी जिससे किसानों को अच्छा फायदा होगा। खास बात ये रहेगी कि इस हार्वेस्टर मशीन से गन्ना कटाने से लेकर मिल पहुँचने तक पचास रूपये कुंतल का खर्चा आएगा जबकि मजदूर से गन्ना छिलाना भराना मिल पहुँचाना आज काफ़ी महंगा पड़ रहा है जिससे किसनों को राहत मिलेगी।

# लालजी प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बांटे गए प्रमाण पत्र

स्वतंत्र प्रभात

**निघासन खीरी।** बम्हनपुर में लालजी प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बम्हनपुर में कक्षा 9 व 11 के छात्रों का प्रगति पत्र और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में प्रबंधक प्रतिनिधि मोहित जायसवाल और प्रधानाचार्य अच्छे लाल मौर्य जी ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए।इस समारोह में कक्षा 9 और 11 के छात्रों ने अपनी अपनी कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पुरस्कार हासिल किए। कक्षा 9 के छात्र मोहम्मद नावेद ने, वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आशीष ने क्क वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया।कक्षा 11 के छात्रों में प्रिया ने, वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि कुलदीप ने क्क1 वर्ग में और नितिन कुमार ने क्क2 वर्ग में प्रथम स्थान हासिल




किया।इसके अलावा, कई अन्य छात्रों ने अपनी अपनी कक्षाओं में दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। आयुष वर्मा, शिवम कुमार, ज्योति, सिद्धार्थ, सचिन, शौर्य जायसवाल, सुसमित कुमार, राहुल, साहिब, साइबा बानो, राधा मौर्य, कोहिनूर, और विवेक ने अपनी कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पुरस्कार हासिल किए।आशीष कुमार ने 600 में से 573 अंक हासिल करके 95.5त्न अंकों के साथ विद्यालय को टॉप किया है। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें विशेष पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस समारोह में प्रबंधक प्रतिनिधि मोहित जायसवाल और प्रधानाचार्य अच्छे लाल मौर्य जी ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की मासिक बैठक संपन्न हुई

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ–खीरी।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की मासिक बैठक का आयोजन लाल दास बाबा आश्रम अलीगंज रोड गोला में जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया की अध्यक्षता में किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विभाग संगठन मंत्री रमाकांत अवस्थी मौजूद रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य श्री हनुमान चालीसा केंद्र हर ग्राम सभा में चलाने के उद्देश्य के चलते सभी को निर्देश देते हुए कहा गया कि सभी साथी 25 मई से 30 मई तक योग प्रशिक्षण केंद्र लखीमपुर खीरी में चलेगा जिसमें हिंदू भाई बहनों को मुक्त प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को संगठन से जुड़ने का कार्य करें ताकि हिंदू विरोधी ताकतों को खत्म कर सकें है ल वही जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल ने बताया कि बार–बार सनातन को कुछ ओछित व दूषित



मानसिकता रखने वाले नेताओं को मुंह तोड़ जवाब देना होगा। श्री रमाकांत अवस्थी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अभी से तैयारी करले क्योंकि 16 अप्रैल को एक दिवसीय प्रशिक्षण केंद्र गोला में रखा जाएगा। जिसमें प्रांतीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रदीप जायसवाल जिला महामंत्री, पंकज शुक्ला जिला मीडिया प्रभारी, ठाकुर पंकज सिंह जिला संयोजक, मनोज शुक्ला जिला उपाध्यक्ष, आकाश कुमार नगर अध्यक्ष गोला, राहुल शर्मा विधानसभा उपाध्यक्ष गोला, विकास कनौजिया नगर मंत्री गोला, जितेंद्र कुमार नगर उपाध्यक्ष गोला, महंत चेतराम, श्री प्रकाश शर्मा विधानसभा मंत्री गोला, अंकेत कुमार,सुमित कनौजिया, अभिषेक भारद्वाज,अभिषेक भारती,आयुष भारती, राहुल कुमार आदि दर्जनों कार्यकर्त्ता शामिल रहें।

# सरकारी नाले पर ग्राम प्रधान ने किया अवैध कब्जा-आरोप

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** विकासखंड नकहा तहसील लखीमपुर के ग्राम बड़ागांव में लेखपाल की मिली भगत से तमाम सरकारी जमीनों और गांव के बेहद अहम तालाब सुआ नारा के एक बड़े भूभाग पर को पाटकर उस पर अवैध निर्माण कर लिए जाने का हाल खुली आंखों से देखा जा सकता है लेकिन यह सब अनैतिक कार्य क्षेत्र के लेखपाल शैलेन्द्र श्रीवास्तव को दिखाई सुनाई क्यों नहीं पड़ रहा हैं अहम सवाल बना हुआ है आम जनता जानना चाह रही है कि आखिर किस दवाव के चलते लेखपाल अवैध कब्जा धारक ग्राम प्रधान अब्दुल हबीब उर्फ़ पुत्तन व उनके जिगरी दोस्त के द्वारा किया गया सरकारी नाले पर अवैध कब्जा क्यों नहीं दिखाई पड़ रहा है या फिर चंद्र गुलाबी कागजों की चकाचौध के चलते कोई अवैध कब्जा नहीं दिखाई पड़ रहा है यही हाल सुआनारा तालाब और गाटा संख्या 2922 ग्राम समाज की सरकारी जमीन को कबजाए बैठे हैं और क्षेतरीय लेखपाल कब्जा हटवाने की वजाय अवैध कब्जा धारकों के ताल पर थिरकते नजर आ रहे हैं लोगों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उक्त मामले की जिला अधिकारी खीरी समेत आइजीआरएस पोर्टल पर कई शिकायत की गई नतीजा शून्य ही रहा और आइजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत में लेखपाल शैलेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा फर्जी भ्रामक व जाली रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाता रहा और इसके एवज में साहब की जेब का वजन बढ़ता रहा उक्त आरोप शिकायतकर्ता शरीफ अंसारी द्वारा लगाते हुए जिला अधिकारी व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर सरकारी जमीनों से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की है लोगों का आरोप है कि लेखपाल कि खाओ कमाओ नीति के चलते आज गांव का इकलौता तालाब सुआनारा जहां गांव के अधिकांश भाग का पानी भरता था अब इस तालाब के अधिकांश भूभाग पर अवैध कब्जा हो जाने से गांव का बरसाती पानी सड़कों पर भरने की आशंका लोगों को अभी से सता रही है लोगों का कहना है बरसात का पानी सड़कों पर भरने से स्कूल जाने वाले नौनिहाल स्कूली छोटी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे गिरकर चोटिल होंगे ही साथ ही साथ उनकी पोशाक और कापी किताबें भी खराब हो जाएगी इसी के क्रम में बड़े बुजुर्ग लोगों को भी निकलने में बड़ी जहमत उठानी पड़ेगी उक्त तालाब पर अवैध कब्जा होने से लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है और मामले की पुन: पोर्टल पर तथा जिला अधिकारी खीरी से शिकायत कर सरकारी जमीनों से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की है अब देखना यह है कि इस बार लेखपाल साहब क्या गुल खिलाते हैं फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायतों का कर देंगे निस्तारण अथवा करेंगे पैमाइश व बेदखली की कार्रवाई !

# अपने काले कारनामों को छुपाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से पत्रकार को भिजवाया गया जेल

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी जिला लखीमपुर खीरी के घोटाले के लिए अरसे से सुर्खियां बना विकासखंड बिजुआ में एक कथित ठेका कर्मचारी कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर एक दशक से ब्लॉक बिजुआ पर ही तैनात रामदीप वर्मा के द्वारा खंड विकास अधिकारी सहित टी. ए., जे. ई. एवं संबंधित ग्राम पंचायत के पंचायत सचिवों से मिली भगत करके जमकर भ्रष्टाचार किए जाने का मामला प्रकाश में आया था उक्त आरोप लगाते हुए सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कंप्यूटर ऑपरेटर रामदेव वर्मा द्वारा ब्लॉक बिजुआ कि अधिकांश ग्राम पंचायत में ठेके से इंटरलॉकिंग एवं अन्य निर्माण कार्य करवाए जा रहे थे अपने द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में जमकर मानको की धज्जीयां उड़ाते हुए घटिया सामग्री लगा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य कर करोड़ों रुपए का गवन घोटाला करके अपनी–अपनी तिजोरिया भरी जा रही थी उक्त मामलो की खबरों को प्रमुखता से पत्रकार दीपक पंडित ने यूट्यूब चैनल के माध्यम से सोशल मीडिया पर प्रकाशित करने के साथ–साथ आला अफसरो से शिकायत भी की थी जिसमें जांच में अपनी गर्दन फसते देख ब्लॉक के लोगों द्वारा मामले को मैनेज करने का प्रयास किया गया लेकिन ईमानदार द हिंदी खबर के संपादक दीपक पंडित ने मामले को मैनेज करने से मना कर दिया जिससे बौखलाए उक्त ऑपरेटर समेत ब्लॉक के कर्मचारियों अधिकारियों ने एक राय होकर सुनियोजित योजना बद्ध ढंग से कूटरचित रचना कम रचकर सफेदपोस के सहयोग एवं भारी भरकम धनबल लगा कर एक निर्भीक पत्रकार को फर्जी मुकदमा लिखवा कर जेल भिजवा दिया गया जिससे उसकी आवाज को दबाया जा सके मामले में थाना भीरा पुलिस द्वारा पता नहीं किस दबाव के चलते सर्वोच्च न्यायालय व सुबे के मुखिया के आदेशों को दरकिनार करते हुए बगैर जांच के ही आनंन फानंन में द हिंदी खबर के संपादक दीपक पंडित को हिरासत में ले लिया और 12 घंटे तक हिरासत में रखने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जेल



भेज दिया गया जिससे आक्रोशित पत्रकार संगठनों के सदस्यों पदाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सोपा और मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है

**क्या है पूरा मामला** ––

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दीपक पंडित ने बिजुआ ब्लॉक में ग्राम पंचायत के विकास को आए सरकारी धन की लूट एवं भ्रष्टाचार की लगातार खबरें सोशल मीडिया पर प्रकाशित की थी इसके साथ ही मामले की लिखित शिकायते भी शासन प्रशासन से की थी जिसे अपने आपको फासतें देख बिजुआ ब्लॉक में तैनात कर्मचारी व कथित ठेकेदार कम कंप्यूटर ऑपरेटर रामदेव वर्मा के साथ मिलकर सजेशन दीपक पंडित के खिलाफ भीरा थाना में एक फर्जी मुकदमा पंजीकृत कराया गया और भीरा थाना पुलिस से धनबल की दम पर साठगाठ करके दीपक पंडित को जेल भिजवाने की स्क्रिप्ट लिखी गई इसके बाद दीपक पंडित को बहाने से बुलाकर अपनी कस्टडी में ले लिया जाता है और लगभग 4 घंटे हिरासत में रखने के बाद न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया बताते चले कि गत दिवस पूर्व पत्रकार दीपक पंडित ने एक शिकायती पत्र जिला अधिकारी खीरी को दिया था अपने शिकायत पत्र में दीपक पंडित ने विकासखंड बिजुआ ठेका कर्मचारी कंप्यूटर ऑपरेटर रामदेव वर्मा द्वारा कारित भ्रष्टाचार और दोहरा लाभ लेने के मामले की शिकायत की थी और उक्त पत्र की प्रतिलिपि उच्च अधिकारियों को भी प्रेषित की थी दीपक पंडित ने आरोप लगाया था कि उक्त रामजी वर्मा एक दशक से बिजुआ ब्लॉक में ही तैनात हैं और उनके द्वारा खंड विकास अधिकारी के साथ गठजोड़कर के ब्लॉक की अधिकांश ग्राम पंचायत में ठेकेदारी करके इंटरलॉक की निर्माण कार्य करवाया है जो पूर्णता नियम विपरीत है एक अपराध की श्रेणी में आने वाला कृत्य हैं उनके द्वारा लगवाई गई इंटरलॉकिंग में मानकों को ताक पर रखकर गुणवत्ता विहीन कार्य कराया गया है और रेशियों को तोड़कर कार्य कराया गया है मनरेगा में 60 /40 का रेशियो जो निश्चित है की जमकर चीथड़े उड़ाए जाने की भी बात कही गई है उनके इस काले खेल में जे. ई. व टी. ए. सहित कई ग्राम पंचायत अधिकारी शामिल हैं और ए.डि.ओ. पंचायत की भूमिका के साथ एपीओ मनरेगा की भी जवाबदेही तय होगी इतना ही नहीं मनरेगा मैं फर्जी हाजिरी एवं पुराने फोटो अपलोड कर जमकर पैसा निकाल कर बंदर वाट किए जाने का खेल ए. पी. ओ. मनरेगा अमर प्रसाद की देखरेख में होने के आरोप लगाए गए थे फर्जी हाजिरी लगाकर प्रतिदिन 50000 रुपए का खेल कर सरकारी खजाने को चूना लगाया जा रहा है मामले की कई शिकायत एवं आइजीआरएस पोर्टल पर भी कई शिकायतें की गई लेकिन कमीशन के इस खेल में शामिल खंड विकास अधिकारी समेत सभी के द्वारा फर्जी आखया लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह किया जाता रहा भ्रष्ट तंत्र और फर्जीवाड़ा से तंग होकर पत्रकार ने भ्रष्टाचार और कथित भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध खबरों को लगातार प्रमुखता से चलने लगा जिससे अपनी गर्दन फसाते देख ब्लॉक के कर्मचारियों द्वारा साजिश के तहत पत्रकार के विरुद्ध फरजी के मुकदमा पंजीकृत कराकर जेल भिजवा दिया गया अब देखना यह है कि उक्त कंप्यूटर ऑपरेटर के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जांच होगी अथवा नहीं केवल एक पत्रकार को बलि का बकरा बनाकर मामले की मामले को रफा–दफा कर दियाजाएगा।

# प्रधानाचार्य पर लगे विद्यालय पर कब्जा करने की नियत से गुंडा बुलाने के आरोप



स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर/ महानगर की शिक्षा के क्षेत्र में जानी–मानी संस्था डॉ सुदामा प्रसाद विद्या स्थली आजकल युद्ध का अखाड़ा बनी हुई है. पूर्व प्रबंध समिति और वर्तमान प्रबंध समिति के बीच चल रही खींचतान से नौनिहालों का भविष्य खतरे में दिखाई दे रहा है. स्कूल के शिक्षण कार्य में लगे टीचर भी अपना कार्य सही से नहीं कर पा रहे हैं. जबकि प्रधानाचार्या पर गंभीर आरोप लगाते हुए वर्तमान प्रबंध समिति ने पूर्व प्रबंध समिति की मिली भगत से स्कूल में गुंडे बुलाकर कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है. यही नहीं शिक्षकों के मानदेय, बच्चों की फीस, शासन से मिलने वाली सुविधाओं में भारी अनियमितताएं करने का आरोप भी वर्तमान प्रबंध समिति द्वारा लगाया गया है. प्रबंधन समिति द्वारा एक सीसीटीवी फुटेज भी जारी किया गया है जिसमें थार गाड़ी से उतरते हुए कुछ संदिग्ध लोग दिखाई दे रहे हैं. अब सच्चाई क्या है यह तो जांच का विषय है. डॉ सुदामा प्रसाद विद्या स्थली के प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि हमारे विरोधी पार्टी के संतोष कुमार पांडे और राजेश शर्मा के साथ प्रधानाचार्या सांठ गांठ करके विद्यालय पर उनका कब्जा करवाना चाहती हैं जो सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है. जबकि विद्या स्थली से संबंधित समस्त प्रकरण न्यायालय द्वारा हमारे पक्ष में है. उन्होंने कहा कि वर्तमान नवीन सत्र के लिए विद्यालय में सभी शिक्षकों को आवेदन करना होता है मेरे द्वारा जब प्रधानाचार्या से आवेदन के लिए कहा गया तो उन्होंने सभी शिक्षकों को भी आवेदन से रोकते हुए बखेड़ा खड़ा कर दिया साथ ही झूठ और मिथ्या आरोप लगाते हुए अपनी शिकायत रोजा थाने में दर्ज करवाई है जिसकी जांच चल रही है सच और झूठ सबके सामने आ जाएगा. वही एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर बांद्रा गुप्ता ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में बच्चों के भविष्य को लेकर मैं बहुत चिंतित हूं यह पूरा विवाद मैनेजमेंट कमेटी से जुड़ा हुआ है मैंने प्रधानाचार्या को संभालने और सुधारने का पूरा मौका दिया ताकि बच्चों का भविष्य खतरे में ना पड़े लेकिन वह पूर्व मैनेजमेंट कमेटी के साथ मिलकर स्कूल की छवि धूमिल करने में जुटी हुई है. वही डायरेक्टर राहुल मिश्रा ने बताया कि इस पूरे विवाद के पीछे महानगर के चर्चित भूमाफिया और पूर्व स्कूल प्रबंधन समिति का गठजोड़ काम कर रहा है. मैनेजमेंट कमेटी का विवाद हाई कोर्ट की डबल बेंच के आदेश अनुसार एसडीएम द्वारा 27 जनवरी को निस्तारित किया गया है. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि फर्जी ट्रस्ट में शामिल वीरेंद्र कुमार गुप्ता, महेंद्र खंडेलवाल और संतोष पांडे आदि लगातार मुझे गुंडा बताकर प्रशासन को गुमराह करते हुए मेरे विरुद्ध प्रार्थना पत्र दे रहे हैं. उपरोक्त लोग विद्यालय की भूमि को कब्जा करके उसे पर प्लाटिंग करना चाहते हैं इसलिए तरह–तरह के षड्यंत्र अपना कर शिक्षण संस्थान को बदनाम करने पर तुले हुए हैं। जबकि वर्तमान प्रबंध समिति को माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार शासन और प्रशासन द्वारा विद्यालय में कार्य करने हेतु अनुमोदित किया गया है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## जिला विकास अधिकारी भदोही द्वारा खंड विकास कार्यालय सुरियावा का किया गया वार्षिक निरीक्षण



**भदोही/सुरियावा** शनिवार दिनांक 29 मार्च 2025 को जिला विकास अधिकारी भदोहीज्ञान प्रकाश द्वारा खंड विकास कार्यालय सुरियावा का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास जीरो पॉवर्टी एनआरएलएम मनरेगा कार्यों से संबंधित स्थापना हुआ लेखा संबंधी पत्रावलियों का निरीक्षण किया तथा कार्यों में प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया निरीक्षण के समय कार्यालय परिसर में सभागार कंप्यूटर का भ्रमण कर साफ सफाई रखरखाव पर संतुष्टि व्यक्त किया उन्होंने कहा कि शान द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ हर पत्र परिवार को समुचित ढंग से मुहैया कराया जाए इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुरियावा सुधाकर दुबे एडियो यसटी अशोक कुमार पांडे एडियो आईएसबी वीरेंद्र कुमार सचिव लेखाकार नागेंद्र कुमार वरिष्ठ सहायक स्थापना शेषनाथ पाटिल कंप्यूटर ऑपरेटर रंजीत कुमार मनरेगा सोशल ऑडिट धर्मेंद्र कुमार सहित ब्लॉक के कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं



प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-29.03.2025 को अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

## विन्ध्य महोत्सव में पद्मविभूषण सोनल मान सिंह सहित देश के जाने माने कलाकारो के द्वारा की जाएगी प्रस्तुति

**स्थानीय कलाकारो की भी रहेगी सहभागिता**

**मीरजापुर।** मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में दिनांक 30 मार्च 2025 से प्रारम्भ होने वाले चैत्र नवरात्र मेला के अवसर पर रोडवेज परिसर में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन में आयोजित विन्ध्य महोत्सव में देश के जाने माने गायको/कलाकारो के द्वारा आकर्षक प्रस्तुति की जाएगी इसके अतिरिक्त जनपद मीरजापुर के कलाकारो के द्वारा भी अपने गायन की प्रस्तुति विन्ध्य महोत्सव के मंच किया गया जाएगा। नोडल अधिकारी विन्ध्य तीर्थ विकास परिषद के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 30 मार्च 2025 को जनपद की जानी मानी लोकगायिका पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव के द्वारा कजरी/लोकगीत का गायन इसके अलावा विंग्स डांस एकेडमी के द्वारा महिषासुर मर्दिनी व शिव तांडव नृत्य एवं उत्तराखण्ड के कलाकारो द्वारा नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी।

दिनांक 31 मार्च 2025 को बालीवुड सिंगर वरदान सिंह एण्ड ग्रुप की प्रस्तुति व स्थानीय कलाकारो की प्रस्तुति की जाएगी। दिनांक 02 अप्रैल 2025 को प्रेम प्रकाश दूबे का भजन, दिनांक 03 अप्रैल 2025 मणिपुर नृत्य एवं हरिहरपुर घराना शास्त्रीय संगीत एवं दिनांक 04 अप्रैल 2025 दिल्ली के जाने माने साधो द बैण्ड के द्वारा टीम की प्रस्तुति, दिनांक 05 अप्रैल 2025 को मशहूर भरतनाट्य के कलाकार पद्मविभूषण सोनल मान सिंह के द्वारा भरतनाट्यम एवं दिनांक 06 अप्रैल 2025 को नृत्यांजलि फाउंडेशन के द्वारा नव दुर्गा लघु नृत्य नाटिका के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त जनपद के लोकगायकों व अन्य कलाकारो के द्वारा प्रस्तुति विन्ध्य महोत्सव के प्रत्येक दिन सांस्कृमिक मंच पर किया जाएगा।

# 100 दिवसीय सघन टीवी अभियान के क्रम में क्षय रोगियों को उबारने में उत्कृष्ट योगदान व कार्य करने वाले 100 से अधिक व्यक्तियों को जि0पं0अ0, डीएम, सीडीओ ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**● जनपद के कुल 546 में से 245 ग्राम पंचायतें टीवी मुक्त ग्राम पंचायते, प्रत्येक विकास खण्ड के 5-5 ग्राम पंचायतों सहित कुल 30 ग्राम प्रधानों को किया गया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही** 29 मार्च 2025:-राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम/प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत, 100 दिवसीय सघन टीवी अभियान के सफल समापन विश्व क्षय रोग दिवस के क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी की अध्यक्षता में उनके व जिलाधिकारी विशाल सिंह द्वारा टीवी उन्मूलन पर बल देते हुए टीबी रोगियों को उबारने में जिन संस्थाओं, क्षय रोगियों को गोद लेने वाले जनप्रतिनिधियों, अधिकारी एवं उद्यमी, ग्राम प्रधानों को ''निक्षय मित्र'' उपाधि से सम्मानित किया गया। जिसमें मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, डॉ0 कृष्णा दूबे, डॉ0 चिनमय हर्ष, वाराणसी के सरमॉउन्ट एकेडमी की सपना सिंह, संध्या सिंह, प्रबन्धक बीपीएमजी स्कूल सूरियावॉ, विनय चौरसिया, रेडक्रास सोसाईटी ज्ञानपुर से डॉ0 के0पी0 मिश्रा, आरसी त्रिपाठी, मो0 इरशाद खान, आरएन सिंह, डॉ0 भारतेन्दु द्विवेदी, हरेन्द्र प्रताप सिंह, डॉयरेक्टर वुडवर्ड पब्लिक स्कूल, शिव प्रकाश गिरि, अभिषेक विश्वकर्मा, डॉ0 अरशद सहित प्रत्येक ब्लाक से गॉव को शत्-प्रतिशत टीवी मुक्त बनाने हेतु पॉच-पॉच ग्राम प्रधानों को जिनमें विकास खण्ड अभोली के ग्राम पंचायत बवई, भौथर, चकगुमानी, दयालपुर, हरदुऑ, विकास खण्ड औराई से अहिमनपुर, अलमऊ, औरंगाबाद, बनौली, बन्जारी, विकास खण्ड भदोही के झिंगुरपुर, कधियां, सुरहन, ममहर, परगाशपुर, विकास खण्ड डीघ के ऊॅज मुगरहॉ सिलवर, गोलखरा, बनकटखास, बेरवॉ पहाड़पुर, गोपालपुर, विकास खण्ड ज्ञानपुर के अइनैच, अकोढ़ा, बडवापुर, बालापुर, भगवास, विकास खण्ड सुरियावॉ के खेलुवां पाण्डेयपुर, बरमोहिनी, जगदीशपुर, भानुपुर, मधुपट्टी के ग्राम प्रधानों सहित 17 अधिकारियों व कर्मचारियों, चार नीजी चिकित्सालयों सहित कुल 100 से अधिक व्यक्तियों को टीवी उन्मूलन में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य हेतु निक्षय मित्र उपाधि सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका हौसला आफजायी किया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत क्षय रोगियों को खोजने के कार्य में वृद्धि की जा रही जिसमें वर्ष 2022 में 2323, वर्ष 2023 में 2565, वर्ष 2024 में 2866 एवं वर्ष 2025 में 838 क्षय रोगी खोजे गये, जो कि पिछले वर्ष के प्रथम त्रैमास में खोजे गये क्षय रोगियों से 15 प्रतिशत प्रतिशत अधिक है। टीबी मुक्त अभियान पर बल देते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 आरबी पाठक ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत वर्ष 2023 में कुल 51 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त घोषित किया गया एवं वर्ष 2024 में कुल 245 ग्राम पंचायतो को पंचायति राज विभाग के सहयोग से टीबी मुक्त घोषित किया गया जिसमें 224 ग्राम पंचायत को प्रथम बार एवं 21 ग्राम पंचायत को द्वितीय बार टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया गया। जिसमें ब्लाकवार विकास खण्ड औराई के कुल ग्राम पंचायत 125 में 72 टीवी मुक्त पंचायतें, विकास खण्ड भदोही में कुल 108 में से 69, विकास खण्ड ज्ञानपुर में 92 में से 51, विकास खण्ड डीघ में 98 में से 25, विकास खण्ड अभोली में कुल 56 में से 17, विकास खण्ड सुरियावॉ में कुल 67 में 11 टीवी मुक्त पंचायतें है। इस प्रकार जनपद में कुल 546 ग्राम पंचायतों में से 245 टीवी मुक्त ग्राम पंचायते है। उक्त में 85 ग्राम पंचायतो में शुन्य टीबी केस पाये गये 160 ग्राम पचांयतों में 1 या 1 से कम प्रति हजार केस चिन्हित किये गये। जिला मलेरियॉ अधिकारी डॉ0 रामआसरे ने बताया कि 2024 में 22 ग्राम पंचायत ऐसे चिन्हित किये गये है जहाँ प्रतिहजार 3 या 3 अधिक टीबी रोगी तथा 69 ग्राम पंचायतें ऐसे है जहाँ प्रतिहजार 2 से 3 क्षय रोगी चिन्हित किये गये जिसको हाईरिस्क ग्राम पंचायत चिन्हित किया गया है जिसको विशेष कैंप का आयोजन करके टीबी मरीजो के कॉन्टैक्ट तथा अन्य हाईरिस्क आबादी की स्कीगि करके अधिक से अधिक क्षय रोगियों का चिन्हित किया जायेगा। जिससे टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की संख्या में वृद्धि की जा सके। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकांत द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार, समस्त अपर एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगरीय निकाय सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लगभग करोड़ों रुपए सालीना कमाई के बाद भी मंदिर पर देखने को मिल रहा दुर्व्यवस्था

**● मंदिर परिसर में खुले में लगाया गया है केवल हर वर्ष इतनी कमाई के बाद भी नहीं हो पा रहा मंदिर परिसर की व्यवस्था**

**मंदिर प्रबंधक के द्वारा गटार लिया जाता है पूरा मंदिर का धन ग्रामीणों की मांग सरकारी ट्रस्ट से जोड़ा जाए गड़बड़ा धाम मंदिर**

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मां शीतला गडबडा धाम मे लगने वाले नवरात्रि मेला को लेकर चल रही तैयारी पर ग्रामीणों ने सवाल उठाते हुए बताया कि मंदिर परिसर से साल का लगभग करोड़ों रुपए इनकम है जो मंदिर प्रबंधक के द्वारा डकार लिया जाता है मंदिर की दुर्व्यवस्था देखकर ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर के चारों तरफ खुले में तार का वायरिंग हुआ है मंदिर की रंगाई पुताई से लेकर कोई भी मंदिर का व्यवस्था नहीं कराया जाता है सिर्फ प्रबंधक के द्वारा मंदिर से धन इकट्ठा करने का काम किया जाता है बाकी और विभाग अपने हिसाब से तैयारी में लगा हुआ है पंचायत विभाग से एक पाली में 20 सफाई कर्मचारी मोबाइल टॉयलेट का व्यवस्था कराया गया है ग्राम पंचायत स्तर से ग्राम प्रधान के द्वारा एक रिबोर हैंड पंप मरम्मत 8 स्ट्रीट लाइट वस्त्र बदलने के लिए महिलाओं को ई-रिक्शा द्वारा कूड़ा करकट आरसी सेंटर तक भेजने की व्यवस्था एक टैंकर मेला परिसर में पानी की व्यवस्था एक समरसेबल से पानी मंदिर क्षेत्र में छिड़काव करने के लिए लगाया गया है 50 किलो चुना गंदे स्थान पर छिड़कने के लिए 50 किलो ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव करने के लिए ग्राम प्रधान के द्वारा व्यवस्था किया गया है साथ ही साथ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रजनीश कुमार ने बताया कि और भी जो व्यवस्था मेला क्षेत्र में आवश्यकता होगा उसका व्यवस्था कराया जाएगा बाकी सामुदायिक शौचालय का व्यवस्था है नदी घाट पर नहाने के लिए घाट बना है अपने स्तर से ज्यादा से ज्यादा व्यवस्था मेला क्षेत्र में कराया जाएगा स्थानिक ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष में दो नवरात्र को छोड़कर 4 सोमवार को लगातार बड़ा मेला लगता है जो मेले में दूर दराज से लोग दर्शन करने आते हैं उनके साथ हमेशा दुर्व्यवहार किया जाता है कहीं छिनैती कहीं चोरी कहीं बदमाशी उचक्का मेला क्षेत्र में



घूमते रहते हैं इस तरीके की हमेशा दूर व्यवस्था रहता है मंदिर परिसर के चारों तरफ कुडा करकट का अम्बार लगा रहता है मंदिर प्रबंधक के द्वारा कोई कार्य मंदिर क्षेत्र में नहीं किया जाता है सिर्फ अपना हिसाब बनाने में परेशान रहते हैं मंदिर पर लगे कर्मचारी जिससे ग्रामीणों का माग है कि मंदिर सरकारी ट्रस्ट से जोड़ दिया जाए ताकि साल में मंदिर का एक अच्छा खासा व्यवस्था हो सके गडबडा धाम मंदिर पर कई प्रांत के लोग दर्शन करने अपनी मन्नत पूरी करने आते हैं लेकिन यहां आकर लोग दुर्व्यवस्था का शिकार होते हैं दर्शनार्थियों के लिए रुकने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है जिससे ग्रामीणों का मांग है कि जिला प्रशासन मंदिर के समस्या को उपर भेज कर सरकारी ट्रस्ट से मंदिर को जल्द से जल्द जुड़वाए।

# चौथे दिन अभ्यर्थियों ने किया खड़े होकर करने वाले आसनों का अभ्यास

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** पतंजलि युवा भारत एवं विंध्य योग सेवा धाम के संयुक्त तत्वाधान में पांच दिवसीय योग विशेष कार्यशाला के चौथे दिन बीएड अभ्यर्थियों ने खड़े होकर करने वाले आसनों का किया अभ्यास। नगर के गणेशगंज स्थित केबी0पीजी0 कॉलेज के बीएड विभाग में बीएड0 अभ्यर्थियों के पांच दिवसीय योग विशेष कार्यशाला के चौथे दिन, योग गुरु राष्ट्रीय योगासन जज योगी ज्वाला सिंह ने अभ्यर्थियों को खड़े होकर करने वाले आसनों का अभ्यास कराते हुए ताड़ासन ऊर्ध्वताड़ासन वृक्षासन ध्रुवासन पादहस्तासन नमस्कारासन संग आदि आसनों का अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा की लंबाई को बढ़ाने के लिए ताड़ासन ऊर्ध्वताड़ासन



एवं पादहस्तासन यह उपयोगी आसन है तथा एकाग्रता को बढ़ाने एवं चंचल मन शांत करने के लिए वृक्षासन एवं ध्रुवासन का अभ्यास कर सकते हैं, युवाओं के लिए यह सब विशेष आसन है , जिन्हें सभी युवा कर सकते हैं। इस अवसर पर पूर्णिमा गुप्ता एवं निकिता दुबे ने कहा कि केवल पांच दिवसीय योग कार्यशाला में प्रतिभाग कर कर लगता है कि सच में योग में कितनी खूबियां है। योग अभ्यास करने के बाद पता चला कि योग से ही शारीरिक मानसिक व आध्यात्मिक लाभ संभव है।

इस अवसर पर इस अवसर पर बीएड अभ्यर्थी वर्षा सिंह ने कहा कि योग के साथ खानपान का नियम ध्यान रखना चाहिए और जो योग के साथ अपने आहार ठीक कर लेगा वो सदा स्वस्थ और निरोग रहेगा। इस अवसर पर इंतशार खानम निकिता सन्तोष कुमार अरविन्द शुक्ला व्याख्या राज रजत त्रिपाठी सतीश कुमार पाण्डेय मनीष कुमार मुस्कान मिश्रा पूर्णिमा के साथ साथ साथ विभागाध्यक्ष डॉ भवभूति मिश्रा प्रोफेसर डॉ भानु प्रसाद मोहन शुक्ल ,डॉक्टर प्रभुनाथ यादव डॉक्टर आमोद जी उपस्थिति रहे।

# समारोह आयोजित कर दी गई शिक्षकों को विदाई

स्वतंत्र प्रभात

**पहाड़ी, चित्रकूट:** बीआरसी पहाडी में शनिवार को सेवानिवृत्त शिक्षक विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ माता शारदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। विदाई समारोह में जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अखिलेश पाण्डेय सहित ब्लाक अध्यक्ष पहाड़ी अमित कुमार पांडेय व संघ की कार्य समिति ने सेवानिवृत्त हो रहे आठ शिक्षकों सालिगराम विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार, लाल सिंह चौहान, रामकुमार कुशवाहा, आसिया खातून, सन्तोष कुमारी, प्रभावती सिंह को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए शिक्षण कार्य में उनके योगदान की जानकारी दी। इस दौरान



सेवानिवृत्त हो रहे समस्त शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्रा सियारानी, उच्च प्राथमिक विद्यालय कलवारा खुर्द के प्रधानाध्यापक पंकज कुमार व ब्लाक व्यायाम शिक्षक पहाड़ी रामनारायण साहू को शील्ड व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विजय शुक्ला ने किया। इस मौके पर खण्ड शिक्षाधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक कुमार गर्ग, हरिशंकर त्रिपाठी, रामभूषण पाण्डेय, विजय शुक्ला, ब्लाक मंत्री अमित यादव, ब्लाक उपाध्यक्ष अनुज नारायण पाण्डेय, पंकज कुमार, सुरेन्द्र सिंह, सभासद कर्वी शंकर प्रसाद यादव आदि मौजूद रहे।

# टी बी मुक्त भारत अभियान एवं मुख्यमंत्री के 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत 50 टी बी मरीजों को पोषण आहार का वितरण

स्वतंत्र प्रभात



इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी भदोही शाखा द्वारा प्रधानमंत्री के टी बी मुक्त भारत अभियान एवं मुख्यमंत्री के 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत 50 टी बी मरीजों को पोषण आहार का वितरण जिलाधिकारी विशाल सिंह एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार चक ने किया। विशाल सिंह ने रेडक्रॉस सोसाइटी भदोही के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी जन सामान्य तक पहुंच कर सेवा कार्य कर रहा है। रेड क्रॉस द्वारा टी बी मुक्त भारत के अंतर्गत आज पोषण पोटली का वितरण किया गया। शासन की योजनाओं को सामान्य जन तक पहुंचाने और सफल बनाने में रेडक्रॉस भदोही का प्रयास सराहनीय है। जनपद को क्षय रोग से मुक्त करने के लिए कार्य किया जा रहे हैं। क्षय रोग अब असाध्य रोग नहीं है। संकल्प शक्ति और दवा के नियमित सेवन से इस रोग से मुक्ति प्राप्त हो सकती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार चक ने कहा कि शासन द्वारा दिए जा रहे धन का भी उपयोग पोषण आहार के करने में करना चाहिए दवा का नियमित सेवन मरिज करें। जनपद को क्षय रोग से मुक्त करने का अभियान चल रहा है।

डॉक्टर रतीश पाठक ने मरीजों को आवश्यक निर्देश प्रदान किया। सचिव डॉ भारतेन्दु द्विवेदी ने जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस के सदस्य अरविंद भट्टाचार्य, अब्दुल वाहिद अंसारी, रमेश चंद्र त्रिपाठी, डॉक्टर के पी मिश्रा, सूचना अधिकारी पंकज कुमार, आलोक गुप्ता, एम आई खान, सरफराज, डॉ आर एन सिंह, डॉ राजेश कुमार, अभय श्रीवास्तव, मुकेश शुक्ला, आदि उपस्थित थे। कोषाध्यक्ष हरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# शिक्षिका की हुई विदाई हर आंख नम नजर आई

स्वतंत्र प्रभात

कम्पोजिट विद्यालय तिलंगा की प्रभारी प्रधानध्यापिका रजनी श्रीवास्तव 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहीं हैं।रविवार और ईद के अवकाश के कारण 30 व 31 को विद्यालय बंद रहेंगे इस कारण 29 मार्च को विद्यालय परिवार द्वारा शिक्षिका को विदाई दी गई।इस मौके पर विद्यालय के पूर्व कार्यरत अध्यापकों के साथ ही वर्तमान नियुक्त अध्यापक व छात्र-छात्राएं रहीं। विद्यालय प्रभारी के रुप 01 अप्रैल से विद्यालय की जिम्मेदारी सम्हालने वाले शिक्षक डॉ.वैभव निगम ने बताया कि वह एक दशक से भी अधिक समय तक मैडम के साथ कार्य किए व उनके अध्यापन अनुभव, शैक्षणिक कौशल व वृहद ज्ञान को प्राप्त करने का अवसर मिला। शिक्षिका शीतल रानी व फूलकुमारी ने बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान मैडम विद्यालय के प्रति बहुत अनुशासित रहीं वहीं स्टाफ के साथ उनका व्यवहार वात्सल्यपूर्ण था।अध्यापक धीरज ने कहा कि मैम ने स्कूल को हमेशा एक परिवार माना यही कारण रहा कि रसोइया हों या अध्यापक उन्हें सब अत्यधिक स्नेह करते। कक्षा 7 की छात्रा सरगम मैम की विदाई के दौरान बेहद भावुक नजर आई और बताया मैम हमेशा छात्र-छात्राओं के हित का ख्याल रखतीं और समय समय पर पढ़ाई के लिए उन सबका उत्साहवर्धन किया करतीं मैम के जाने के बाद हम सब अपनी समस्याओं को लेकर किसके पास जाएंगे।विदाई के दौरान शिक्षिका के सफलतापूर्वक 25 वर्ष की सेवा पूर्ण होने की खुशी में छात्र-छात्राओं, ग्रामवासियों व परिजनों ने ढोल नगाड़ा से अपना उत्साह जाहिर किया।इस अवसर पर



शिक्षिका अपने प्यारे बच्चों और शिक्षक परिवार से दूर होने के गम में लगातार रोती नजर आई वहीं ग्रामवासी व अन्य उपस्थित शिक्षक शिक्षिका भी विदाई के दौरान भावुक होकर रोने लगे।छात्राओं ने विद्यालय परिसर से बाहर कार तक ले जाकर अपनी प्यारी शिक्षिका को विदा किया। इस अवसर पर रामनरेश बिंद, निधि, मुदिता, श्रीचन्द्र, सन्तोष, पंकज पांडेय आदि जन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्वारोजगार योजना में शत प्रतिशत पूरा करे लक्ष्य -मण्डलायुक्त

**● मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक की गई आहूत**

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक की गई। बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लक्ष्य को अभियान चलाकर पूरा करना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने कहा कि उद्यमियों के समस्याओ को हर हाल में प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए किसी भी स्तर उन्हें इधर उधर भटकना न पड़े। बैठक में प्रधानमंत्री रोड लोहरा नहर से वीयर निर्माण ईकाई तक मार्ग के चैड़ीकरण के सम्बन्ध में बताया गया कि जिला खनिज निधि से फाउंडेशन न्यास की बैठक में उक्त कार्य योजना प्रस्तुत किया गया था अभी तक कार्य की स्वीकृति नही हो पाई है स्वीकृति प्राप्त होते ही मार्ग का नवीनीकरण कराया जाएगा। मोहन दास अग्रवाल द्वारा समिति के समक्ष वर्तमान मे महायोजना औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के सम्बन्ध में विन्ध्य विकास प्राधिकरण एवं उद्यमियों के साथ संयुक्त सर्वे एवं प्रस्तावित योजना में भूमि चिन्हित कराए जाने पर चर्चा की गई। सरोजनी इण्टर प्राइजेज मिनी औद्योगिक आस्थान रामनगर सिकरी में विद्युत कनेक्शन के सम्बन्ध में चर्चा एवं विद्युत बिल बकाए जमा करने पर चर्चा की गई। पीयूष बर्नवाल द्वारा केन्द्रीय भूगर्भ जल संरक्षण विभाग द्वारा जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने पर बल दिया गया जिस पर मण्डलायुक्त ने कहा कि उपरोक्त विषयो पर सम्बन्धित विभाग द्वारा कार्यशाला आयोजित कर जागरूकता लाए। निवेश मित्र पोर्टल पर आधारित एकल मेल व्यवस्था की प्रगति की जानकारी देते हुए संयुक्त निदेशक उद्योग बताया गया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक एवं अन्य विभाग के दो प्रकरण सम्बन्धित पोर्टल पर लम्बित है जिसे समयान्तर्गत निस्तारण करा लिया जाएगा। मुख्यमंत्री युवा स्वारोजगार योजना, ओ0डी0ओ0पी0, मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान पर बिनदुवार विस्तृत चर्चा की गइ। बैठक में श्री मोहन दास अग्रवाल, आशीष सहित तीनो जनपदो के उद्यमी के अलावा अधीक्षण अभियंता विद्युत, लोक निर्माण विभाग, खाद्यी ग्रामोद्योग अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहें।

# 29/30 मार्च की मध्य रात्रि से प्रारम्भ हो रहे नवरात्र मेला में की गई व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी ने भ्रमण कर किया निरीक्षण

**● ड्यूटी में लगे मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर जिलाधिकारी ने दिया आवश्यक दिशा निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** शनिवार की मध्य रात्रि से प्रारम्भ हो चैत्र नवरात्र मेला में की गई की व्यवस्थाओं का मा0 विधायक नगर श्री रत्नाकर मिश्र व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल पहुंच कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कोतवाली गली, पक्का घाट मार्ग, न्यू वी0आई0पी0 मार्ग, पुरानी वी0आई0पी0 मार्ग, परिक्रमा पथ मन्दिर परिसर निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कोतवाली में गंदगी देख जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि तत्काल सफाई कर्मियों को बुलाकर साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी व सफाई नायक यदि वे अपने ड्यूटी पर नही हो तो तत्काल कार्यवाही करें। उन्होंने सभी दुकानदारो को निर्देशित करते हुए कहा कि अपना सामान अपनी दुकानो के अन्दर ही रखे तथा दुकानदार अपने दुकान के सामने डस्टबिन भी रखे। उन्होंने अधिशसी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि चेतावनी देने के बाद भी यदि दुकानदारो के द्वारा दुकान के बाहर सामान रखा जाता है तो उनका नियमानुसार चालान भी किया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि फूल लगाने वाले स्थानो यदि फूल नही लगे है तो उन स्थानों पर सदाबहार का फूल लगवाएं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने न्यू वी0आई0पी0 गेट के पास जूता स्टैण्ड लगाने का निर्देश दिया।

तत्पश्चात जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ सेम्फोर्ड पब्लिक स्कूल के सभागार में ड्यूटी लगे मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी मजिस्ट्रटो व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी लोग अपने निर्धारित ड्यूटी स्थान पर पहुंचे तथा प्रतिस्थानी के आने के उपरान्त ही अपने ड्यूटी प्वांइट को छोड़ेगे। उन्होंने कहा कि सभी लोग सिर्फ ड्यूटी ही न समझ कर बल्कि सेवा भाव के साथ ड्यूटी करे। उन्होंने कहा कि आने वाले दर्शनार्थियों के साथ मधुर व्यवहार रखे ताकि वे सुगमता पूर्वक मां का दर्शन कर अपने गंतव्य को प्रस्थान कर सके और लोगो मे अच्छा संदेश जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को विभागाध्यक्षो के द्वारा मेडिकल किट वितरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बच्चों हेतु भी आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयों रखना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि दो व्हील चेयर व स्टेउच्चर की व्यवस्था रखे। उन्होंने कहा कि कोतवाली गली में दर्शनार्थियों की अत्यधिक भीड़ होती है अतएव वहां भी मेडिकल टीम का कैम्प लगवाया जाए। उन्होंने कहा कि मन्दिर के



निकास द्वार से कोई अधिकारी, पुलिस अधिकारी व पण्डा समाज के द्वारा किसी को भी दर्शन नही कराएगा यदि ऐसा करते हुए पाया जाता है उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्नान हेतु चिन्हित घाटो पर ही तैनात पुलिस अधिकारी व मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करे कि बैरीकेटिंग उस पार जाकर स्नान न करें। जिलाधिकारी द्वारा ड्यूटी में लगे मजिस्ट्रेटों व पुलिस अधिकारियों को शपथ भी दिलाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अष्टभुजा व कालीखोह व पहाड़ी क्षेत्रो में सर्तक दृष्टि बनाते हुए पेट्रोलिंग करे विशेष कर रात्रि में अवश्य पेट्रोलिंग करें। उन्होंने कहा कि संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखे। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी दर्शन मुधर व्यवहार रखते उन्हें सुगमता पूर्वक दर्शन करवाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शमसाबाद में बस ठहराव और अफजलपुरवारी से तुलसीपुर मंझनपुर होकर प्रयागराज के लिए बस चलाई जाए : अजय सोनी

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में शनिवार को मंझनपुर स्थित परिवहन निगम कार्यालय में प्रदर्शन कर जिम्मेदारों को एक मांगपत्र सौंपा। सौंपे गए मांगपत्र में सिराथू ब्लॉक के ग्राम शमसाबाद बाजार में रोडवेज बस के ठहराव और अफजलपुरवारी से उदहिन चौराहा तुलसीपुर मंझनपुर होकर प्रयागराज के लिए नई रोडवेज बस चालू कराए जाने की मांग की गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनहित में सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती गांवो एवं ग्रामीण क्षेत्र के मार्गो से लोगों के आवागमन हेतु परिवहन निगम द्वारा रोडवेज बस चालू कराए जाने की समर्थ



किसान पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर जोर देकर मांग उठाई। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि समर्थ किसान पार्टी एक लंबे अरसे से क्षेत्र के जमीनी विकास एवं जनहित के मुद्दे पर रोडवेज बस चालू कराए जाने की मांग कर रही है। जिसे जल्द पूरा किया जाना आवश्यक है। आगे कहा कि सिराथू ब्लॉक के ग्राम शमसाबाद में रोडवेज बस के ठहराव होने से न सिर्फ शमसाबाद बाजार के लोगों के आवागमन हेतु सुविधा होगी बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों के यात्रियों को भी सहूलियत होगी। साथ ही परिवहन निगम को वित्तीय और आर्थिक लाभ होगा। इसी तरह सिराथू ब्लॉक के ग्राम अफजलपुरवारी से तुलसीपुर मंझनपुर होकर प्रयागराज के लिए रोडवेज बस चालू कराए जाने से रोजाना सैकड़ों लोगों को मंझनपुर और प्रयागराज आने जाने की सुविधा होगी। इस के लिए परिवहन निगम जल्द कार्यवाही करे हम ऐसी मांग करते हैं।।मांगपत्र स्वीकार करते हुए विभागीय कर्मी मनोज पाठक ने इसे उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने एवं आवश्यक विभागीय कार्यवाही कराने की बात कही है। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, राजकुमार तिवारी, उमाशंकर गुप्ता, मनोज गौतम, गोरेलाल आदि मौजूद रहे।

# विज्ञान क्लब द्वारा सम्मानित किए गए इन्नोवेटर्स

स्वतंत्र प्रभात

*

**कौशाम्बी।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन) के दिशा निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब कौशांबी द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरस मेला परिसर डायट मैदान मंझनपुर में असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों हेतु जनपद स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। नवप्रवर्तन प्रदर्शनी में किसान, मजदूर, शिल्पकार, मैकेनिक, कारीगर, मिस्त्री, पारंपरिक उपचार करने वाले आदि ने जुगाड़ की तकनीक द्वारा विकसित अपने हुनर, खोज व शोध को प्रदर्शित किया। उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित त्रि दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर सदस्य राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी धर्मराज मौर्य, पूर्व सांसद विनोद सोनकर एवं अन्य मा0 जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी का आलोकन के पश्चात कहा कि ऐसे कार्यक्रम से ग्रामीण प्रतिभाओं को भी निखरने का अवसर प्राप्त होता है । उन्होंने कहा कि हुनरमंदो के कार्य की पहचान कर उन्हें




सम्मानित करना सराहनीय है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी के वैज्ञानिक डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं के नवाचार को तकनीकी मदद प्रदान कर जुगाड़ की तकनीक को नई पहचान प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच व तकनीक आवश्यक है। आगे कहा कि हमें वैज्ञानिक सोच के साथ नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हुनरमंद को अपनी प्रतिभा दिखाकर आगे बढ़ना चाहिए। इसी क्रम में जिला विज्ञान क्लब समन्वयक वसीम अहमद ने कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा ग्रामीण प्रतिभाओं के नवाचार को जिला विज्ञान क्लब के माध्यम से चिन्हित किया जा रहा है । किसान, शिल्पकार, मैकेनिक, मजदूर पारंपरिक उपचार करने वाले वैद्य, हकीम एवं आम जनमानस के हुनर, तकनीकी शोध व खोज को चिन्हित कर उन्हें बढ़ावा देना, तकनीकी मदद प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ाना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है । सम्मानित नवप्रवर्तक नवप्रवर्तन प्रदर्शनी में गेहूं की पुरातन प्रजाति एवं प्राकृतिक खेती में नवाचार लिए संदीप (शाहपुर, सरसवा) ने प्रथम, महिला स्वास्थ्य जागरूकता एवं सेनेटरी पैड निर्माण हेतु काजल सेन( शमशाबाद सिराथू) ने द्वितीय एवं समूह आय संवर्धन व महिलाओं को सिलाई तकनीक में बढ़ावा देने हेतु शबाना( पिंडरा सहावनपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। धान की बुवाई की तकनीक के लिए सुभाष चंद्र, खेती में सीमित संसाधन जल संरक्षण ड्रिप मॉडलिंग के लिए निरंकार सिंह, देशी विधि स्वनिर्मित आचार व देशी घी उत्पादन मे तकनीक के लिए संध्या सिंह, न्यू स्टार्टअप के माध्यम से जूते व चप्पल निर्माण मार्केटिंग के लिए प्रियंका देवी एवं अचार प्रिजर्वेशन के लिए कमलेश सिंह को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रथम पुरस्कार के रुप में रुपए 8000 द्वितीय के रूप में रुपए 5000 एवं तृतीय पुरस्कार के रूप मे रुपए 3000 एवं रुपए 2000 के पांच सांत्वना पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर एवं माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदान किया गया । विशेषज्ञ एवं निर्णायक के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव डॉ अमित केशरी, महामाया राजकीय पॉलिटेक्निक चायल के प्रवक्ता चंचल सिंह, एवं मिस्बाहुल हक रहे।

# योगी सरकार के सकुशल 08 वर्ष पूर्ण होने पर जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने घर घर सम्पर्क कर गिनाई सरकार की उपलब्धियां

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में विधानसभा सिराथू के तरसौरा, अन्दावा में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने घर घर जाकर भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताया गया। उपस्थित महिलाएं,बुजुर्ग, युवाओं को बताया गया कि योगी सरकार निरन्तर गरीब, किसान, महिला,सबके लिए कार्य कर रही है जैसे किसानों के लिए योगी सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जिसके तहत 2.61 करोड़ से अधिक किसानों को 80,000 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि डीबीटी के जरिए दी गई गन्ना किसानों को 2.80 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया



है जो पिछली सरकारों के 22 वर्षों के भुगतान से 60,000 करोड़ रुपया अधिक है। इसी तरह महिलाओं के लिए योगी सरकार ने कई योजनाएं शुरू की है जैसे कि निराश्रित महिला पेंशन योजना जिसके तहत 61,827 महिलाओं को लाभ मिला। शिक्षा में भी योगी सरकार ने कई कार्य किए हैं जैसा कि विद्यार्थियों को टैबलेट और स्मार्टफोन देना और छात्रवृत्ति का वितरण करना इसके साथ ही योगी सरकार ने कानून व्यवस्था में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं जैसे कि पुलिस को मजबूत करना और अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करना तथा योगी सरकार ने सामाजिक कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं जैसे कि गरीबों को आवास प्रदान करना और विधवाओं को पेंशन देना तमाम प्रकार की सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जिलाध्यक्ष ने बताया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष प्रदीप पटेल, बूथ अध्यक्ष हीरा लाल पटेल, बलराम पटेल, रोहित श्रीवास्तव, मिश्री लाल, बृजलाल पाण्डेय, आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत उसका बाजार बोर्ड की बैठक में 17.6करोड़ से विकास करने पर सहमति बनी

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत कार्यालय उसका बाजार पर नगर में विकास कार्य को गति देने के लिए शनिवार को बोर्ड की बैठक अध्यक्ष मंजू जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें लगभग 17.6 करोड़ से विकास कार्य करने पर सहमति बनी। अधिशासी अधिकारी अभिनव श्रीवास्तव ने पूर्व में कराए गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बताया कि लोहिया नगर वार्ड में पोखरे के सुंदरीकरण का कार्य कराया जाना है, इसके अलावा नगर पंचायत कार्यालय के ऊपरी तल पर एक डिजिटल लाइब्रेरी बनाया जाए जिससे यहां के छात्रों और अन्य लोगों को बाहर न जाना पड़े। इस पर अध्यक्ष समेत सभी सभासदों ने अपनी सहमति दी। सभासदों ने अपने वार्ड में जरुरी



कार्यों की सूची भी बैठक के दौरान अध्यक्ष की अनुमति से ईओ को सौंपा, नए कार्यों पर भी चर्चा किया गया। नगर क्षेत्र में 17.6 करोड़ की लागत से सड़क, पथ प्रकाश, पेयजल, नाली-नाला निर्माण, साफ-सफाई आदि होने वाले कार्यों पर भी सहमति बनी। ईओ अभिनव श्रीवास्तव ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष के धनराशि से होने वाले विकास कार्यों पर वार्ड सदस्यों की सहमति मिलने पर प्रस्ताव पास किया गया है। जल्द ही योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा। चेयरमैन प्रतिनिधि हेमंत जायसवाल ने कहा कि यह बैठक जन सुविधाओं को आधुनिक बनाने तथा नगर पंचायत निवासियों को मूलभूत सुविधाओं की सहूलियत हेतु काफी महत्वपूर्ण है, सबके सहयोग से विकास कराया जाएगा। बैठक में सुरेंद्र पांडेय, रिंकू पाल, मयंक पांडेय, राजेश श्रीवास्तव, विभुति अग्रहरि, सूरज मोदनवाल, अयोध्या साहू, मो. कासिम, अर्जुन साहनी, सुजीत अग्रहरि, उपेंद्र दुबे, विनोद वर्मा, अभिषेक त्रिपाठी, कल्लू प्रसाद, गुड़िया देवी, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# ककरहवा सीमा पर लगा शीतल पेयजल मशीन का विधायक ने फीता काट कर किया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर ।** भारत नेपाल सीमा पर स्थित 43 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सीमा चौकी ककरहवा सीमा पर शीतल पेय जल मशीन लगाया गया। जो एसएसबी के नागरिक कल्याण योजना के अंतर्गत आता है। जिसका सदर विधायक श्यामधनी राही फीता काट कर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा एसएसबी सीमाई क्षेत्र में अलग अलग कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को लाभ पहुंचाती रहती है।सीमा की सुरक्षा के साथ नागरिक उत्थान का कार्य करती है। गर्मी की लू में जहां दोनों देश के लोग सीमा पर पहुंचेंगे,इससे अपनी प्यास बुझाएंगे। कार्यक्रम में आए अतिथियों के प्रति डिप्टी कमांडेंट जसवंत सिंह ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर




दोनों देश की सुरक्षा एजेंसियों ने भाग लिया। एसएसबी कमांडेंट उज्जल दत्ता ने दोनों देश की सुरक्षा एजेंसियों को आपस में सामंजस्य बनाकर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर बीओपी अलीगढ़वा सहायक कमांडेंट आशीष राघव, इंस्पेक्टर राम प्रताप सिंह, दुल्हा सुमाली प्रधान प्रतिनिधि दिलीप पाण्डेय,मोहाना थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा, ककरहवा चौकी प्रभारी राकेश त्रिपाठी, कस्टम इंस्पेक्टर अरविंद नेगी ,नेपाल शसस्त्र बल इंस्पेक्टर राम कुमार घिमरे,नेपाल प्रहरी इंस्पेक्टर माधव प्रसाद पंथी,बन दरोगा निखिल श्रीवास्तव, अंबरीश जायसवाल, अरविंद तिवारी, आदि मौजूद रहे।

# भूकम्प आपदा पर एनडीआरएफ एवं जिला प्रशासन कौशाम्बी ने किया गया संयुक्त मॉक अभ्यास

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार की उपस्थिति में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कौशाम्बी एवं 11 पी0 वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचक दल (एन डीआरएफ) वाराणसी द्वारा आज तहसील परिसर, मंझनपुर में भूकम्प आधारित विषय पर एक मॉक अभ्यास आयोजित किया गया। जिसमें सतह और बिल्डिंग के अंदर फंसे हुए लोगों को अपने तकनीकी और प्रशिक्षित तरीके से बाहर निकाला गया और निकटतम अस्पताल भेजने का मॉक अभ्यास किया गया। इसी प्रकार विल्डिंग के ऊपर फसें लोगों को भी निकाला गया। एन.डी.आर.एफ. के पास खोजी स्वान एवं तकनीकी खोज का पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त था, जिसके माध्यम से लोगों को बाहर निकालने का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान इसीडेन्ट कमाण्डर श्री अजेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी, मंझनपुर कौशाम्बी को इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर से सूचना प्राप्त हुई कि जनपद में 7.2 रिक्टर स्केल का भूकम्प आया है, जिसमें तहसील कार्यालय मंझनपुर में 8-10 लोगों के फसे होने की सूचना प्राप्त हुई। इनके रेस्क्यू के लिए एन0डी0आर0एफ0 से सम्पर्क कर, इसके बारे में सूचना दी गयी। तत्पश्चात एन0डी0आर0एफ0 टीम जनपद में आई और अपने प्रशिक्षित जवानों के माध्यम से केनाइन सर्च, टेक्निकल सर्च कर मलबे में फंसे हुए 02 लोगों को स्टकबरल कटिंग कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। 02 विक्टिम को हाईराइज बिल्डिंग से टेम्पोरेरी रोपवे के माध्यम से सुरक्षित निकाला गया। इसके अतिरिक्त अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा भी 01 विक्टिम को सुरक्षित बाहर निकाल कर



एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा गया। फायर टीम द्वारा सिलेण्डर की आग को फायर एक्सिटनग्यूसर के माध्यम से बुझाते हुए प्रदर्शित किया गया। एन0डी0आर0एफ0 से आये हुये अधिकारियों द्वारा राहत एवं बचाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी है, जिसमें जन जागरूकता पर विशेष जोर दिए जाने के विषय में बताया गया। इसीडेंट रिसपांस सिस्टम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी, जिसमें विभिन्न विभागों की क्या-क्या जिम्मेदारियां होती है, यह भी अवगत कराया गया। एन0डी0आर0एफ0 के अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई आपदा आती है, तो शुरूआत के 8 घंटे खोज एवं बचाव के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, इसके उपरान्त आयोजित गोष्ठी में सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने मॉक अभ्यास के विषय में अपने अनुभव एवं सुधार के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। मॉक एक्सरसाइज में एन0डी0आर0एफ0 से 35, अग्निशमन विभाग के 20 लोग, राजस्व विभाग से 15 लोग, चिकित्सा विभाग से 15, पंचायत से 2 पुलिस विभाग से 20, तहसील सदर से 50, होमगार्ड विभाग से 15, जिला चिकित्सालय से 5 एवं प्राथमिक विद्यालय के 30 बच्चे द्वारा प्रतिभाग किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, कमाण्डेन्ट कृष्ण कुमार यादव, 11वीं वाहिनी वाराणसी (एन0डी0आर0एफ0), उप जिलाधिकारी मंझनपुर अजेन्द्र सिंह, तहसीलदार मंझनपुर संजय कुमार दुबे, प्रभारी अधिकारी अग्निशमन अशोक यादव, ए0सी0एम0ओ0 डॉ0 पी0एन0 यादव, नायब तहसीलदार मोबीन अहमद, नायब तहसीलदार मंझनपुर श्रीमती मधु जैन, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद मझनपुर श्रीमती प्रतिभा सिंह, आपदा विशेषज्ञ कलेक्ट्रेट दद्दन कुमार, रजिस्टार कानूनगो (दैवी आपदा) मंझनपुर मनीष कुमार पाण्डेय, आपदा मित्र नीरज साहू, आपदा मित्र राहुल कुमार, आपदा मित्र सूर्यभान एवं आपदा मित्र पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

# बेरोजगारी, महंगाई एवं संविधान बचाने की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस : राजेश तिवारी

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** आज प्रयागराज मंडल के सभी जिलाध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा के आवास पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ सरकार राजेश तिवारी जी ने संगठन को नए सिरे से मजबूती के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक लिया जिसमें कौशाम्बी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के निर्देश पर कौशाम्बी जिले के दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे । राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी जी ने कहा कि संगठन को ब्लॉक ,न्याय पंचायत, विधानसभा क्षेत्र एवं मंडल स्तर तक कांग्रेस की विचारधारा व कांग्रेस के किए गए कार्यो को जन-जन तक पहुंचना है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा दिए गए संविधान की रक्षा करना है और संगठन को गांव-गांव डगर- डगर तक पहुंचना है। राजेश तिवारी ने निर्देश दिया कि तीन न्याय



पंचायत पर एक मंडल एवं हर ब्लॉक पर कांग्रेस पार्टी का कार्यालय खोला जाएगा और आम जनमानस की समस्या को लेकर तहसील वर एवं ब्लॉक में धरना प्रदर्शन कर उनके अधिकार की लड़ाई लड़ी जाएगी। इस मौके पर उपस्थित - प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी ,प्रदेश सचिव प्रभारी कौशांबी राजेश साहनी, जिला उपाध्यक्ष मनोज पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष हस्ड्ढ अमित द्विवेदी आजाद, जिला उपाध्यक्ष उदय यादव, युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, हस्ड्ढ महासचिव अभिषेक शुक्ला, सोनू यादव, कैलाश केशरवानी, नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय, नीरज उपाध्याय, गिल्ला पाण्डेय लगभग दर्जनों की संख्या में कौशाम्बी कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रदेश को आत्मनिर्भर ,संवृद्ध और विकसित राज्य बनाने मेंअग्रसर योगी सरकार : विनोद सोनकर

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** भाजपा योगी सरकार की 8 वर्षो की उपलब्धियों का उत्सव मना रही है । भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री व पूर्व सांसद विनोद सोनकर ने सिराथू विधानसभा के सैनी में आम जनमानस से मिलकर योगी सरकार के 8 वर्ष की उपलब्धियां पर चर्चा कर जन समर्थन की अपील किये उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की 08 वर्ष की उपलब्धियों का उत्सव अभियान में शामिल होकर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए अभूतपूर्व कार्यों पर चर्चा की। सरकार द्वारा गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं के प्रभाव को रेखांकित किया, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। पिछले 08 वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार ने सुरक्षा, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। यह यात्रा प्रदेश को एक विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य



बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है।जिले-जिले लाभार्थी मेले लगाए जाएंगे। इसके अलावा भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर पहुंचेंगे और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। आठ साल की विकास यात्रा पर हर विधानसभा क्षेत्र में विकास गोष्ठियां होंगी। युवा मोर्चा को मोटर साइकिल रैलियां निकालकर जनता को जागरूक करने के कार्यक्रम दिए गए हैं। जिला स्तर पर प्रबुद्धवर्ग के साथ सम्मेलन होंगे। ग्राम सभा स्तर पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ता महिलाओं के बीच पहुंच कर संवाद करेगी। कार्यक्रम का समापन अंबेडकर जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर होगा कार्यक्रम में प्रमुख रूप पूर्व विधायक सिराथू शीतला पटेल, दिलीप तिवारी ,अजय सिंह पटेल, विनोद चौरसिया ,मुन्ना पटेल, मंडल अध्यक्ष सिराथू आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्लैरिंग पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्लैरिंग पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आशुतोष शुक्ला एवं विद्यालय प्रबंधन ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रधानाचार्य आशुतोष शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा, 卐सफलता अनुशासन और निरंतर परिश्रम का परिणाम होती है। बच्चों को शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को भी अपनाना चाहिए, जिससे वे समाज के आदर्श नागरिक बन सकें। विद्यालय टॉपर्स की सूची में कक्षा क्ल्ह्रष्ट - प्रत्यांश प्रथम, त्रिशिका द्वितीय कक्षा ह्रष्ट - अविशा, शिवी प्रथम, हर्षिता, आर्यांश द्वितीय, शिव, दिव्यांश तृतीय।

कक्षा स्र्यत्र - प्रशांत गौतम प्रथम, रक्षिता पांडे द्वितीय, प्रियल तृतीय।




कक्षा च्यत्र - आयुष प्रथम, अनन्या द्वितीय, यश तृतीय।

कक्षा 1 - रुद्राशिका पांडे प्रथम, समर द्वितीय, मानवी पाल तृतीय।

कक्षा 2 - काव्या मिश्रा प्रथम, काशवी सिंह, अर्पिता गौतम द्वितीय, शानिहाल तृतीय।

कक्षा 3 - वैभवी प्रथम, फैसल द्वितीय, अहम तृतीय।

कक्षा 4 - श्रीशांक गौतम प्रथम, आहिल द्वितीय, आयुष तृतीय।

कक्षा 5 - शिफा प्रथम, उदित द्वितीय, तान्या तृतीय।

कक्षा 6 - सिदरा प्रथम, वैष्णवी द्वितीय, प्रांचल गुप्ता तृतीय।

कक्षा 7 - अर्पित कुमार प्रथम, अनुष्का सिंह द्वितीय, कशिश राठौर तृतीय कक्षा 8 - असद प्रथम, अर्चित द्वितीय, आफरीन तृतीय स्थान पर रहीं

विद्यालय प्रबंधन ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। साथ ही, कक्षा 9 का परीक्षा परिणाम 5 अप्रैल को घोषित करने की घोषणा की

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा 3 अप्रैल को भव्य श्री राम उत्सव, 4 अप्रैल को विशाल शोभायात्रा का आयोजन

**● श्री राम उत्सव 3 अप्रैल को सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर के संग भक्तिमय संध्या का होगा आयोजन**

**हजारीबाग की रामनवमी भव्य और ऐतिहासिक रही है, इस बार इसे और दिव्य रूप देने का संकल्प लिया है - प्रदीप प्रसाद**

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग-** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी के शुभ अवसर पर हजारीबाग में भव्य तैयारियाँ की जा रही हैं। इसी क्रम में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के तत्वावधान में 3 अप्रैल को गांधी मैदान, मटवारी में भव्य श्री राम उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेगा। इस दिव्य आयोजन में देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर अपनी सुरीली भजनों की प्रस्तुति देंगी। उनके साथ राहुल सिंह,पायल बनारसी एवं अन्य कलाकार भी इस भक्ति संध्या में अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। इस कार्यक्रम को और अधिक भव्य बनाने के लिए लेजर शो का भी आयोजन किया गया है, जो भक्तों को दिव्य अनुभव कराएगा। यह कार्यक्रम संध्या 5-00 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चलेगा, जिसमें कई सांसदों एवं विधायकों की उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु भक्ति की रसधारा में डुबकी लगाएंगे और भजन कीर्तन का आनंद उठाएंगे। भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन एवं निजी सुरक्षा कर्मियों को विशेष तैनाती की गई है। महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकास द्वार बनाए गए हैं। लगभग एक हजार से अधिक वालंटियर्स पूरे मैदान में व्यवस्था को संभालेंगे। आपातकालीन सेवाओं के लिए अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष महिला सुरक्षा बल की तैनाती की गई है।

**4 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा-** रामनवमी के शुभ अवसर पर 4 अप्रैल को संध्या 4-00 बजे से बुढ़वा महादेव परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में रामध्वज के साथ सैकड़ों श्रद्धालु जय श्रीराम के उद्घोष करते हुए नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरेंगे और पुनः बुढ़वा महादेव परिसर में आकर संपन्न होगी। यह शोभायात्रा भक्तों के लिए आस्था और भक्ति का एक अद्वितीय संगम होगी। इस शोभायात्रा के दौरान भी जिला पुलिस बल एवं वालंटियर्स विशेष रूप से तैनात रहेंगे, ताकि यात्रा सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

**हजारीबाग की रामनवमी विश्व प्रसिद्ध पर्व-** हजारीबाग की रामनवमी महोत्सव अपनी भव्यता और भक्ति भाव के कारण विश्व प्रसिद्ध मानी जाती है। हर वर्ष यहाँ हजारों श्रद्धालु भगवान श्रीराम की भक्ति में लीन होते हैं। इस वर्ष का श्री राम उत्सव और शोभायात्रा भक्तों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। इस दिव्य एवं भव्य आयोजन में हजारीबाग एवं आसपास के सभी श्रद्धालु सादर आमंत्रित हैं। आइए, हम सब मिलकर इस भक्ति पर्व में शामिल होकर भगवान श्रीराम के चरणों में श्रद्धा अर्पित करें और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लें। पूरे नगर में जय श्रीराम के जयकारों की गूंज से भक्तिमय वातावरण बनेगा और यह आयोजन हजारीबाग के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होगा। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की रामनवमी हमारे लिए केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रतीक है। हजारीबाग की रामनवमी हमेशा से भव्य और ऐतिहासिक रही है, और इस बार हम इसे और भी भव्य स्वरूप देने के लिए संकल्पित हैं। यह आयोजन सिर्फ आस्था का नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता



और सद्भावना का भी संदेश देगा। मैं सभी श्रद्धालुओं से आग्रह करता हूं कि वे इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान श्रीराम की भक्ति में लीन हों।

**सदन में गूंजा हजारीबाग की रामनवमी का स्वर, भव्य शोभायात्रा में बजें डीजे और राष्ट्रीय महोत्सव घोषणा की मांग की-** प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की हजारीबाग की रामनवमी अपनी भव्यता और धार्मिक उत्साह के लिए विश्व विख्यात है। मैंने सदन पटल पर भी डीजे प्रतिबंध के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया है। साथ ही उन्होंन राष्ट्रीय महोत्सव घोषणा की मांग की। उन्होंने राज्य सरकार पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अन्य त्योहारों पर डीजे और संगीत बजते हैं, लेकिन जब हिंदुओं के पवित्र पर्व की बात आती है, तो तरह-तरह की पाबंदियाँ लगा दी जाती हैं। यह सरासर अन्याय और धार्मिक भेदभाव है, जिसकी मैं कड़ी निंदा करता हूँ। उन्होंने आगे कहा कि रामनवमी हमारी संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, और इसे भव्य रूप से मनाने से कोई रोक नहीं सकता। भक्तगण पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ इस महापर्व को मनाएंगे और शोभायात्रा अपने पूर्ण वैभव के साथ निकलेगी।

**बजट सत्र में हजारीबाग की जन समस्याओं को लेकर सदन में उठाई मजबूत आवाज - प्रदीप प्रसाद**

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि बजट सत्र के दौरान उन्होंने हजारीबाग की प्रमुख जन समस्याओं को मजबूती से सदन में उठाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाना मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है, और मैं सदैव सकर्मक सोच के साथ जनहित के मुद्दों पर कार्य करता रहा हूँ। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज इसके विकास और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। हजारीबाग झील पर्यटन और सौंदर्यीकरण को लेकर ठोस कार्ययोजना की मांग की। निजी स्कूलों की मनमानी अभिभावकों से हो रही आर्थिक शोषण पर रोक लगाने की बात रखी। कोनार डैम जल प्रबंधन और स्थानीय किसानों को लाभ देने के लिए ठोस नीति की माँग। माहेश्वरी हत्याकांड एवं जिले की आपराधिक घटनाएँ न्याय और अपराध नियंत्रण के लिए कड़े कदम उठाने की मांग। राज्य सरकार की वित्तीय नीतियाँ हजारीबाग और झारखंड के आर्थिक विकास में सरकार की विफलताओं को उजागर किया। लव, पैसा, सर्टिफिकेट जैसे मुद्दे सरकारी नीतियों की खामियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हजारीबाग की जनता के अधिकारों और विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे और सरकार को जवाबदेह बनाने का कार्य करते रहेंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, रामनवमी महासमिति अध्यक्ष बसंत यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता केपी ओझा, भाजपा नेता हरिश श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, दिनेश सिंह राठौर, टौनी जैन, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, रामनवमी पूर्व महासमिति अध्यक्ष अनमोल साव, राजेश यादव उपस्थित थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान ने लोदा मुर्मू के परिवार से की मुलाकात, दी आर्थिक सहायता



**जामताड़ा, झारखंड-** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान ने पंचमौहली कटंकी निवासी लोदा मुर्मू के निधन पर उनके घर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी और आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि इलाज के अभाव में किसी की मौत अब बर्दाश्त नहीं होगी और हर जरूरतमंद को सरकार की ओर से हर संभव चिकित्सा सुविधा मिलेगी। मंत्री ने अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए और भरोसा दिलाया कि सरकार हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी रहेगी।

### बरही थाना में ऑन-ड्यूटी पुलिसकर्मी से मारपीट, दो आरोपी भेजे गए जेल

**बरही** थाना क्षेत्र में ऑन-ड्यूटी पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने के आरोप में दो लोगों को जेल भेज दिया गया। पुलिस अवर निरीक्षक सुमित साव द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, शनिवार को सुबह करीब 11 बजे जब वे थाने में ड्यूटी पर मौजूद थे, उसी दौरान रसोइया धमना, छोटकी बरही निवासी जगन्नाथ साव (60) और बासुदेव साव (55) दोनों पिता स्व. श्रीराम साव वहां पहुंचे और उनके साथ मारपीट करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली। इस घटना के बाद बरही थाना में कांड संख्या 109/25 के तहत मामला दर्ज किया गया और आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### विधायिका निसात आलम द्वारा दावत-ए-इफ्तार का भव्य आयोजन, जनसमुदाय ने की शिरकत

**पाकुड़, झारखंड-** पाकुड़ विधानसभा की लोकप्रिय विधायिका मोहतरमा निसात आलम की ओर से आगामी 28 मार्च 2025, शुक्रवार को पाकुड़ स्थित रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नियमानुसार संध्या समय संपन्न हुआ, जिसमें जनसमुदाय के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी निमंत्रण के अनुसार शामिल हुए। झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव जनाब तनवीर आलम ने क्षेत्र की आम जनता एवं सभी कार्यकर्ताओं से अपील की थी कि वे निर्धारित समय पर कार्यक्रम में शामिल होकर सामूहिक दुआ करें। इफ्तार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई। झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम ने कार्यक्रम की विधि-व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया और सुनिश्चित किया कि सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हों। इस भव्य आयोजन के माध्यम से सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया गया, जिससे क्षेत्र में आपसी एकता और प्रेम को बल मिला।

### आरएसएस से सिर्फ राष्ट्र विरोधी एवं हिंदू संस्कृति विरोधी तत्वों को खतरा - हिंदू विचार मंच

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-**हिंदू विचार मंच पाकुड़िया इकाई ने सांसद ओवैसी के उस कथन का कड़ा विरोध किया है जिसमें उन्होंने वक्फ बिल का विरोध करते हुए कहा है कि देश को हिंदू-मुसलमानों से खतरा नहीं है, खतरा है आरएसएस से। सांसद ओवैसी के कथन का कड़े शब्दों में विरोध करते हुए मंच ने स्पष्ट रूप से कहा कि आरएसएस एक सांस्कृतिक एवं राष्ट्रवादी संगठन है, जो हिंदू संस्कृति व राष्ट्रीय हित का व्यापक स्तर पर प्रचार करता रहा है, न कि किसी विशेष समुदाय के विरुद्ध। इस क्रम में हिंदू विचार मंच ने पुरजोर दावे के साथ कहा है कि माननीय सांसद ओवैसी जी, आरएसएस जैसे प्रखर राष्ट्रवादी व हिंदू संस्कृति के पक्षधर संगठन से किसी समुदाय को कभी भी खतरा नहीं है और न भविष्य में रहेगा। आरएसएस से सिर्फ भारत तथा हिंदू संस्कृति विरोधी तत्वों को खतरा है। हिंदू संस्कृति एक जीवन शैली है और किसी राष्ट्र या देश की संस्कृति को उस राष्ट्र की आत्मा कहा गया है, जो राष्ट्रीय जन-जीवन को समृद्ध करने में सहायक है। आरएसएस जैसे सांस्कृतिक संगठन से देश को खतरा बताना ओछी एवं विकृत मानसिकता का परिचायक है। ऐसे निराधार आरोपों का मंच प्रखर प्रतिरोध करता है।

### सरकार ने किसानों को जोड़ा उन्नत तकनीक से - पवन

**देवरिया।** प्रदेश सरकार के आठ साल पूरे होने पर उत्कर्ष के 8 वर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आयोजित गांव चलो अभियान के दूसरे दिन किसान मोर्चा पदाधिकारियो ने देवरिया विधानसभा के धतूरा खुर्द गांव में किसान परिवारों में सम्पर्क कर सरकार की उपलब्धियों की पुस्तिका वितरित किया। उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। सरकार की नीतियों और योजनाओं के कारण न केवल किसानों की स्थिति में सुधार हुआ है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को उन्नत तकनीक से जोड़ा है, जिससे उत्तर प्रदेश का किसान खुशहाल और समृद्ध हुआ है। इस अवसर मुख्य रूप से अरुण मिश्र, विजेंद्र चौहान, राजन धर द्विवेदी, विजय कुशवाहा, नंद किशोर मौर्य, रामेश मौर्य, आलोक खरवार, मनीष पांडे उपस्थित रहे।

## नमामि गंगे अभियान के तहत पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय, साहिबगंज में स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**साहेबगंज झारखंड-** नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय, साहिबगंज में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने गंगा स्वच्छता की शपथ ली और जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय परिसर के साथ-साथ संपूर्ण समाज में स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। आयोजकों ने विद्यार्थियों को अपने घरों और समुदाय में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया, ताकि गंगा स्वच्छता अभियान को और गति मिल सके। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राज कपूर ने कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि गंगा हमारी संस्कृति की आत्मा और जीवनरेखा है। उन्होंने जल स्रोतों के अंधाधुंध दोहन को रोकने और





प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को यह भी बताया कि गंगा की स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. रणजीत सिंह ने क्विज प्रतियोगिता आयोजित की, जिसके बाद सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि लाखों लोगों की जीवनरेखा है, और इसे स्वच्छ बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। इस आयोजन में नमामि गंगे डीपीओ अमित मिश्रा, विद्यालय के शिक्षकगण संजीव कुमार, वेद प्रकाश शर्मा, बी. झा, बी.के. यादव, राजू कुमार गोंड, राजकुमार राम, जगदीश उपाध्याय, प्रिया कुमारी, मनसा उपाध्याय, मनोज कुमार सिंह, अभिलाष तिवारी, सुनील कुमार, पवन कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने का संकल्प लिया।

## राजकीय बुनियादी विद्यालय पंचमाधव में अष्टम वर्ग के छात्रों एवं रसोईया का विदाई समारोह आयोजित

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** राजकीय बुनियादी विद्यालय पंचमाधव में अष्टम वर्ग के छात्र-छात्राओं और रसोईया मोहनी देवी के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति, विद्यालय परिवार और बच्चों ने मिलकर सम्मानित छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और रसोईया मोहनी देवी को भावभीनी विदाई दी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे ने छात्रों को शिक्षा में उच्चतम उपलब्धि प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्होंने मोहनी देवी के स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना करते हुए उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। प्रधानाध्यापक संजय दुबे ने नए शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी दी और अभिभावकों से आग्रह किया कि वे 6 वर्ष या उससे अधिक




उम्र के बच्चों का विद्यालय में नामांकन अवश्य कराएं। उन्होंने सरकारी विद्यालयों में निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा की महत्ता को रेखांकित करते हुए अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल से जोड़ने की अपील की।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सरिता कुमारी, उपाध्यक्ष नीलम देवी, प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे, सहायक अध्यापक मनोज घोष, सरफराज खान, दामोदर साव, बिंदिया देवी, गायत्री सिंहा, सरस्वती देवी, संयोजिका सुनीता देवी सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। बाल संसद की प्रधानमंत्री कीर्ति कुमारी एवं सदस्य नंदनी कुमारी, श्रेया कुमारी, सुनीता, श्रुति कुमारी, रानी कुमारी, प्रीति कुमारी, नेहा कुमारी, नैना कुमारी, मोहित कुमार, अंशु कुमारी, अंकित कुमार यादव, काजल कुमारी, करीना कुमारी, स्वाति कुमारी, राखी कुमारी, विक्रम कुमार शर्मा और आयुष कुमार शर्मा सहित विद्यालय के तमाम बच्चे इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। समारोह का समापन छात्रों और शिक्षकों के प्रेरणादायक संदेशों एवं विद्यालय के विकास को लेकर किए गए संवाद के साथ हुआ।

## जन जातीय प्रखण्ड पाकुड़िया में मइया सम्मान योजना के तहत 13, 673 बहनों को मिली है स्वीकृति, 515 हुए अस्वीकृत

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** झारखण्ड प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार की नीति निर्देश के आलोक में प्रदेश की असहाय बहनों के हित में 'मइया सम्मान' योजना की घोषणा से गरीब बहनों की प्रसन्नता हिलोरें लेती दिखी और इसके अनुरूप अगस्त 2024 से प्रतिमाह एक हजार की राशि बैंक खातों से चार माह तक भुगतान भी हुआ। जबकि दिसम्बर को स्वीकृत बहनों के बैंक खातों में ढाई हजार की राशि मिली। वहीं दूसरी ओर, मार्च के महीने में साढ़े सात हजार रुपये का भुगतान ढाई हजार रुपए प्रति माह के तहत तीन माह का होने से बहनों की खुशियों में चार चांद लग गए। परन्तु पाकुड़िया प्रखण्ड में बड़ी संख्या में तीन महीने की साढ़े सात हजार




रुपये की राशि बैंकों में नहीं आने से वंचित बहनों में नाराजगी साफ-साफ दिख रही है। वंचित बहनें प्रखण्ड, बैंक, सीएसपी का चक्कर लगाती थक चुकी हैं और उन्हें अब तक निराशा ही हाथ ी ने संबंधित पंचायत सचिवों को दिया है। वहीं बहनों को जानकारी हेतु प्रखण्ड कार्यालय सूचना बोर्ड के निकट दीवार पर पंचायतों के नाम, बैंक खातों, आधार नंबर सहित रिजेक्ट व केवाईसी कराने की जानकारी दी गई है।

वहीं विभिन्न सूत्रों से मिल रही सूचना के अनुसार अब तक भौतिक सत्यापन होने की सूचना नहीं मिल पाई है। इस बावत पिछले दिनों पाकुड़िया पंचायत सचिव अनिल शर्मा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी काम से फुर्सत नहीं मिली है। जनजातीय प्रखण्ड पाकुड़िया में कुल 22,678 आवेदनों में 13,653 बहनों को स्वीकृति मिली है। वहीं लंबित आवेदनों पर जांच जारी है।

## युवा साथी झारखंड ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

**● इफ्तार पार्टी से सामूहिकता की भावना होती है मजबूत- विकास सिंह**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** बरही के रसोइया धमना स्थित चकुरा मैदान में शुक्रवार को अलविदा जुम्मा के अवसर पर युवा साथी झारखंड संस्था की तरफ से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष विकास सिंह ने सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों को माहे रमजान के पाक महीना की बधाई दी साथ ही कहा कि माहे रमजान सबसे शुद्ध व पवित्र माह होता है। रमजान माह पूरी तरह से तन, मन व वचन को संयमित व अनुशासित रखता है। इफ्तार पार्टी सामूहिकता की भावना को मजबूत बनाती है। इफ्तार पार्टी भाई चारा का संदेश देता है। इसमें अमीर गरीब हिंदू मुस्लिम सभी समुदाय के लोग शामिल होते हैं। उपस्थित सदस्यों ने भी सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों को मुबारकबाद देते हुए अमन चैन व खुशी की दुआ की। जिसमें समाज में रहने वाले काफी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। इस दौरान खुदा से उन्होंने देश में अमन-चैन की दुआ मांगी। रोजा इफ्तारी में युवा से लेकर बच्चे भी शामिल हुए। जिन्हें इफ्तारी में फल, जूस,आदि दिए गए एवं तय समय के साथ कई तरह के पकवान, मिठाई, फलों के साथ रोजेदारों ने रोजा खोला। मौके पर संस्था के सरफराज़ ख़ान, सरफराज़



अहमद,शारूफ़ आलम, अनिल सिंह, अहमद ख़ान,सहमद ख़ान, सद्दाम ख़ान, मासूम अंसारी, समीम अंसारी, गुलाम अंसारी, सकिल अहमद, आशीष यादव, परमेश्वर यादव, रवि यादव, दीपेश कुमार, गौतम कुमार, सोनू, रिज़वान, मोकिम, मोहसिन, इनामुल, नईम अंसारी एवं नन्हे बच्चों के साथ दर्जनों लोग मौजूद थे।.

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्र को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरही में सत्र 2024-25 की वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। वंदना सभा में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के सह सचिव दिनेश साव, पूर्व सचिव उमेश साव, समिति के सदस्य कुंदन साव और बब्लू साव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसे अभिभावकों के माध्यम से संपन्न किया गया। अतिथि परिचय की जिम्मेदारी प्रिंस जी ने निभाई, जबकि परीक्षा प्रमुख धीरज जी ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। इस वर्ष की वार्षिक परीक्षा में सभी भैया-बहनों ने सफलता प्राप्त की। कक्षा अरुण से लेकर नवम तक के परीक्षाफल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही, सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 17, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 17 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 19 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले



विद्यार्थी ही आगे बढ़ते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए निरंतर प्रयासरत रहने की सलाह दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्यों और दीदी जी का विशेष योगदान रहा।

## बरही में श्री श्री 1008 महारुद्र सह शिवपुराण महायज्ञ का हुआ समापन

**● विधायक मनोज कुमार यादव ने किया सांस्कृतिक दुगोला कार्यक्रम का शुभारंभ**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** बरही प्रखंड के कोल्हुआकला पंचायत अंतर्गत ग्राम तिलैया बस्ती में श्री श्री 1008 महारुद्र सह शिवपुराण महायज्ञ के पूर्णाहुति के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन में बरही विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और इस सफल आयोजन के लिए तिलैया बस्ती के सभी ग्रामीणों को हार्दिक बधाई दी। विधायक मनोज कुमार



यादव ने कहा कि भगवान शिव की कृपा सदैव आप सभी पर बनी रहे और यह महायज्ञ आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में धनबाद से आए शिवशंकर यादव और मगहा, बिहार से आए सुदर्शन यादव ने अपनी शानदार दुगोला प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। उनके बीच हुए संगीत मुकाबले ने श्रद्धालुओं को भक्ति भाव में डुबो दिया। इस कार्यक्रम में जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया मंगलदेव यादव, भंडारो मुखिया सकलदेव यादव, विनोद पासवान, पंसस प्रभु यादव, डिलो पासवान, मणिलाल यादव, टेकलाल यादव, रवि यादव, राजू राम, मुकेश यादव, लक्ष्मण यादव, अजय कुमार, लक्ष्मण ठाकुर, उदय राम, उमेश चंद्रवंशी और नकुल चंद्रवंशी समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। महायज्ञ और सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन से गांव के लोगों में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। आयोजन समिति ने विधायक समेत सभी अतिथियों और कलाकारों का धन्यवाद व्यक्त किया।

## मध्य विद्यालय सिंहपुर में निःशुल्क साइकिल और पोशाक का वितरण, छात्र-छात्राओं में उत्साह

स्वतंत्र प्रभात

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** चौपारण प्रखंड के मध्य विद्यालय सिंहपुर में सत्र 2024-25 के अष्टम वर्ग के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित किया गया। दादपुर पंचायत की मुखिया गंदौरी दांगी के हाथों इस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही कक्षा 1 और 2 के बच्चों को स्कूल ड्रेस, जूते-मोजे और स्वेटर भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुखिया गंदौरी दांगी ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार कमल ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि अष्टम वर्ग में अध्ययनरत हरिजन, आदिवासी और पिछड़ी जाति के कुल 66 बच्चों को निःशुल्क साइकिल प्रदान की जा रही है। उन्होंने बच्चों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाध्यापक ने यह भी जानकारी दी कि कक्षा 3 से 8 तक के छात्रों के लिए ड्रेस की राशि उनके बैंक खातों में भेज दी गई है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक राजकुमार



प्रजापति, अनिल कुमार महतो, गौतम कुमार राणा, ऋषि कपूर वर्मा, प्रेम पासवान, मंजू कुमारी, रिंकू कुमारी, प्रभावती देवी, रागिनी कुमारी और कंप्यूटर शिक्षक केशव कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।इस आयोजन से छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने सरकार व पंचायत प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया।

## आइलेक्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर भगवान श्रीराम की झांकि प्रस्तुत की

**● रामनवमी का त्योहार सत्य, धर्म और न्याय की स्थापना का प्रतीक है- शैलेश कुमार**

**बरही, झारखंड-** आइलेक्स पब्लिक स्कूल में रामनवमी का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर भगवान श्रीराम की झांकियां प्रस्तुत कीं, जिससे पूरे विद्यालय परिसर में भक्ति और उत्सव का माहौल छा गया।विद्यालय की प्रबंधक सुषमा भारती ने कहा कि रामनवमी का पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों और उनकी जीवनशैली से प्रेरणा लेने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ती है, जिससे वे अपने नैतिक मूल्यों को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि रामनवमी का त्योहार सत्य, धर्म और न्याय की स्थापना का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन आदर्श और प्रेरणादायक है, जिससे हम सीख सकते हैं कि धैर्य, समर्पण और कर्तव्यपरायणता से जीवन को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के आयोजनों को बढ़ावा दिया



जाएगा ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और अभिभावकगण उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन की सराहना की और बच्चों की प्रस्तुतियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# कांपती धरती और हांफता सूर्य



म्यांमार में धरती कॉंपी तो डेढ़ सौ से ज्यादा लोग मौत का शिकार हो गए और हजारों लोग घायल हो गए ,दूसरी तरफ दुनिया ने 29 मार्च को साल के पहले सूर्यग्रहण का सामना किया । कहीं सूरज हांफता नजर आया तो कहीं इसके दर्शन नहीं हुए। भारत में सूर्यग्रहण नजर नहीं आया,आता भी कैसे ,यहां तो सूर्य को ग्रहण लगे एक दशक से जायदा बीत चुका है। प्रकृति में हो रही इस हलचल के बारे में हम कुछ सोच नहीं पा रहे हैं ,क्योंकि हमारे सामने जेरे बहस दूसरे मुद्दे हैं।

भूकंप को पुरबिया भू-डोल कहते है। दो फीसदी से ज्यादा लोग इसे ' अर्थक्वेक 'कहते हैं क्योंकि उन्हें हिंदी नहीं आती या हिंदी बोलने में तकलीफ होती है। लेकिन बहस का मुद्दा भाषा नहीं आपदा है। म्यांमार में आए भूकंप से हुयी तबाही हृदयविदारक है। इसके लिए कौन जिम्मेदार है कहना कठिनहै। हम क्या, कोई दावे के साथ नहीं कह सकता कि ये भूकंप क्यों आया या ये सूर्यग्रहण क्यों लगा ? इस बारे में विज्ञान की अपनी परिभाषाएं हैं और इन्हीं पर हम भरोसा करते आये है। हमारे पास भूकंप की आहट सुनने की मशीने है। भूकंप की तीव्रता को झेलने वाली तकनीक भी है ,किन्तु सब असफल साबित होती है। जनहानि भी करता है भूकंप और धनहानि भी। म्यांमार में शुक्रवार आए तेज भूकंप से भीषण तबाही हुई है. इस आपदा से अब तक 140 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 700 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.7 रही। जिसका असर पड़ोसी देश थाईलैंड में भी देखने को मिला है। राजधानी बैंकॉक की एक 30 मंजिला निर्माणाधीन इमारत भूकंप के झटके से जमीदोंज हो गई जिसमें 8 लोगों मौत हो चुकी है. इसके अलावा 100 ज्यादा लोगों की इमारत के मलबे में दबे होने की आशंका है। इस भूडोल की वजह से हमने बहुमंजिला इमारत पर बने स्विमिंग पूल को जाम की तरह छलकते देखा है। इस आपदा के शिकार लोगों के प्रति हमारी हार्दिक सवेदना है। आखिर म्यांमार हमारा पड़ोसी मुल्क है ,ये बात और है कि म्यांमार के रोहिंगिया मुसलमानों से हमारी सरकार हमेशा परेशान रहती है। अब बात करें सूर्यग्रहण की। वर्ष 2025 का पहला सूर्य ग्रहण 29 मार्च को आंशिक रूप में होगा। नासा के अनुसार यह आंशिक सूर्य ग्रहण यूरोप, एशिया, अफ्रीका, उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका तथा आर्कटिक के कुछ क्षेत्रों में देखा जा सकेगा। भारत में यह नहीं दिखाई दिया क्योंकि इस दौरान चंद्रमा की छाया भारतीय उपमहाद्वीप तक नहीं पहुंचेगी।सूर्य और चन्द्रमा और धरती के बीच ये छाया युद्ध आज का नहीं है। बहुत पुराना है। हमारे पास तो इसे लेकर बाकायदा दंतकथाएं हैं ,आख्यान हैं। और कहावतें भी। हम सनातनी लोग हैं। आज भी इन दंतकथाओं से बाहर नहीं आये हैं और न आना चाहते हैं ,क्योंकि इन्हीं में सुख है।

कहावतों की बात करें तो भारत में ग्रहण केवल सूर्य या चन्द्रमा को ही परेशान नहीं करता बल्कि राजनीति को,धर्म को,अर्थव्यवस्था को और आम नागरिकों को भी परेशान करता है। आजकल भारत भूकंप से महफूज है लेकिन सियासी सूर्यग्रहण से अपने आपको नहं बचा सका। भारत की समरसता,धर्मनिरपेक्षता ,सम्प्रभुता, सभी को ग्रहण लगा है साम्प्रदायिकता का,संकीर्णता का ,धर्मान्धता का। हमारे पास पहले ये सब चीजें नहीं थी । ये सियासी ग्रहण का ही उत्पाद हैं और अब इनका असर दिनों-दिन बढ़ता ही जा रहा है क्योंकि भांग पूरे कुएं में घुल चुकी है। सूर्यग्रहण हो या चंद्र ग्रहण सभी को प्रभावित करता है। वो हिन्दूमुसलमान नहीं देखता ,लेकिन हमारी धर्मान्धता की सत्ता तो हिन्दू-मुसलमान की बैशाखियों पर ही टिकी है।

हम आजादी हासिल करने के बाद % नौ दिन चले लेकिन केवल अढ़ाई कोस % ही चल पाए। हमारे साथ ,हमारे पहले,हमारे बाद आजाद हुए देश कहीं के कहीं पहुँच गए किन्तु हम जहाँ थे ,वहां से भी पीछे जाते नजर आ रहे हैं। जो साम्प्रदायिकता,धर्मान्धता आजादी के समय हुए विभाजन के बाद समाप्त हो जाना चाहिए थी ,वो आज भी जिंदा है। कुछ मुठ्ठीभर लोग हैं सियासत में जो आजादी के बाद पकिस्तान की तर्ज पर भारत को हिंदुस्तान बनाना चाहते थे ,उस समय जंग जो आजादी लड़ी जा रही थी ,तब वे बिलों में थे । आज वे सब बिलों से बाहर आ चुके हैं और एक बार फिर पाकिस्तान के मुकाबले हिन्दुओं का हिंदुस्तान बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि हमें चीन जैसा मजबूत और अमेरिका जैसा महान बनना था।


भारत के संविधान ने किसी को कोशिश करने से नहीं रोका ,इसलिए देश में पहली बार सड़कों पर ईद की नमाज पढ़ने पर पासपोर्ट छीनने की धमकियां दी जा रहीं है। नवरात्रि पर माँस बिक्री के इंतजाम किये जा रहे है। कब्रें और मस्जिदों को खोदने की मुहीम तो अब पुरानी पड़ गयी है। धरती के नीचे से आने वाला भूकंप तो तबाही करके शांत हो जाता है। प्रकृतिक आपदा पर पीड़ित देश को दुनिया भर से राहत भी मिल जाती है किन्तु धर्मान्धता और संकीर्णता के भूकंप के शिकार देश को दुनिया इमदाद नहीं करती । दुनिया तमाशा देखती है । हमारी कूपमंडूकता पर हंसती है। लेकिन हमारे ऊपर इन सबका कोई असर नहीं पड़ता। हम अपने पांवों पर कुल्हाड़ियाँ चलने में ही बुद्धिमत्ता समझते हैं।


हमारे पड़ोसी हमसे बिदके हुए हैं। नेपाल से हमारे रिश्ते खराब हैं। बांग्लादेश अब चीन का बगलगीर हो रहा है। बांग्लादेश के यूनुस साहब चीन की मेहमानी का मजा ले रहे हैं। हमने तो उन्हें लिफ्ट दी नहीं । पाकिस्तान से तो हमारे सदियों पुराने खराब रिश्ते हैं। इन रिश्तों को जब पंडित जवाहर लाल नेहरू नहीं सुधार पाए तो पंडित नरेंद्र मोदी की क्या बिसात ? हमारे प्रधानमंत्री ने दोस्त कम, दुश्मन ज्यादा बनाये हैं। अब हमारे हाथों में न शांति कपोत है और न निर्गुटता का कोई अस्त्र। हमारी लड़ाई हमसे ही है। इसलिए हमें किसी नए दुश्मन की जरूरत नहीं है। हम आपस में ही लड़-खप मरेंगे। हमारे पास इसका फुलप्रूफ इंतजाम है। हमने इस पर काम भी शुरू कर दिया है। अब भगवान ने भी हमारी मदद करने से इंकार कर दिया है। भगवान कहते हैं कि जब हमारा काम धीरेन्द्र शास्त्री जैसे बकलोल कर सकते हैं ,तो हमारा क्या काम तुम्हारे अंगने में ?

बहरहाल आज मैंने भी बकलोल ही की है लेकिन मेरी बकलोल आपको सोचने के लिए मजबूर कर सकती है। मुमकिन है मुझसे दूर भी कड़े,लेकिन मैं तो मुसलमान नहीं हूँ जो अपना मुल्क छोड़कर कहीं और चला जाऊं । मुसलमान भी होता तो मुल्क नहीं छोड़ता। किसी मुसलमान ने भी इतनी तकलीफों कि बावजूद हिंदुस्तान नहीं छोड़ा है। हिंदुस्तान छोड़ने वाले तो माल्या हैं ,मोदी हैं ,जो हिन्दू हैं मुसलमान नहीं। मैं आपसे कल फिर मिलूंगा ,किसी नए मजमून के साथ। खुदाहाफिज़।

**राकेश अचल**

# गुड़ी पड़वा के रीति-रिवाज - क्या कहता है विज्ञान ?



अधिकांश भारतीय परिवार अपनी सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपरा के अनुसार नव वर्ष के प्रथम दिवस का स्वागत विशेष पर्व के रूप में करते हैं।अथार्त कोशिश यही रहती है कि साफ सुथरे या नए वस्त्र पहने जाएं, एक-दूसरे को भारतीय परंपरा अनुसार शुभकामनाएं दी जाएं, बड़ों से आशीर्वाद प्राप्त किया जाय और ईश्वर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की जाएं। यदि संभव हो तो घरों में विशेष व्यंजन बनाए जाएं। मालवा तथा महाराष्ट्र में इस दिन अधिकतर परिवारों में पूरन-पोली और श्रीखंड को प्रमुख रूप से भोजन प्रसादी में शामिल किया जाता है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि स्वच्छ और सुव्यवस्थित घर, मनपसंद भोजन और परिधान, हर्ष और उल्लास का माहौल न सिर्फ मानसिक शांति देते हैं,सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाते हैं अपितु शरीर में डोपामिन और सेरोटोनिन जैसे हैप्पी हार्मोन को भी बढ़ाते हैं, जिससे खुशी और आनंद का अनुभव होता है, मन प्रसन्न रहता है। गुड़ी पड़वा को पर्व के रूप में मानने वाले इस दिन अपने घर के मुख्य द्वार / बालकनी/छत पर बाहर की ओर आकर्षक रूप में सजा कर 'गुड़ी ' को प्रदर्शित करते हैं। ऐसा करना घर की समृद्धि और विजय का प्रतीक माना जाता है। वास्तव में हर्ष, उल्लास, उमंग के साथ गुड़ी की स्थापना करने से घर के लोगों में सकारात्मक उर्जा का संचार होता है, मन प्रसन्न रहता है, परिवार का वातावरण खुशहाल बनता है,आपस में स्नेह, प्रेम, अपना पन बढ़ता है तथा समर्पण भाव जागृत होता है। साथ ही इस दिन ईष्ट-मित्र, परिवार और आस-पड़ोस के मध्य शुभकामनाओं का आदान-प्रदान होता जिससे आपसी संबंध प्रगाढ़ होते हैं तथा सामाजिक समरसता में वृद्धि होती है।

परंपरा यह भी कहती है कि इस दिन उदय होते सूरज को जल दिया जाता है और स्वस्थ रखने की प्रार्थना की जाती है।हम सबको मालूम ही है कि सुबह की सूर्य किरणें स्वास्थ्य वर्धक विटामिन डी का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। अतः यदि हमें विटामिन डी की गोलियां या इंजेक्शन नहीं लेना है तो सूर्य भगवान को अर्ध्य देने की नियमित आदत डालना चाहिए। इस क्रिया के पीछे का संदेश भी यही है।

वास्तव में नवसंवत्सर की शुरुआत मौसम बदलने के समय होती है, जब शरीर को रोग-प्रतिरोधक क्षमता की अधिक जरूरत होती है। इसलिए इस दिन से आर्युवेद सम्मत नीम और गुड़ का सेवन करने की सलाह दी जाती है।शोध बताते हैं कि नीम में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-वायरल गुण होते हैं, जो शरीर को बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं, जबकि गुढ़ आयरन से भरपूर होने के कारण खून की गुणवत्ता सुधारता है।श्वसन तंत्र को शुद्ध करने में सहायक होता है। साथ ही शरीर को डिटॉक्स कर पाचन तंत्र को मजबूत करता है। आर्युवेद यह भी कहता है कि नीम पित्त को शांत करता है और गुड़ कफ को कम करता है, जिससे शरीर का संतुलन बना रहता है।

प्रश्न यह उठता है कि नीम और गुड़ का सेवन कितना किया जाए? आर्युवेद के अनुसार रोज़ 4 से 5 ताज़ी कोमल पत्तियां चबाकर खानी चाहिए या इन्हें पीसकर शहद या गुड़ के साथ लेना चाहिए। अगर पत्तियां चबाना कठिन लगे, तो 10-15 (लगभग 1 से 2 चम्मच) नीम का रस सुबह खाली पेट पिया जा सकता है।नीम का कड़वापन संतुलित करने के लिए तथा गुड़ में निहित गुणों का लाभ लेने के लिए 5-10 ग्राम गुड़ (एक छोटी गोली जितना) खाया जा सकता है। सुबह खाली पेट या नाश्ते से पहले इसका सेवन करना सबसे प्रभावी माना जाता है। किन्तु यहां यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि कम रक्तचाप वाले लोगों को नीम अधिक मात्रा में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि यह रक्त चाप को और कम कर सकता है।गर्भवती महिलाएं और स्तनपान कराने वाली माताओं को तो बिना आयुर्वेदिक चिकित्सक की सलाह के इसका सेवन नहीं करना चाहिए। डायबिटीज के मरीज जो पहले से दवा ले रहे हैं, उन्हें भी विशेष सावधानी बरतनी की आवश्यकता है, क्योंकि नीम का सेवन ब्लड शुगर को कम कर सकता है।

आर्युवेद अनुसार गुड़ी पड़वा से शुरू करके 7-15 दिन तक नियमित रूप से नीम और गुड़ का उपरोक्त बताई मात्रा में सेवन किया जाए, तो यह शरीर को डिटॉक्स करने, रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और मौसम परिवर्तन से होने वाली बीमारियों से बचाने में मदद कर सकता है। एक दूसरा संदेश यह भी है कि नीम(कड़वा) और गुड़(मीठा) को एक साथ खाने से जीवन में सुख-दुख, सफलता-असफलता और संघर्ष-उपलब्धियों को समान रूप से स्वीकार करने का भाव विकसित होता है।यह परंपरा हमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने और प्राकृतिक औषधियों का महत्व समझने का भी संदेश देती है।

आध्यात्मिक दृष्टि से गुड़ी पड़वा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि नव सृजन और आशा का प्रतीक है।इससे हम सीख सकते हैं कि हर नया वर्ष नई संभावनाएं और नई शुरुआत लेकर आता है। अतः हर व्यक्ति के लिए अतीत से सीखकर भविष्य की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा लेना ही श्रेष्ठकर है।

मेरा ऐसा मानना है कि विक्रम संवतसर के प्रथम दिवस का सभी भारत वासियों को अपनी जाति धर्म से परे विचार कर स्वास्थ्य, समृद्धि, खुशहाली, समरसता की दृष्टि से हर्ष और उल्लास से स्वागत करना चाहिए।

**डा मनमोहन प्रकाश**

# संपादकीय

## नौ माताओं के इस महापर्व के साथ हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं




पवित्र चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के साथ हिंदू नव वर्ष की आप सभी को शुभकामनाएं अनंत बधाइयां

नवरात्रि का पहला दिन यानी प्रतिपदा तिथि मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री को समर्पित माना जाता है। इस दिन जौ (जवार)बोने तथा कलश स्थापना पूजन के साथ ही देवी का पूजन किया जाना शुभ माना जाता हैद्य यह भी शास्त्रों में लिखा गया है कि प्रथम दिवस में माता की पूजा करते समय आराधक यदि लाल, गुलाबी ,नारंगी और रानी रंग के कपड़े पहन कर पूजा करने से माता का संपूर्ण आशीर्वाद प्राप्त होता हैद्य द्वितीय दिवस यानी नवरात्रि के दूसरे दिन अत्यंत दिव्य देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना का विधान है सिद्धि के लिए इस दिन मां की उपासना करते समय सफेद,पीले रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है एवं इस पवित्र दिन में आराधना करने से मनवांछित इच्छाओं की प्राप्ति होती है। तृतीय दिवस में बाघ पर सवार स्वर्ण के समान रंग एवं छटा वाली मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है।इस दिन पीला, लाल, दूधिया या केसरिया रंग कपड़े पहनना शुभ माने जाते हैं एवं इन रंगों के कपड़े पहनकर देवी की आराधना करने से उनका आशीर्वाद एवं कृपा की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में चतुर्थ दिवस में इस भव संसार के ब्रह्मांड की रचना करने वाली दुर्गा मां के चौथे रूप के रूप में देवी कुष्मांडा की आराधना एवं भक्ति की जाति है। इस दिन इस प्रकृति की देवी के स्वरूप की मन से आराधना करना शुभ फल देने वाला है एवं देवी प्रकृति की देवी हैं इनकी उपासना इस दिवस में पीला ,हरा, लाल और भूरे रंग का वस्त्र पहनकर करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है, एवं देवी प्रसन्न होती हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर पंचम दिवस पर पंचमी तिथि को भगवान कार्तिकेय की माता देवी स्कंदमाता की आराधना एवं श्रद्धा के साथ पूजा की जाती है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर छठवें दिन ऋषि कात्यायन की पुत्री कात्यायनी मां की पूजा अर्चना का शास्त्रों में पूजा का विधान माना जाता है। माता कात्यायनी अमोघ फलदाईनी होती हैं भक्तों द्वारा इस दिन लाल, नारंगी, गुलाबी, गेरुआ, मूंगा रंग के कपड़े पहनकर माता रानी की पूजा करने से ऐश्वर्या के साथ वैवाहिक जीवन में शांति सुख समृद्धि प्राप्त होती है। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा तथा अर्चना का विधान है, नवरात्रि की पूजा में तंत्र साधना करने वाले लोग इस दिन काले रंग का वस्त्र धारण करके इनकी पूजा अर्चना करते हैं साधकों को इस दिन बैगनी, स्लेटी ,नीला एवं आसमानी रंग का वस्त्र धारण कर मां के इस दिव्य रूप की पूजा अर्चना करनी चाहिए जिससे संपूर्ण ग्रह बाधाएं दूर होती हैं। नवरात्रि के आठवें दिन सर्व सौभाग्य दाइनी देवी महागौरी की उपासना का दिन माना जाता है। यह अत्यंत पवित्र दिन होता है और यह देवी धन, वैभव, सुख, शांति की शक्तिशाली देवी मानी जाती हैं। इनकी पूजा के दौरान साधकों को रातों को केसरिया संतरी गुलाबी या लाल रंग के वस्त्र धारण करके पूजा करनी चाहिए जिससे सुख एवं सौभाग्य की अखंड प्राप्ति होती है। शिवरात्रि मैं माताओं के नौ रूपों में दुर्गा पूजा के नौवें तथा आखरी दिन संपूर्ण विधि विधान, रीति रिवाज और पूर्ण निष्ठा के साथ देवी की आराधना करने वाले साधकों को संपूर्ण सिद्धियां प्राप्त होती हैं और इनकी उपासना के समय हरा धागों को लाल गुलाबी नारंगी रंग के वस्त्र पहनने से समाज में पद प्रतिष्ठा वैभव एवं धन की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों का पूजन अर्चना एवं निष्ठा से की गई आराधना से इस जगत का कल्याण भी होता है साथ ही इस पवित्र 9 दिनों में असंख्य दीप जलाकर माता को प्रसन्न करने का प्रयास किया जाता है। नवरात्रि में उपवास रखने तथा विधि विधान से अर्चना करने से मनुष्य का जीवन तथा परलोक सफल होना शास्त्रों के अनुसार तय माना जाता है। आप सभी को चैत्र नवरात्रि कथा हिंदू नव वर्ष की अनंत शुभकामनाएं एवं बधाइयां।

**संजीव ठाकुर**

# चैत्र नवरात्रि - हिन्दू नववर्ष आरंभ



सनातन धर्म में चैत्र मास की शुक्लपक्ष प्रतिपदा से नववर्ष का आरंभ माना जाता है। जिसे आम भाषा में हिंदू नववर्ष कहा जाता। इस बार हिंदू नववर्ष 30 मार्च 2025 से शुरू हो रहा है जो विक्रम संवत 2082 है। ज्योतिषियों के अनुसार हिंदू नववर्ष बेहद महत्वपूर्ण होता है। पूरे संसार में इसी नववर्ष के प्रथम दिवस से नवरात्रों के विशेष दिवस आरंभ होते है। मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना के विशेष नौ दिवसों को नवरात्रि कहा जाता है। साल में चार बार नवरात्रि आते हैं माघ, चैत्र, आषाढ़ और अश्विन। इनमें से माघ और आषाढ़ में आने वाले नवरात्रि को गुप्त नवरात्रि कहा जाता है। नवरात्रि चंद्र-आधारित हिंदू महीनों में चैत्र, माघ, आषाढ़ और अश्विन प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाते हैं। गृहस्थ लोगों के लिए साल में दो बार नवरात्रि का पर्व आता है जिनमें से पहले को चैत्र माह के नवरात्रि और दूसरे को आश्विन माह शारदीय नवरात्रि के नाम से जाना जाता है। पौष और आषाढ़ के महीने में भी नवरात्रि का पर्व आता है जिसे गुप्त नवरात्रि कहा जाता है लेकिन उन नवरात्रों में तंत्र साधना की जाती है। गृहस्थ और पारिवारिक लोगों के लिए सिर्फ चैत्र और शारदीय नवरात्रि को ही उत्तम माना गया है। दोनों में ही मातारानी के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। भगवान वाल्मीकि द्वारा रचित पवित्र ग्रंथ श्री रामायण जी के अनुसार किष्किंधा के पास ऋष्यमूक पर्वत पर लंका पर चढ़ाई करने से पहले प्रभु राम ने माता दुर्गा की उपासना की थी। ब्रह्मा जी ने भगवान राम को देवी दुर्गा के स्वरूप मां चंडी देवी की पूजा करने को कहा। भगवान राम ने प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक मां चंडी की उपासना और पाठ किया था। ब्रह्मा जी ने एक और बात भगवान राम को बताई थी कि आपकी पूजा तभी सफल होगी जब आप मां चंडी की पूजा और हवन के बाद 108 नील कमल भी अर्पित करेंगे। नीलकमल दुर्लभ माने जाते हैं। भगवान राम जी ने अपनी सेना की मदद से 108 नीलकमल ढूंढ लिए। लेकिन जब रावण को यह पता चला कि भगवान राम मां चंडी की पूजा कर रहे हैं और नीलकमल ढूंढ रहे हैं, तो उसने अपनी मायावी शक्ति से एक नीलकमल गायब कर दिया। चंडी मां की पूजा के संपूर्ण होने पर पुरुषोत्तम राम ने वे नीलकमल चढ़ाए तो उनमें एक कमल कम निकाला। यह देखकर वह चिंतित हुए और अंत में उन्होंने कमल की जगह अपनी एक आंख माता चंडी पर अर्पित करने का फैसला किया। अपनी आंख अर्पित करने के लिए जैसे ही उन्होंने तीर उठाया तभी माता चंडी प्रकट हुई और माता चंडी ने उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें विजय का आशीर्वाद दिया।

चैत्र नवरात्रों के साथ एक और कथा भी जुड़ी हुई है। पुराणों के अनुसार कहा जाता है कि जब धरती पर महिषासुर का आतंक काफी बढ़ गया और देवता भी उसे हरा पाने में असमर्थ हो गए, क्योंकि महिषासुर का वरदान प्राप्त था कि कोई भी देवता या दानव उस पर विजय प्राप्त नहीं कर सकता। ऐसे में देवताओं ने माता पार्वती को प्रसन्न कर उनसे रक्षा का अनुरोध किया। इसके बाद माता ने अपने अंश से नौ रूप प्रकट किए, जिन्हें देवताओं ने अपने शस्त्र देकर शक्ति संपन्न किया। ये क्रम चैत्र के महीने में प्रतिपदा तिथि से शुरू होकर 9 दिनों तक चला, तब से इन नौ दिनों को चैत्र नवरात्रि के तौर पर मनाया जाने लगा। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विशेष पूजा के पर्व को नवरात्रि के नाम से जाना जाता है। सभी सनातन धर्म को मानने वाले जगत जननी मां के नौ रूपों की पूजा अर्चना करते हैं। मातारानी के प्रथम रूप को शैलपुत्री के नाम से जाना जाता है। देवी पार्वती को शैलपुत्री के नाम से जाना जाता है। शैल का शाब्दिक अर्थ पर्वत होता है। पर्वतराज हिमालय के घर में पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। मातारानी के प्रथम रूप को ब्रह्मचारिणी कहा जाता है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या, कठोर तपस्या का आचरण करने वाली देवी को ब्रह्मचारिणी कहा जाता है। भगवान शिव को पाने के लिए माता पार्वती ने वर्षों तक कठोर तप किया था। इसलिए माता के इस रूप को ब्रह्मचारिणी के नाम से जाना गया। माता का तीसरा रूप है चंद्रघंटा। इस रूप में माता के मस्तक पर अर्ध चंद्र के आकार का तिलक विराजमान है इसीलिए इनको चंद्रघंटा के नाम से भी जाना जाता है। जगत जननी का चौथा रूप माता कूष्मांडा है। माता में ब्रह्मांड को उत्पन्न करने की शक्ति व्याप्त है। माता स्वयं में संपूर्ण ब्रह्मांड को समेटे हुए है। इस लिए मां के इस रूप को माता कूष्मांडा नाम से जाना जाता है। पांचवा रूप स्कंदमाता, माता पार्वती भगवान कार्तिकेय की मां हैं। कार्तिकेय जी का एक नाम स्कंद भी है। इस लिए मां स्कंदमाता कहलाती हैं। माता का छठा रूप कात्यायिनी है। जब महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी पर बढ़ गया था, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों ने अपने-अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। इस देवी की सर्वप्रथम पूजा महर्षि कात्यायन ने की थी। इसलिए इन्हें कात्यायनी के नाम से जाना गया। सातवां रूप कालरात्रि, मां भगवती के सातवें रूप को कालरात्रि कहते हैं। काल यानी संकट, जिसमें हर तरह का संकट खत्म कर देने की शक्ति हो वो माता कालरात्रि हैं। माता कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है, लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं और राक्षसों का वध करने वाली हैं। माता के इस रूप के पूजन से सभी संकटों का नाश होता है। मां का आठवां रूप महागौरी कहलाता है। जब भगवान शिव को पाने के लिए माता ने इतना कठोर तप किया था कि वे काली पड़ गई थीं। जब महादेव उनकी तप से प्रसन्न हुए और उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया, तब भोलेनाथ ने उनके शरीर को गंगाजी के पवित्र जल से धोया था। इसके बाद माता का शरीर विद्युत प्रभा के समान अत्यंत कांतिमान और गौर हो उठा था। इसके स्वरूप को महागौरी के नाम से जाना गया। मां का नौवां रूप सिद्धिदात्री के रूप में पूजा जाता है। अपने भक्तों को सर्व सिद्धियां प्रदान करने वाली देवी होने के कारण इन्हें सिद्धिदात्री कहा जाता है। माना जाता है कि इनकी पूजा करने से बाकी देवियों की उपासना भी हो जाती है और भक्त के कठिन से कठिन काम भी सरल हो जाते हैं।

**नीरज शर्मा 'भरथल '**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## स्ट्रॉ रीपर मशीन के संचालन से किसानों की बढ़ी चिंता



**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र में गेहूं की कटाई का कार्य प्रगति पर है। ऐसे में कंबाइन मशीन के साथ भूषा बनाने वाली स्ट्रॉ रीपर मशीन से गेहूं के बचे अवशेष को काटकर भूषा बनाया जा रहा है। क्षेत्र में स्ट्रॉ रीपर मशीन के संचालन से स्थानीय किसानों की चिंता बढ़ गई है। जनपद में हो रही आगजनी को देखते हुए किसानों की नींद हराम हो रही है। किसानों को चिंता सता रही है कि स्ट्रॉ रीपर मशीन से निकलने वाली चिंगारी कहीं गेहूं की खड़ी फसलों तक पहुंचकर गाढ़ी कमाई को ही नष्ट ना कर दे। क्षेत्रीय किसान रामशरण यादव, ओमप्रकाश यादव, बेचू चौधरी, हरिओम, सुरेश कुमार, राजू पासवान, भोला यादव, दीपक कुमार, चंद्रभान यादव, नरेंद्र चौधरी, परभु नाथ पासवान, दीपक प्रसाद आदि किसानों ने बताया कि अगर समय रहते गेहूं बनाने वाली स्ट्रॉ रीपर मशीन पर जिला प्रशासन द्वारा कुछ दिनों के लिए रोक नहीं लगाया गया तो किसानों के लिए बड़ी मुसीबत हो सकती है।

## पनियरा के बाकी रेंज के बेलासपुर बीट में लगी भीषण आग



**पनियरा/महराजगंज।** बाकी रेंज पनियरा के बेलासपुर बीट में शनिवार को दोपहर अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया और तेज धुआं उठता देख आसपास के लोगो ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे वनकर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाकी रेंज पनियरा के बेलासपुर बीट के हरिराम बाबा के कूटी के पास नाला के किनारे शनिवार को दोपहर में आग लग गई और जैसे ही तेज धुआं उठना शुरू हुआ तो किसी ने वन विभाग के लोगो को जंगल में आग लगने की सूचना दिया। वन विभाग के लोग तत्काल मौके पर पहुंच कर आग को गांव की तरफबढ़ने से रोका। आग जंगल के तरफ नहीं आ पायी नदी के तलहटी में घास फूंस ही जल कर रह गया। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी पनियरा जगदंबा पाठक ने बताया कि वन विभाग के लोगों द्वारा काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

## चीनी मिल चलाने को लेकर 133 वें जारी रहा किसानों का धरना

**देवरिया।** बैतालपुर चीनी मिल चलाने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में चलाया जा रहा धरना 133 वें दिन जारी रहा। धरना सभा को संबोधित करते हुए क्रांतिकारी किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बैतालपुर चीनी मिल को चलाने के लिए चार-चार बार घोषणा किया और आंदोलन के आठवें वर्ष भी किसान की मांग और मुख्यमंत्री की घोषणा दोनों पूरी नहीं हो सकी जिससे किसानों में आक्रोश है। आगे कहा कि चीनी मिल स्थापित न होने की दशा में किसान आक्रोषित हैं और ज़ब तक चीनी मिल स्थापित नहीं हो जाती तब तक धरना जारी रहेगा। धरने पर समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि, त्रिपाठी, संजीव कुमार शुक्ला, राम प्रकाश सिंह, राम इकबाल चौहान, शिव प्रसाद बारी, ब्रह्मानंद यादव, पारसनाथ सिंह, राकेश सिंह रामबदन, राम गोपाल मणि, बकरी दान उर्फ बरकत अली, मृत्युंजय मंत्र त्रिपाठी, जगदीश यादव, धर्मवीर यादव, रामकिशोर चौहान, अशोक मालवीय, रामलाल गुप्ता, विजय शंकर कर्मयोगी, शारदा नंद यादव, विवेक कुमार गुप्ता, शंभू नाथ तिवारी, अजय सिंह, शशि बरनवाल, जय नाथ, राम सागर मणि त्रिपाठी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## नए खेल सत्र में भी जिले को मिले छः अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक

**प्रतापगढ़।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित किए जा रहे जिला खेल कार्यालय में विगत वर्षों की भांति ही खेलो का प्रशिक्षण पुनः 1 अप्रैल से शुरू हो जाएगा । जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने बताया कि जिले के खिलाड़ियों के लिए यह बेहद ही बेहतर अवसर है कि जिले के बच्चे जो भी अपना भविष्य खेल की दिशा में बनाना चाहते है वो जिला खेल कार्यालय से जुड़े और सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न सुविधाओं का लाभ ले सकते है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि क्रिकेट में आदित्य शुक्ला ,हैंडबॉल में सचिन शुक्ला ,एथलेटिक्स में शोभनाथ यादव ,कुश्ती में अरविंद कुमार ,कबड्डी में जेपी यादव और फुटबॉल में बुद्ध प्रकाश के रूप में प्रशिक्षकों की तैनाती एक अप्रैल से पुनः जिला खेल कार्यालय में कर दी गई।जिले के जो भी बच्चे निम्नलिखित खेलो में प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते है वो एक अप्रैल से जिला खेल कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**● मुख्यातिथियों के हाथों सम्मान पाकर खिले मेधावी छात्र-छात्राओं के चेहरे**




स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** विकासखण्ड नौतनवां क्षेत्र के सोनौली स्थित अंबेडकर नगर वार्ड नं एक स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल में एनुअल रिजल्ट कार्यक्रम के तहत वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत सोनौली के चेयरमैन हबीब खान व एसएसबी के इंस्पेक्टर सफवान एन रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन अध्यापक यशवंत सिंह द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जानकारी के मुताबिक शनिवार को अंबेडकर नगर वार्ड नं 1 सोनौली स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल में एनुअल रिजल्ट कार्यक्रम के तहत कक्षा नर्सरी से आठ के मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्यातिथि नगर पंचायत सोनौली के चेयरमैन हबीब खान व एसएसबी इंस्पेक्टर सफवान एन के द्वारा परीक्षाफल वितरण किया गया। वहीं विद्यालय परिवार की ओर से कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, ट्राफी व प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वहीं अतिथियों के हाथों सम्मान पाकर सभी मेधावी छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित दिखे। मुख्य अतिथि चेयरमैन व एसएसबी इंस्पेक्टर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को विद्यालय द्वारा अच्छी शिक्षा दी जा रही है ऐसे में अभिभावक भी बच्चों को मोबाइल व टीवी से दूर रखें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पूरी संसाधनों से युक्त इस विद्यालय में अनुशासन के साथ पढ़ाई की जाती है। वहीं प्रिंसिपल जुनैद अहमद ने बच्चों को मेहनत व लगन से पढ़ने की सीख दी। इस अवसर पर सर्वेश पाण्डेय, दिनेश यादव, इंद्रजीत यादव, समीर अहमद, संदीप पाण्डेय, दिवाकर मिश्र, प्रवीन पाण्डेय, आनंद, श्याम सिंह, शारिक खान, आसिफ खान, रोहिणी छेत्री, कंचन पाण्डेय, सिम्मी वर्मा, तृप्ति छेत्री, शबनम, आलिया, शिवांगी, पूजा, आरती, मोनिका, शिवानी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों से जंगल में लगी आग, विभाग ने पाया आग पर काबू



**महराजगंज।** सोहगी बरवा वन्यजीव प्रभाग के उत्तरी चौक रेंज के घोड़हवा बीट क्षेत्र के जंगल में शुक्रवार की देर शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते जंगल में आग पूरी तरह से फैल गई। आग बुझाने में स्थानीय लोगों समेत वन विभाग की टीम को कड़ी मशक्कत झेलनी पड़ी। जानकारी के अनुसार उत्तरी चौंक रेंज के घोड़हवा वन चौकी क्षेत्र से कुछ ही दूरी पर स्थित जंगल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग के चपेट में आने से तमाम पौधे जलकर राख हो गए। वहीं स्थानीय लोगों के मुताबिक आग से कुछ जंगली जानवरों के भी झुलसने का अंदेशा जताया जा रहा है। इस संबंध उत्तरी चौंक रेंज के घोड़हवा बीट फारेस्टर जितेन्द्र कुमार गौड़ ने बताया कि जंगल में अज्ञात कारणों से आग लगी है आग पर काबू पाने के लिए अथक प्रयास किया जा रहा है।

# मिशन समाज सेवा ने क्रिकेटर विनोद कांबली का किया जोरदार स्वागत सम्मान

**● विनोद कांबली ने संस्था के कार्यों की किया सराहना**

स्वतंत्र प्रभात



सामाजिक संस्था मिशन समाज सेवा के राष्ट्रीय सलाहकार ज्योति प्रकाश के नेतृत्व में भारत के मशहूर क्रिकेटर विनोद कांबली का सम्मान समारोह पांडेपुर स्थित होटल हिल्टन डबल ट्री में आयोजित किया गया। क्रिकेटर विनोद कांबली ने मिशन समाज सेवा के कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने स्वयं संस्था के पदाधिकारी से मिलने की इच्छा जाहिर की थी। मिशन समाज सभा के पदाधिकारी ने उनका जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। मिशन समाज सेवा के राष्ट्रीय सलाहकार ज्योति प्रकाश तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष डंपी तिवारी ने विनोद कांबली को बुके के साथ स्वागत करते हुए अंगवस्त्रम प्रदान किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

मिशन समाज सेवा के पदाधिकारी से मिलकर विनोद कांबली ने काफी खुशी जाहिर की और मिशन समाज सेवा के कार्यो की भूरी भूरी प्रशंसा किया। क्रिकेटर विनोद कांबली ने बताया कि जल्द ही वह बनारस में अपना एक क्रिकेट ट्रेनिंग सेंटर खोलेंगे जिसमें बनारस के बच्चे इसका लाभउठा पाएंगे। स्वागत सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से मिशन समाज सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डंपी तिवारी बाबा, राष्ट्रीय सलाहकार ज्योति प्रकाश, राष्ट्रीय महासचिव दिलीप सिंह प्रधान, जिला अध्यक्ष संजू मध्यानी, शैलेश सिंह, डॉक्टर संजय गुप्ता, करणी सेना वाराणसी के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, लायंस क्लब के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता चंद्र प्रताप नारायण सिंह, प्रशांत मोहन गिरी, पवन सिंह, अजय लखमनी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## स्व रोजगार को बढ़ावा देने को लेकर ग्राम प्रधान हुए सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात




**देवरिया 29 मार्च।** खादी ग्रामोद्योग प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक विकास खण्ड से 2 ग्राम प्रधानों को जनपद स्तर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, वीरेंद्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, पीएमईजीपी, पं. दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना, माटीकला योजना, कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना तथा माइक्रो कामन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना आदि की जानकारी दी। खादी ग्रामोद्योग प्रोत्साहन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक खादी ग्रामोद्योगी इकाइयों की स्थापना कराने के लिए सभी ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष, पं. गिरीश चंद्र तिवारी ने प्रत्येक सम्मानित ग्राम प्रधान को 2000 रुपये, अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी बी. पी. सिंह, रजनीश मिश्रा, राहुल गुप्ता, दिनेश गौड़, धीरेन्द्र प्रताप बंटी, चन्द्रशेखर साहनी, रणविजय सिंह (ग्राम प्रधान, देवरिया सदर) सहित 32 ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। ग्राम प्रधानों का चयन मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी शांतनु कुमार श्रीवास्तव एवं जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने किया।

### हत्या का प्रयास, गाली गलौज व धमकी देने के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन जारी है। इसी कड़ी में हत्या का प्रयास, गाली गलौज व धमकी देने के अभियोग से संबंधित एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। 06 सितम्बर 2018 को ग्राम मझिलहा खूंटाघाट में एक बच्चे को जान से मारने की नियत व धमकी देने के संबंध में पीआरवी 1988 के कर्मी की तहरीर के आधार पर थाना अन्तू में मुकदमा अपराध संख्या - 371/18 धारा 147, 307,504, 506,34 भादवि बनाम 11 नामजद अभियुक्त व एक अज्ञात विरुद्ध पंजीकृत किया गया था ।थाना अन्तू प्रभारी निरीक्षक आनन्द पाल सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक चन्द्रबली सिंह मय हमराह वांछित अभियुक्त व विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना अन्तू में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या - 371/18 धारा 147, 307,504, 506,34 भादवि से संबंधित वांछित एक अभियुक्त रामलखन पुत्र मोतीलाल निवासी ग्राम खूंटाघाट थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र कोतवाली देहात के ग्राम खूंटाघाट से गिरफ्तार किया गया।

### गोरखपुर-लूट के आरोप में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में गुलरिहा थाना पुलिस ने लूट के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। **घटना का संक्षिप्त विवरण** घटना 2 जुलाई 2023 की है, जब अभियुक्त रविशंकर यादव ने वादिनी के घर में घुसकर गाली-गलौज की और मारपीट करते हुए उसके गले से मंगलसूत्र छीन लिया। पीड़िता की तहरीर पर थाना गुलरिहा में अभियोग पंजीकृत किया गया था। **गिरफ्तारी का विवरण-** गुलरिहा थाना पुलिस ने उ0नि0 कमलेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए शनिवार को अभियुक्त रविशंकर यादव को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ मु0अ0सं0 565/2023 धारा 147, 323, 325, 352, 392, 452, 504, 506 भादवि एवं अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज था। पुलिस अभियुक्त के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# हर बीमारी को जागरूक होकर भगाएं दूर-जिलाधिकारी

**● ग्राम प्रधानों व उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को किया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात




**देवरिया 29 मार्च।** देवरिया। क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले की 92 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी हैं। शनिवार को आईटीआई कॉलेज सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने 92 ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया। उन्होंने टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया साथ ही, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत 21 तथा परिवार कल्याण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 27 चिकित्साधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों और सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मेगा कैंप का भी आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील किया कि वे अपने गांवों में बड़े-बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को टीबी के प्रति जागरूक करें. यदि किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखें तो उसे तुरंत सरकारी अस्पताल में जांच के लिए भेजें, जहां इस बीमारी का पूरा इलाज निशुल्क उपलब्ध है। विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, खांसी और टीबी के संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग करेंगी और लोगों को जागरूक करेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा ने कहा कि ग्राम प्रधानों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान में भी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। जन सहभागिता, स्वच्छता और जागरूकता ही इस अभियान की सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम में एसीएमओ आरसीएच डॉ. अजय शाही, डीटीओ राजेश कुमार, एसीएमओ डॉ. हरेंद्र कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी सी.पी. मिश्रा, एडीपीआरओ श्रवण कुमार, डीपीएम पूनम, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, डीएमसी विश्वनाथ मल्ल, उपेंद्र तिवारी सहित सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## वार्षिक प्रगति पत्र वितरण एवं पुरस्कार सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**गोला बाजारगोरखपुर।** गोला उपनगर में स्थित गोपाल शिशु शिक्षा मंदिर पर शनिवार को अच्छे अंक पाए हुए छात्र छात्राओं को वार्षिक प्रगति प्रमाण पत्र वितरण एवं पुरस्कार सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन एवं विशिष्ट अतिथि डॉ राजेश कुमार जायसवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में श्री कसौधन ने कहा कि इस शिक्षा के मंदिर में कुशल शिक्षकों द्वारा छात्र छात्राओं को अच्छी से अच्छी शिक्षा द्वारा अच्छे संस्कार देकर इनको आगे बढ़ाने का कार्य किया जाता है जिससे इनका भविष्य उज्जवल हो। आगे कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सबसे पुरातन शिक्षा का मंदिर गोपाल शिशु शिक्षा मंदिर हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाया है। विशिष्ट अतिथि डॉ जायसवाल ने कहा कि गोपाल शिशु शिक्षा मंदिर के शिक्षक एवं सभी बच्चे अपनी सांस्कृतिक धरोहर और अच्छे संस्कार के लिए जाने जाते हैं यह मंदिर अच्छी से अच्छी शिक्षा बच्चों में देने के लिए हमेशा अग्रसर रहा है। इसके पश्चात अतिथि गणों द्वारा अच्छे अंक पाने वाले छात्र छात्राएं अंश गुप्ता आयुष गुप्ता रेखा यादव प्रिंस सोनकर आरोही यादव शिखा यादव राजवीर श्रेया मौर्या अंश गुप्ता सहित आदि को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान



कर पुरस्कृत किया गया। गोपाल शिशु शिक्षा मंदिर के प्रधानाचार्य रवि शंकर पाठक ने आए हुए आगंतुक गणमान्य और अभिभावक गणों का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर आचार्या काजल नम्रता पाल जानकी मिश्रा ज्योति यादव प्रतिभा गौड़ कृष्ण कुमार गुप्ता सहित शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं व अभिभावक गण मौजूद रहे।

## विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 29 मार्च।** पुलिस लाइन के प्रेक्षा गृह में विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ओम प्रकाश तिवारी, डिप्टी लीगल डिफेंस प्रतिनिधि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने की। बैठक का संचालन करते हुए जय प्रकाश तिवारी, संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई ने बताया कि यह बैठक बच्चों के अधिकारों एवं जे.जे. एक्ट के प्रावधानों के तहत बाल हित में कार्य करने के लिए नियमित रूप से आयोजित की जाती है।

बैठक में जिले के सभी बाल संरक्षण से जुड़े विभागों–महिला कल्याण विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, राजकीय बाल गृह बालक, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति रही। इस दौरान खोए-पाए व गुमशुदा बच्चों, देखरेख एवं संरक्षण वाले बच्चों, विधि का उल्लंघन करने वाले बच्चों, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी और गोद लिए जाने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। बैठक मे अनिल सोनकर जिला परिवीक्षा अधिकारी, रामजनम कुमार राजभर, अनिल कुमार यादव उप निरीक्षक, अखिलेश कुमार वन स्टाप सेन्टर, आकाश सिंह कुशवाहा व सत्यपाल चौहान तथा समस्त थानो पर नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोरखपुर- नौकरी के नाम पर ठगी- फर्जी नियुक्ति पत्र देने वाली महिला गिरफ्तार

**गोरखपुर-** पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला, ममता पाठक, पर फर्जी नियुक्ति पत्र देकर लोगों से पैसे ठगने का आरोप है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर डॉ गौरव ग्रोवर के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक चौरी चौरा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अजीत कुमार यादव और उनकी टीम ने ममता पाठक को गिरफ्तार किया।

**घटना का विवरण**

आरोपी महिला ममता पाठक ने पीड़ित व्यक्ति से नौकरी दिलाने के नाम पर पैसा लिया और उसे एक फर्जी नियुक्ति पत्र दिया। जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे, तो उसे गालियां दी गई और धमकाया गया। इस संबंध में थाना चौरी चौरा में मु0अ0सं0 50/24 धारा 420, 406, 504, 506, 467, 468, 471 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। न्यूज संवादाता अनुसार गिरफ्तार अभियुक्ता ममता पाठक बर्तमान समय मे 192 डिवाइन स्कूल, मोहनापुर रोड, ग्राम जंगल हाकिम नं. 2, थाना शाहपुर, जनपद गोरखपु है,ममता पाठक पर पहले से भी कई मामले दर्ज हैं- मु0अ0सं0 486/23धारा 406, 506 भादवि, थाना शाहपुर , मु0अ0सं0 487/23 धारा 406, 504, 506 भादवि, थाना शाहपुर, मु0अ0सं0 50/24 धारा 406, 420, 467, 468, 471, 504, 506 भादवि,



थाना चौरी चौरा गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अजीत कुमार यादव ,हेड कांस्टेबल उदय प्रताप सिंह ,महिला कांस्टेबल वैशाली शर्मा पुलिस आगे की जांच कर रही है और पीड़ितों से अपील की है कि यदि किसी और व्यक्ति के साथ भी इस तरह की ठगी हुई हो, तो वे तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

## ख़जनी- ग्रामीण बच्चों की बुलंदी का रास्ता है शिक्षा- संदीप सिंह

**ख़जनी-** वीर बहादुर सिंह एजुकेशनल ग्रुप ऑफ कॉलेज के वार्षिक उत्सव समारोह में उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अगर जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंचना है, तो इसके लिए शिक्षा ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वीर बहादुर सिंह एजुकेशनल ग्रुप ऑफ कॉलेज ऐसे होनहार बच्चों को बेहतर अवसर प्रदान कर रहा है, जो उनकी प्रगति का आधार बन सकता है।कार्यक्रम के दौरान मंत्री संदीप सिंह ने संस्थान के उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया और उन्हें शैक्षणिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही, उन्होंने संस्थान की अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अंशु सिंह द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और उन्हें बधाई दी।समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व मंत्री व वर्तमान खजनी विधायक श्रीराम चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में हमेशा बड़े लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए, तभी व्यक्ति आगे बढ़ सकता है। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महाराष्ट्र भाजपा उपाध्यक्ष और सिद्धिविनायक मंदिर के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने संस्थान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है।

उन्होंने बताया कि इस संस्थान में जाति-पात या ऊंच-नीच का कोई भेदभाव नहीं है और आर्थिक तंगी के कारण कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहता। इसके लिए उन्होंने संस्थान के सभी सदस्यों को बधाई दी।कार्यक्रम का संचालन डॉ. पुष्पा मिश्रा और संस्थान के छात्रों ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जनार्दन तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, वंश बहादुर सिंह, सुरसरि मिश्रा, डॉ.




बी.एस. सिंह, हरकेश राम त्रिपाठी, विनोद पांडे, धरनी धर राम त्रिपाठी सहित भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष और पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और क्षेत्र की गणमान्य जनता ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।अतिथियों का स्वागत अंशुमाली धर द्विवेदी ने किया, जबकि आभार प्रकट संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती अंशु सिंह ने किया। उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत किया।इस समारोह ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए ग्रामीण बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया।

# देवरही माता मंदिर में माता के नौ स्वरूप की भव्य झांकी रहेगी आकर्षण का केंद्र

**● प्रतिदिन होगा श्रीदुर्गासप्तशती का पाठ और भव्य आरती**

**3 अप्रैल को होगा जागरण, अष्टमी तिथि को होगी आतिशबाजी**

**जिलाधिकारी ने देवरही माता मंदिर का निरीक्षण कर दिया निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया 29 मार्च।** चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने शनिवार को देवरही मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, सुरक्षा व्यवस्था, एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिसर में मां दुर्गा के नौ रूपों की भव्य झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। श्रद्धालु यहां मां के दिव्य एवं भव्य दर्शन कर सकेंगे। कहा कि हमारा विशेष प्रयास है कि नई पीढ़ी को माता के अलौकिक स्वरूप का दर्शन और उनकी महिमा का बोध हो।

नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक मंदिर परिसर में श्री दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन होगा, जिसके उपरांत मां दुर्गा की भव्य आरती संपन्न होगी। 3 अप्रैल को मंदिर प्रांगण में जागरण का आयोजन किया जाएगा, जबकि अष्टमी के दिन आतिशबाजी भी होगी। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने पर विशेष जोर देते हुए नगर पालिका को नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए। मंदिर में पेय जल व बिजली आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने और सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने मंदिर मार्ग और आसपास की सड़कों को दुरुस्त करने, यातायात प्रबंधन को सुचारू रखने एवं पार्किंग स्थल बनाने के निर्देश भी दिए। कहा कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसके लिए सभी तैयारियां समय से पहले पूरी कर ली जाएं। इस दौरान सीओ संजय रेड्डी, ईओ संजय तिवारी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# बलिया में 19 अप्रैल को होगा छठवें चंद्रशेखर हॉफ मैराथन का आगाज़

**● प्रथम विजेता को मिलेगा एक लाख का इनाम**

स्वतंत्र प्रभात

**बलिया (यूपी)** में राष्ट्रनायक चंद्रशेखर मैराथन समिति की हुई बैठक में छठवें चंद्रशेखर हॉफ मैराथन 2025 का खाका तैयार किया गया है। सूत्रों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार ज़िला संवाददाता सैयद सेराज अहमद ने बताया कि इस बार चंद्रशेखर हॉफ मैराथन 19 अप्रैल को होगी। प्रथम विजेता को एक लाख, द्वितीय को 51 हजार तथा तृतीय को 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। यही नहीं, 25वें स्थान तक के धावकों को भी पुरस्कृत किया जायेगा। चतुर्थ पुरस्कार 15 हजार, पंचम पुरस्कार आठ हजार, छठवां पुरस्कार चार हजार तथा सप्तम पुरस्कार दो हजार है। वहीं, आठवें से 21वें स्थान तक 1000 तथा 22वें से 25वीं स्थान तक पुरस्कार 500 रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा। इससे इतर सभी प्रतिभागियों को परिधान, आवास एवं भोजन की व्यवस्था निःशुल्क की जायेगी।

सांसद नीरज शेखर के आवास चन्द्रशेखर नगर झोपड़ी पर शुक्रवार को हुई बैठक में धर्मेन्द्र प्रताप ने बताया कि समिति प्रत्येक वर्ष युवा तुर्क चंद्रशेखर जी के जन्म दिवस को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए भव्य तरीके से चन्द्रशेखर हॉफ मैराथन सद्भावना दौड़ का आयोजन करती है। इस वर्ष यह सद्भावना दौड़ 19 अप्रैल को होगी। डॉ भवतोष पाण्डेय व प्रधान प्रतिनिधि उमेश सिंह ने चन्द्रशेखर हॉफ मैराथन सद्भावना दौड़ प्रतियोगिता में जनपद के सभी लोगों को शामिल होने का आह्वान किया गया है। सद्भावना दौड़ का उद्देश्य सामाजिक सौहार्द्र, समरसता एवं शांति है।

वहीं, राघव सिंह ने कहा कि देश की शान व बलिया के गौरव पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के आदर्श एवं उत्कृष्ट विचार से अभिप्रेरित होकर



राष्ट्रनायक चंद्रशेखर मैराथन समिति का गठन 2016 में हुआ। यह समिति चंद्रशेखर जी के आदर्शों एवं उनके विचारों को आगे बढ़ाने के लिए कृतसंकल्पित है। गर्व की बात है कि श्रद्धशेखर जी इब्राहिम पट्टी जैसे छोटे गांव की पगडंडियो से निकलकर देश के प्रधानमंत्री तक का सफर तय किये और बागी बलिया का नाम देश ही नहीं, पूरे विश्व में रोशन किये। इसके पूर्व चन्द्रशेखर मैराथन परिवार द्वारा चन्द्रशेखर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक की शुरुआत हुई।अध्यक्षता सुधीर कुमार सिंह व संचालन मनोज शर्मा ने किया। वहीं, सभी के प्रति समिति के सचिव उपेन्द्र सिंह ने आभार जताया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बिजली के तारों ने निकली चिनगारी से 50 बीघा गैहूं जली

मथुरा। बिजली के तारों से निकली चिनगारी से बल्देव क्षेत्र में करीब 50 बीघा गैहूं की फसल जल गई। किसानों की पीडा जानने के लिए कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। ब्लॉक प्रमुख प्रदीप भरंगा किसानों के पास पहुंचे और सांत्वना दी। हालांकि किसी अधिकारी के मौके पर नहीं पहुंचने और उनकी पीडा नहीं समझने से किसान नाराज दिखे। इस नाराजगी की सामान ब्लॉक प्रमुख बल्देव प्रतीक भरंगर को भी करना पडा। प्रतीक भरंगर रालोद जिलाध्यक्ष राजपाल भरंगर के बेटे हैं। किसानों ने नकसान की भरपाई की मांग की है। बलदेव की गांव नगला मोहन और जुगसना में जर्जर विद्युत तारों के आपस में टकरा जाने से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। आग चारों ओर खेतों में फैलती चली गई, जिससे लगभग 50 बीघा गेहूं के खेतों में आग लगने से गेहूं की फसल पूरी तरह खाक हो गई। किसान पूरी तरह बर्बाद हो गए। इससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड भी पहुंची लेकिन तब तक आग से फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई थी। मौके पर पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतीक सिंह भरंगर ने निरीक्षण किया। एसडीएम व तहसीलदार को सूचना देकर शीघ्र मुआवजे की मांग की।

### 'पति की हत्या में पत्नी को आजीवन कारावास

**मथुरा।** सुरीर क्षेत्र में वर्ष 2023 में प्रेम प्रसंग में बाधाक बने पति को पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिल कर मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद पत्नी पुलिस को गुमराह करती रही लेकिन पुलिस विवेचना में पत्नी मामले को छुपा नहीं सकी। इसके बाद गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन की संयुक्त प्रभावी पैरवी के चलते करीब दो साल में मामले की सुनवाई पूरी हुई। न्यायालय एडीजे 02 मथुरा द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाली अभियुक्ता को आजीवन कारावास व 3,500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के निर्देशन में गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन की संयुक्त प्रभावी पैरवी से शनिवार को न्यायालय एडीजे 02 जनपद मथुरा द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 54, 2023 धारा 302, 201 आईपीसी थाना सुरीर जनपद मथुरा से सम्बन्धित अभियुक्ता को आजीवन कारावास व 3,500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जाएगा झूलेलाल जयंती पर्व : सतीश

शहडोल -झूलेलाल जयंती चेटी चंड, पर्व व चैत्र नवरात्री, पर्व पर सतीश लोहरी फेब्रिकेशन के संचालक युवा समाजसेवी सतीश जगवानी ने बताया कि निश्चित ही सभी पर्व सत्य, अहिंसा, भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है। यह समाज में एकता और विश्वास को प्रबल करता है। इस दिन विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, और झूलेलाल के भजन-कीर्तन किए जाते हैं। आपने बताया कि हमारे नगर में झूलेलाल पर्व को लेकर काफी उत्साह रहता है जहां यह रैली, सिंधी धर्मशाला से होते हुए रेलवे मार्केट लखेरन टोला, मेंन रोड, दीनदयाल चौक, हरे माधव कॉलोनी नेहरू पार्क बस स्टैंड से होते हुए सिंधी धर्मशाला में समाप्ति होगी, जहां पर इस रैली के दौरान जगह-जगह जलपान स्टाल लगाए जाएंगे, जहां पर रैली का स्वागतकिया जाएगा, इस विषय पर सतीश लोहरी फेब्रिकेशन के संचालक सतीश जगवानी ने नगर के सभी लोगों से अनुरोध किए हैं कि अत्यधिक से अत्यधिक संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### रास्ते के विवाद को लेकर हुए मारपीट घायल युवक की हालत गंभीर

सिद्धार्थनगर। गोल्हौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पचहर में रास्ते पर आने जाने व पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें हुए घायलों में एक की हालत गम्भीर बताई जा रही है। जिसे चिकित्सकों ने जिला अस्पताल से गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया है। घटना शुक्रवार देर रात्रि की है। गोल्हौरा थानाक्षेत्र के ग्राम अतरमू नानकार निवासिनी साहिदा खातून पत्नी मोहम्मद रफीक अपने मायके थानाक्षेत्र के पचहर में रह रही थी। शुक्रवार की रात्रि में वह अपने दरवाजे के सामने चारपाई डालकर बच्चों के साथ बैठी थी, कि गांव पचहर के ही लवकुश वर्मा, राहुल वर्मा, महेश वर्मा व प्रमोद रास्ते को लेकर पुरानी रंजिश में उसे एक उसके बच्चे मोहम्मद सोहेल (11) को गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए मारने पीटने लगे। जब उसका भाई अब्दुल रब्बानी शोर सुनकर आया, तो उसे लाठी डंडे से मारकर लहूलुहान कर दिए। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह का कहना है कि साहिदा की तहरीर के आधार केस दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से परिवार सहित शिष्टाचारपूर्ण भेंट सांसद कृपानाथ मालाह

स्वतंत्र प्रभात

**असम श्रीभूमि (करिमगंज)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार के समय हर क्षेत्र सहित असम में भी हर क्षेत्र गलियों में विकासात्मक कार्यो चल रही है। विकास के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए मार्गदर्शिका के अनुसार गुणवत्ता मान से विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लिए सरकार करोड़ों रुपये आवंटित कर रही है जनता की सुविधा के लिए। इसी लक्ष्य के साथ विकासात्मक कार्यो में असम सरकार पीछे नहीं है मोदी के आदर्शों को मानते हुए असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा के नेतृत्व में विकास के लक्ष्य के लिए विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से असम के कोने-कोने में काम किया जा रहा है जनता की सुविधा के लिए। इस बीच असम श्रीभूमि के लोकप्रिय सांसद कृपानाथ



मालाह नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार श्रीभूमि (करीमगंज) जिले के प्रत्येक कोने में विकास के माध्यम से कोई कमी न रहे इसी दिशा में ध्यान रखते हुए काम कर रहे हैं। इस मामले में उन्होंने अपने परिवार के साथ भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात की और श्रीभूमि जिले के विकास पर चर्चा के माध्यम से सुधारात्मक प्रबंध के माध्यम से विकासात्मक कार्यो की मांग की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सांसद कि बात पर गंभीरता के साथ विचार विमर्श की और आश्वासन दिया विकास कार्यो के लिए और परिवार सहित शिष्टाचारपूर्ण भेंट कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ परिवार सहित शिष्टाचारपूर्ण भेंट की गत 29 मार्च (शुक्रवार) को संसद भवन में प्रधानमंत्री कार्यालय में सांसद मालाह ने पत्नी निभा मालाह, बेटी प्रत्याशा मालाह और पुत्र नीलांकन मलाह के साथ परिवार सहित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले। इस अवसर पर करिमगंज लोकसभा क्षेत्र के समग्र विकास पर भी प्रधानमंत्री के साथ चर्चा की है। अल्पसंख्यक से भरे लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के समर्थन से जीतकर लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने के कारण इस क्षेत्र के विकास पर प्रधानमंत्री का विशेष ध्यान है। सांसद मालाह ने बताया कि श्रीभूमि (करिमगंज) लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने विभिन्न मंत्रालयों में अलग-अलग कई प्रस्ताव पेश किए हैं। उन्हें स्वीकृति के लिए विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास अनुरोध किया है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी ने भी उनके अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। इसलिए सांसद मालाह ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। सांसद मालह ने बेटे और अपनी बेटी के साथ बिताए गए पल में प्रधानमंत्री मोदी अपने बचपन में लौट गए। उन्होंने सांसद मालाह के बेटे नीलकांत मालाह से प्यार से बात कि।

## स्वास्थ्य विभाग पर सवालिया निशान....

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का खामियाजा स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और अव्यवस्था का खामियाजा मरीजों को उठाना पड़ रहा है। पचपेड़वा जैसे छोटे इलाकों में जिस तरह से फर्जी क्लीनिकों की बढ़ती संख्या हो रही है, उसे देख कर यह साफ जाहिर होता है कि स्वास्थ्य विभाग इस संकट पर नियंत्रण पाने में नाकाम साबित हो रहा है। इनमें से अधिकांश केंद्र बिना किसी मान्यता के चल रहे हैं और मरीजों से अनावश्यक इलाज और टेस्ट करवाए जा रहे हैं, जिससे न केवल उनकी वित्तीय स्थिति प्रभावित हो रही है, बल्कि उनकी सेहत भी खतरे में पड़ रही है। स्थानीय लोग इन फर्जी क्लीनिकों के खिलाफ आवाज़ उठा रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। विभाग की इस निष्क्रियता के कारण पचपेड़वा और इसके आस-पास के इलाके के लोग खौफ में जी रहे हैं। कई मरीजों ने आरोप लगाया कि उन्हें बिना जरूरत के महंगे टेस्ट और इलाज करवाए गए, जिससे उन्हें भारी वित्तीय बोझ उठाना पड़ा। इसके अलावा, मरीजों को इलाज की सही जानकारी भी नहीं दी जाती, और कई बार बिना प्रमाण के दवाइयों का सेवन करवाया जाता है। स्वास्थ्य विभाग का यह संकट सिर्फ पचपेड़वा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरे जिले और राज्य में फैला हुआ है। पचपेड़वा में जो कुछ हो रहा है, उससे यह सवाल उठता है कि क्या विभाग पूरी राज्यभर में अपनी जिम्मेदारियों को निभा रहा है? क्या यह स्थिति केवल पचपेड़वा तक सीमित है, या अन्य जगहों पर भी फर्जी क्लीनिकों का जाल फैला हुआ है?

**विभाग की ओर से कार्रवाई की उम्मीद**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुकेश रस्तोगी का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग ने इन फर्जी क्लीनिकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक विशेष टीम का गठन किया है, और वे समय-समय पर जांच कर कार्रवाई करते हैं। लेकिन स्थानीय लोगों का मानना है कि यह कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। कार्रवाई करने के बावजूद इन फर्जी क्लीनिकों का खुलेआम संचालित होना और फिर से चालू हो जाना यह साबित करता है कि कहीं न कहीं विभाग की कार्यशैली में गंभीर खामियां हैं। आखिरकार इस संकट का समाधान केवल विभागीय कार्रवाइयों से नहीं हो सकता। इसके लिए एक स्थायी समाधान की आवश्यकता है, जिसमें विभाग को अपनी जिम्मेदारियों को सही तरीके से निभाना होगा, ताकि मरीजों का शोषण रुक सके और उनके स्वास्थ्य के अधिकारों की रक्षा की जा सके।

## राजस्व टीम पर हमला बोलने वाले छह दबोचे

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** थाना जैत पुलिस द्वारा माप तौल के दौरान राजस्व निरीक्षक व लेखपाल के साथ मारपीट करने वाले छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना जैत पुलिस टीम ने मुखविर की सूचना पर जगदीश पुत्र किशनलाल उम्र 55 वर्ष, हरीराम पुत्र किशनलाल उम्र 52 वर्ष, विनोद पुत्र जगदीश उम्र 35 वर्ष, राकेश पुत्र गोविन्द उम्र 30 वर्ष, उत्तम पुत्र शंकरलाल तथा राहुल पुत्र रामचन्द उम्र 23 वर्ष समस्त निवासीगण अहिल्यागंज थाना जैत मथुरा को गिरफ्तार किया। 27 मार्च को धौरेरा खादर में जमीन मापतौल के दौरान राजस्व निरीक्षक व लेखपाल के साथ मारपीट और पथराव किया गया था। शनिवार को धौरेरा ठेके के पास से सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से छह लाठी डण्डे बरामद किये गये है।विधिक कार्यवाही अमल मे लायी जा रही



है। ग्रामीणों ने राजस्व विभाग की टीम पर उस समय हमला किया था जब टीम गौशाला से जुडी एक जमीन की माप करने के लिए गई थी। इस जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच न्यायालय में मुकदमा चला। न्यायालय से गोचर भूमि का फैसला गौशाला के पक्ष में आया। न्यायालय के फैसले के बाद राजस्व विभाग की टीम जमीन को मापने और कब्जा मुंक्त कराने के लिए गांव पहुंची थी। हालांकि इस दौरान टीम के साथ पुलिस भी मौजूद थी। इस बात का अंदेशा पहले से था कि टीम का ग्रामीणों की ओर से विरोध किया जा सकता है। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना जैंत अश्वनी कुमार, एसआई आकाश चौहान, एसआई पवन कुमा थाना जैंत आदि थे।

## प्रांतीय खंड का बड़ा खेल, चौड़ीकरण वाले कचेहरी रोड पर नवीनीकरण

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** प्रांतीय खंड अपने नए-नए कारनामों से लोगों की चर्चा में हमेशा बना रहता है एक नया खेल जो रोड़ चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए मंजूर हो चुका है उसको नवीनीकरण के नाम पर पाट दिया है। गौरतलब है कि कैंट रेलवे स्टेशन से टैंक चौराहे तक और टैंक चौराहे से गोकुल बैराज मोड़ तक शासन ने इस वीवीपीआई रोड होने के कारण करीब 4.40 करोड रुपए बजट आवंटित कर दिया है इस रोड पर निविदा की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है जिसमें दो फर्म श्री कृष्णा इंफ्रास्ट्रक्चर और मैसेज नेशनल हाईवे इंफास्ट्रक्चर द्वारा निविदा की पूरी प्रक्रिया हो चुकी है। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में इसमें काम शुरू होने की संभावना है। इस पूरी प्रक्रिया को लेकर आकाशदीप इंफ्रास्ट्रक्चर ने शासन से शिकायत की है। लेकिन प्रांतीय खंड ने बड़ा कारनामा करते हुए इसी रोड पर नवीनीकरण भी कर दिया है। क्योंकि2024-25 वित्तीय वर्ष 31 मार्च को खत्म होने वाली है। पैसा सरेन्डर नहीं करना पड़ जाए, इसीलिए नवीनीकरण के नाम पर भी बड़ा खेल हो रहा है रोड पर कहीं -कहीं तो सिर्फ तारकोल का लेप कर दिया है। और जगह जगह तो 1 से 2 सेंटीमीटर ही गिट्टी डाली है। विभाग में बचे हुए पैसे का बंदरबांट करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं उच्च अधिकारी अपनी आंखें बंद किए हुए हैं जिससे इनकी हिस्सेदारी इनके पास पहुंच जाती है विभाग के कर्मचारी ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया नवीनीकरण में 10 एम एम की गिट्टी प्रयोग में लाई जाती है रोड पर बड़ी मोटी परत तारकोल और गिट्टी की डाली जाती है।

यह पूरा मामला मेरी संज्ञान में नहीं है दिखवाता हूं।

**नरेंद्र कुमार यादव चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी आगरा**

इस रोड पर नवीनीकरण किया जा रहा है अगर कोई गडबड है।तो दिखवाता हूं ।

**सीपी सिंह अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी आगरा**

## विश्व क्षय रोग दिवस पर जिले की 102 ग्राम पंचायत टीब मुक्त घोषित

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में बीएसए कॉलेज के श्यामा चरण स्मृति सभागार में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 102 ग्राम पंचायत के प्रधानों को प्रशस्ति पत्र और गांधीजी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस समारोह में जनपद मथुरा की उन ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया जिन्होंने क्षय रोग (टीबी) के खिलाफ इस लड़ाई में अभूतपूर्व योगदान दिया है। जिलाधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग गांवों को स्वच्छ रखने के लिए मिलकर प्रयास करें जिससे कि टीबी या अन्य कोई भी बीमारी न फैले और सभी जनपदवासी स्वस्थ्य रहें। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे गांवों को टीबी से पूरी तरह मुक्त करना है। इसके लिए कुछ आवश्यक सूचकांक निर्धारित किए गए हैं, जैसे टीबी के नए मामलों का शून्य होना, मरीजों का पूर्ण उपचार, और समुदाय में




जागरूकता व रोकथाम के उपायों का प्रभावी कार्यान्वयन। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अरुण कुमार उपाध्याय, बीएसए कॉलेज के प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ संजीव यादव , डॉ भूदेव सिंह, डॉ रोहिताश , डॉ पारुल शर्मा, आलोक तिवारी तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**24 पंचायतों को सिल्वर, 78 ब्रॉन्ज मेडल दिया गया**

सीएमओ ने कहा कि हमें गर्व है कि इस वर्ष जनपद मथुरा में कुल 102 ग्राम पंचायतों ने इन मानकों को पूरा कर टीबी मुक्त का दर्जा हासिल किया। इनमें से 78 ग्राम पंचायतों को ब्रॉन्ज मेडल और 24 को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया जा रहा है । यह उपलब्धि पिछले वर्ष 2023 की तुलना में एक बड़ी उपलब्धि है, जब हमने 54 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया था। उन्होंने कहा कि यह सफलता आम सहभागिता के बिना संभव नहीं थी।

## सपा सांसद के घर पर हमला करने वाली करणी सेना पर कार्यवाही की मांग

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा संसद में राणा सांगा आरोप लगाते हुए दिए गए बयान के विरोध में जहां पूरे भारतवर्ष में करणी सेना, हिन्दु संगठनों के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं समाजवादी पार्टी भी अपने सांसद को बचाने में उतर आई है और जगह जगह प्रदर्शन कर करणी सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की जा रही है। इस संबंध में समाजवादी पार्टी के द्वारा जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। प्रदर्शन कर रहे सपा के नेताओ ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा संसद में मेवाड़ के राजा राणा सांगा पर दिए गए बयान के विरोध में करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने पुलिस बल की उपस्थिति में आगरा स्थित रामजीलाल सुमन के मकान पर तोड़फोड़ करते हुए मकान को ध्वस्त करने का प्रयास किया गया। वहां पर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। यही नहीं सपा सांसद के परिवार के लोगों को जान से मारने का प्रयास किया गया और जाते समय पुनरूजान से मारने की धमकी दी। जबकि श्री सुमन ने पहले ही कहा था कि उनका मकसद किसी की भावना को ठेस पहुंचाना अथवा किसी महापुरुष का अपमान करना नहीं था फिर भी लोग हिंसा पर उतारू हो गए। बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी के नेतृत्व में समाजवादियों द्वारा राजकीय छात्रावास से पैदल मार्च प्रदर्शन कर जिलाधिकारी कार्यालय पर राष्ट्रपति के नाम चार सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार को सौंपा। बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के प्रदेश सचिव होरी लाल व अम्बेडकर वाहिनी के जिला अध्यक्ष सचिन पहलवान ने संयुक्त रूप से कहा कि दोषियों के विरोध कठोर कार्यवाही नही की गई तो समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी पार्टी के निर्देश अनुसार उत्तर प्रदेश में दलित पिछड़ा अल्पसंख्यकों और महिलाओं की सुरक्षा हेतु व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस दौरान देवकीनंदन कश्यप महानगर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, जसवंत सिंह कुशवाहा उपाध्यक्ष अम्बेडकर वाहिनी, विशाल पाराशर उपाध्यक्ष छात्र सभा, मुकेश सैनी महानगर सचिव, अनिल निषाद विधानसभा अध्यक्ष, राजगब्बर महानगर सचिव, राजू सिंह, पीतम सैनी, कृष्णा सैनी आदि मौजूद रहे।

## डीआईजी ने एसडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण,अपराध नियंत्रण कानून व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

त्रिवेणीगंज । कोशी प्रक्षेत्र के डीआईजी मनोज कुमार ने शनिवार को त्रिवेणीगंज एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उनके साथ सुपौल एसपी शैशव यादव भी मौजूद थे। निरीक्षण के क्रम में डीआईजी ने कार्यालय में संधारित विभिन्न पंजियों का अवलोकन किया और लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने एसडीपीओ विपिन कुमार सहित केस के आईओ और थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिए,जिससे मामलों का शीघ्र निपटारा हो सके। डीआईजी ने इस दौरान कई अहम निर्देश दिए हैं उन्होंने अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि

बिना अनुमति डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। डीजे संचालकों की सूची तैयार की गई है और उन्हें पुलिस से अनुमति लेनी होगी। बिना पुलिस अनुमति के डीजे बजाने पर उपकरण जब्त कर लिए जाएंगे,जो वापस नहीं किए जाएंगे। युवाओं में बढ़ती नशे की लत स्मैक,कोरेक्स,नशीली दवाइयों, आदि के सेवन पर नियंत्रण के लिए विशेष रणनीति बनाई गई है। तस्करों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी,साथ ही उनकी अवैध रूप से



अर्जित संपत्ति जब्त की जाएगी। इससे प्रभावित युवाओं व परेशान अभिभावकों की मदद व्यक्तिगत और संस्थागत रूप से कैसे किया जाए इसकी रणनीति बनाई गई है इसको लेकर एनजीओ,हॉस्पिटल और बुद्धिजीवियों के सहयोग से योजना बनाकर उसे बाहर निकालने की कोशिश की जाएगी।उन्होंने यातयात नियमों की अनदेखी और शहर को जाम से निजात दिलाने के मुद्दे पर निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में ट्रैफिक थाना की स्थापना हो चुकी है और उसके लिए जमीन भी चिन्हित कर ली गई है। फिलहाल,सुपौल और पिपरा में ट्रैफिक पुलिस तैनात की गई है,और जल्द ही त्रिवेणीगंज में भी इसकी शुरुआत होगी। बढ़ते जमीनी विवाद के घटना पर लगाम लगाने के लिए उन्होंने स्पष्ट रूप कहा है कि अगर कोई व्यक्ति बिना न्यायालय के आदेश के किसी के भी वर्षों से दखल कब्जे की जमीन को जबरन कब्जाने का प्रयास करता है, तो उस पर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही।उन्होंने कहा कि ईद और रामनवमी की दोनों त्योहारों को लेकर प्रशासन सतर्क है। बिना लाइसेंस के जुलूस निकालने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं, लाइसेंसी जुलूस के आयोजकों की जिम्मेदारी होगी कि वे इसे शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संचालित करें।निरीक्षण के बाद डीआईजी मनोज कुमार ने पत्रकारों से बातचीत की और जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने आम जनता से प्रशासन को सहयोग देने की अपील की। उन्होंने निरीक्षण उपरांत फरियादियों से भी मुलाकात किए और उनके शिकायतों पर अविलंब कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## नवरात्रि में मांस-मछली की दुकानें बंद कराने हेतु विश्व हिन्दू महासंघ ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र प्रभात

**बरेली/रिठौरा**-नवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र में मांस-मछली की दुकानों को बंद रखने और शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर विश्व हिन्दू महासंघ रिठौरा टीम के पदाधिकारियो ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिलाउपाध्यक्ष मनोज कश्यप ,धर्माचार्य प्रोकोष्ठ के अध्यक्ष महंत तुलसीदास महाराज,नगर अध्यक्ष पोशाकी साहू,महामंत्री विनोद कश्यप ने थाना प्रभारी मिलकर निवेदन किया कि नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु उपवास एवं पूजन-अर्चना करते हैं। ऐसे में मांस-मछली की बिक्री की उपलब्धता धार्मिक भावनाओं को आहत कर सकती है। ज्ञापन में मांग की गई कि 30 मार्च से 7 अप्रेल तक क्षेत्र में इन दुकानों को पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। इस अवसर पर वि हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष व सभासद मनोज कश्यप ने कहा, नवरात्रि के दौरान पूरा माहौल भक्तिमय होता है। ऐसे में इस तरह की चीजों की बिक्री से आस्था प्रभावित होती है। प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। पुलिस प्रशासन ने संघठन की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com